फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 73 संख्याः 263 प्रभात जयपुर, बुधवार 26 अप्रेल , 2023 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 3.50 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



**I Have Done My Best.....!!** In the early sixties our teachers operated on all parts of the body and often stepped into the shoes of other specialties.

**Best Mountain Experiences...**

**Insights on Food, Travel & Tourism** "Indian food is misconstrued to be very spicy," stated Celebrity Chef Ranveer Brar



*पिअर डेविड्'स डिअर एकमात्र ऐसी वन्यजीव प्रजाति है जिसे विलुप्ति से सिर्फ इसलिए बचाया जा सका क्योंकि किसी ने एक वन्यजीव कानून तोड़ा था। घटना 1860 के दशक की है, तब यह हिरण, जिसे ''मिलू'' भी कहते हैं, सिर्फ एक संरक्षित क्षेत्र में मिलता था। यह था चीन के सम्राट का इम्पीरियल हंटिंग पार्क, जिसके चारों तरफ ऊंची दीवारें और कड़ा पहरा था। किसी को भी इसमें झांकने तक की अनुमति नहीं थी। पर एक फ्रैंच मिशनरी, पिअर आरमंड डेविड अपने आपको रोक नहीं सका। उसकी बड़ी इच्छा हुई कि वह एक बार अंदर झांककर देखे। प्रकृतिविदों में ऐसी तीव्र इच्छा होना स्वाभाविक बात है। अंततः उसने किसी तरह से गार्ड्स को मना लिया कि, वे बस उसे एक बार अंदर देखने दें। इस एक मौके में उसने देखा एक ऐसा हिरण, जिसके शाखाओं में विभक्त बड़े-बड़े एंटलर्स (सींग) और एक लम्बी विशिष्ट प्रकार की पूंछ थी। डेविड तुरंत पहचान गए कि, यह एक अनूठी प्रजाति है। उसके बाद शुरु हुए कूटनीतिक प्रयास, जिसके बाद कुछ हिरण यूरोपियन जंतुआलयों में भेजे गए। इसी बीच चीन का इम्पीरियल हंटिंग ग्राउण्ड भारी बाढ़ और राजनैतिक उठापटक का शिकार बन गया और वहां रहने वाले हिरण भी मारे गए, आखिरी मिलू भी मर गया। पर तब तक इन्हें यूरोप भेजा जा चुका था। फिर पिअर डेविड्'स डिअर को ब्रिटिश डिअर पार्क, वोबर्न एबी में बसाया गया, जहां वे फले-फूले। अब इन्हें फिर से चीन भेजा गया है। विशाल आकार के ये दुर्लभ एशियन डिअर जंगल से लुप्त हो गए थे, लेकिन हाल ही में कुछ जगहों पर इनका पुनर्वास किया गया है। गर्मी में इनका फर ललाई लिए हुए भूरे रंग का होता है, जो सर्दी में सलेटी हो जाता है। गर्दन पर अयाल, रीढ़ की हड्डी पर काली पट्टी इनकी विशिष्टता है। कई शाखाओं में विभक्त इनके एंटलर्स साल में दो बार झड़ते हैं फिर नए उगते हैं। ये हिरण बड़े समूह में रहते हैं लेकिन प्रजनन काल में नर हिरण समूह को छोड़ देते हैं, लेकिन मादा वर्ष भर समूह में रहती है। तैरने में माहिर ये हिरण अपना काफी समय पानी में गुजारते हैं। जलीय पौधे और घास इनका प्रिय भोजन हैं। प्रजननकाल में नर एक से ज्यादा मादाओं से जोड़ा बनाता है। जब कोई नर किसी मादा समूह में शामिल होता है तो उसे दूसरे नरों से मादाओं की सुरक्षा करनी पड़ती है। वर्तमान में आई.यू.सी.एन. की रैड लिस्ट में इसे ''वन क्षेत्र से लुप्त'' जीवों के वर्ग में रखा है।*

# रणनीतिज्ञों द्वारा निर्धारित ''थीम'' से जरा भी डिग नहीं रहे कांग्रेस नेता

## प्रियंका गांधी ने भी ''वोकल फॉर लोकल'', इस मूल मंत्र को पूर्णतया अपनाया, कर्नाटक की यात्रा के दौरान

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 25 अप्रैल। यदा-कदा भटकने-बहकने के बावजूद, भाजपा के आरोपों का जवाब देने के लिए, कांग्रेस तथा इसके स्टार प्रचारक रणनीतिकारों द्वारा तैयार किये विषयों और बिन्दुओं पर ही टिके हुए हैं तथा 10 मई के कर्नाटक विधानसभा चुनावों के लिये स्थानीय मुद्दों पर फोकस कर रहे हैं और चुनाव-प्रचार को उन्हीं मुद्दों तक सीमित किया हुआ है।

ए.आई.सी.सी. महासचिव प्रियंका गांधी, जो कर्नाटक के दो दिन के चुनावी दौरे पर हैं, ने बसवराज बोम्मई सरकार पर जोरदार प्रहार करते हुये, उसे 40 प्रतिशत कमीशन सरकार बताया। इस पर वहाँ उपस्थित भारी भीड़ ने बड़ी उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया व्यक्त की। प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया कि, कर्नाटक के भाजपा शासन में भ्रष्टाचार अनियंत्रित स्थिति में पहुँच गया है। उन्होंने भाजपा नेताओं पर, राज्य के 1.5 लाख करोड़ रू. लूटने का आरोप लगाया।

मैसूर जिले में एक चुनावी सभा में बोलते हुये, प्रियंका गांधी राज्य के स्थानीय स्तर के मुद्दों से जरा भी इधर-उधर नहीं हुईं, जिनके कारण कांग्रेस को

- **प्रियंका गांधी ने बोम्मई की 40 प्रतिशत सरकार पर राज्य से 1.5 लाख करोड़ रू. लूटने का आरोप लगाया।**
- **इस संदर्भ में उन्होंने ठेकेदार द्वारा, कमीशन देने की स्थिति में न होने के कारण आत्महत्या करने की घटना को विस्तार से दोहराया तथा ठेकेदार यूनियन द्वारा इस घटना के संबंध में प्र.मंत्री को लिखे पत्र को भी भ्रष्टाचार के सबूत के रूप में पेश किया।**
- **लोकल भावनाएं उभारने की दृष्टि से उन्होंने वादा भी किया कि, कांग्रेस सरकार कर्नाटक के लोकल मिल्क ब्राण्ड नन्दिनी को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करेगी तथा किसी अन्य राज्य के मिल्क ब्राण्ड को कर्नाटक में पैर नहीं पसारने देगी।**
- **उन्होंने एक भाजपा विधायक पुत्र के घर से पांच करोड़ रूपये की अघोषित राशि प्राप्त होने को भी सरकार के भ्रष्टाचार के सबूत के रूप में पेश किया।**

बहुत समर्थन मिल रहा है। ज्ञातव्य है कि, इन मुद्दों के चलते, कांग्रेस के प्रति लोगों का झुकाव बहुत बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा, ''सर्वाधिक दुखद बात है कि, राज्य में जो 40 प्रतिशत कमीशन सरकार है उसने आपको लूटा है। बिना किसी शर्म के उसने आपको लूटा।''

बोम्मई सरकार के विभिन्न घोटालों को गिनाते हुये, उन्होंने एक ठेकेदार द्वारा की गई आत्महत्या के प्रकरण पर विशेष जोर दिया, जिसने कमीशन नहीं दे पाने के कारण आत्महत्या की थी। प्रियंका गांधी ने कहा कि, कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन द्वारा लगाये गये आरोपों पर प्रधानमंत्री ने कुछ भी नहीं किया। प्रियंका ने कहा, ''कोई कार्यवाही नहीं हुई, क्योंकि इसमें लिप्त लोगों में से बहुत से लोग भाजपा से जुड़े हुये थे।'' प्रियंका गांधी ने इसी शृंखला में एक और घटना का जिक्र किया, जिसमें एक विधायक के परिसर से दो नम्बर का अनाप-शनाप पैसा जब्त किया गया था और यह घटना खूब चर्चित रही तथा टी.वी. समाचारों में छाई रही थी।

उन्होंने कहा कि, ''आपने एक विधायक के पुत्र से 8 करोड़ रूपए ज़ब्त किए जाने के बारे में पढ़ा होगा। जाँच करवाने के बजाए विधायक ने एक जुलूस निकाल दिया।'' यह विश्वास व्यक्त करते हुए कि, कांग्रेस एक स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है, प्रियंका ने कहा कि, सिर्फ कांग्रेस ही राज्य को प्रगति के पथ पर ले जा सकती है।

नन्दिनी ब्रान्ड को लेकर लोगों की भावनाओं को भुनाते हुए उन्होंने कहा कि, कांग्रेस कर्नाटक के नन्दिनी ब्रान्ड को मजबूत करेगी। ज्ञातव्य है कि, इस मुद्दे ने राज्य में बहुत जोर पकड़ लिया है। प्रियंका ने कहा कि, अमूल जैसे अन्य ब्रैण्ड्स से मिलने वाली किसी भी चुनौती से कांग्रेस नन्दिनी को बचाएगी। कोई भी कोऑपरेटिव राज्य से बाहर का नहीं होगा।

( शेष पृष्ठ 7 पर )

क्या आपको कम सुनाई देता है।
कान की मशीनें
स्पीच थैरेपी
फ्री सुनाई की जाँच
TRIAL OF HEARING AID
CALL FOR APPOINTMENT
+91 94602 07080
PERFECT SPEECH AND HEARING SOLUTIONS
Tonk Road, JAIPUR | Vaishali Nagar, JAIPUR
www.perfecthearingsolutions.com

# क्या आनंद मोहन सिंह को रिहा करवा कर नीतीश राजपूत वोट पकड़ पायेंगे?

## मु.मंत्री नीतीश कुमार ने 2021 में आनंद मोहन को रिहा करने से इन्कार कर दिया था

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 25 अप्रेल। भाजपा को उसी के खेल में मात देने के लिए नीतीश कुमार सरकार ने गैंगस्टर पॉलिटीशियन आनंद मोहन सिंह की जेल से स्थायी रिहाई के आदेश दिए हैं। आनंद मोहन सिंह, गोपालगंज के जिला मजिस्ट्रेट जी. कृष्णैया को हत्या के लिए उकसाने के जुर्म में जेल की सजा काट रहे थे। जस्टिस कृष्णैया की वर्ष 1994 में हत्या हुई थी। सोमवार को अपने पुत्र की पटना में हुई शादी में शरीक होने के लिए आनंद मोहन जमानत पर जेल से बाहर आए थे कि, उन्हें यह समाचार मिला कि, उन्हें स्थायी रूप से रिहा कर दिया गया है। यह इसलिए संभव हो सका क्योंकि

- **उस समय नीतीश भाजपा के साथ गठबंधन में थे, अतः उन्हें सवर्ण वोटों की चिंता नहीं थी।**
- **पर, अब भाजपा से गठबंधन तोड़ कर नीतीश के लिये राजपूत वोटों को पकड़ना जरूरी हो गया है। अतः आनंद मोहन को जेल से रिहा करवाकर नीतीश ने इस दिशा में पहला कदम उठाया है।**

नीतीश कुमार सरकार ने इस माह के शुरु में, वर्ष 2012 की जेल नियमावली में संशोधन कर इसके नियम 481 में बदलाव किया था। इस नियम के तहत आजीवन सजा प्राप्त कैदियों को ''अच्छे व्यवहार'' के आधार पर रिहा करना प्रतिबंधित था।

इस उपनियम के हटने के बाद, अपनी रॉबिनहुड इमेज के लिए जाने जाने वाले आनंद मोहन को, 27 अन्य कैदियों के साथ रिहा कर दिया गया है। इस निर्णय का राजनीतिक मैसेज बहुत स्पष्ट है। नीतीश कुमार सरकार ने मार्च 2021 में आनंद मोहन की सजा अवधि समाप्त करने की मांग को खारिज कर

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# 'दिव्यांगों को आरक्षण क्यों नहीं?'

जयपुर, 25 अप्रैल (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने विशेष शिक्षक भर्ती-2022 में दिव्यांग अभ्यर्थियों को तय अनुपात में आरक्षण नहीं देने पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। अदालत ने प्रमुख शिक्षा सचिव और शिक्षा निदेशक सहित राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड से पूछा है कि, कानूनी प्रावधान होने के बावजूद दिव्यांगों को पदों से वंचित कैसे रखा जा रहा है। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश चन्द्रमणि व

- **हाई कोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा**

अन्य की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को बताया कि, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने सामान्य और विशेष शिक्षा के अध्यापकों के 21 हजार पदों के लिए 16 फरवरी, 2022 को भर्ती विज्ञापन जारी किया। इसमें विशेष शिक्षक लेवल वन के 491 पदों के लिए भी आवेदन

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# मुसलमानों का आरक्षण खत्म करके चुनाव को हिन्दू बनाम मुस्लिम बनाने में सफल होगी भाजपा?

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 25 अप्रेल। कर्नाटक विधानसभा चुनाव की तिथि, 10 मई, नजदीक आने के साथ ही भाजपा ने अपने चुनावी ध्रुवीकरण के हथियार - आरक्षण, को पैना करना शुरू कर दिया है, या यूं कहिए कि मुसलमानों के 4 प्रतिशत आरक्षण को समाप्त करने के अपने सरकार के निर्णय को हथियार बनाया है। इस निर्णय को फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में चुनौती मिली हुई है।

लेकिन मुसलमानों के आरक्षण को समाप्त कर उसे राज्य के दो सशक्त समुदायों, लिंगायत और वोकलिग को देने के कर्नाटक सरकार के निर्णय ने उसके चुनाव अभियान के हिन्दू-मुस्लिम एंगल पर फोकस बढ़ा दिया है, जो कि, विधानसभा चुनावों के लिए उसकी रणनीति का एक अंग है।

कांग्रेस, जो कि बहुत सोच विचार कर ऐसा कुछ भी करने से कतरा रही

- **इस विवाद से बचने का भरपूर प्रयास किया कांग्रेस ने, पर सफलता शायद नहीं मिल पायेगी।**

थी, जिससे हिन्दू-मुस्लिम जैसे मुद्दे भड़कें, को आखिरकार इस पर प्रतिक्रिया देनी पड़ी और यह वादा करना पड़ा कि, यदि वह सत्ता में आई तो मुसलमानों के आरक्षण को बहाल कर देगी।

पूर्व मुख्यमंत्री एस. सिद्धारमैया ने जब यह घोषणा की कि ''हम ना केवल अल्पसंख्यकों के आरक्षण को बहाल करेंगे, बल्कि लिंगायतों और वोकालिगों का भी ध्यान रखेंगे'', तो अपने आप ही यह एक बड़ा मुद्दा बन गया। भाजपा ने भी जोरदार तरीके से कांग्रेस को घेरने के लिए, उसे हिन्दू-विरोधी एवं लिंगायत विरोधी बताया। संयोगवश, भाजपा यह जता रही है कि, कांग्रेस ने सशक्त लिंगायत समुदाय का अपमान किया है।

चुनाव प्रचार के दौरान केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि, यदि कांग्रेस सत्ता में आ गई तो अल्पसंख्यकों का बड़े पैमाने पर तुष्टिकरण किया जाएगा। उन्होंने मंगलवार को कहा कि, बोम्मई सरकार ने मुस्लिमों को मिले हुए एक असंवैधानिक आरक्षण को रद्द किया है, और कांग्रेस उसे बहाल करने की धमकी दे रही है। उन्होंने जनता से अनुरोध किया कि, जब वे 10 मई को वोट डालने जाएं तब इस बात को ध्यान में रखें कि यदि कांग्रेस सत्ता में आ गई तो भारी भ्रष्टाचार एवं तुष्टीकरण होगा।

कर्नाटक सरकार ने 27 मार्च को एक आदेश जारी करके मुसलमानों को दिया जा रहा 4 प्रतिशत आरक्षण समाप्त कर दिया था तथा इसे कर्नाटक के दो ताकतवर समुदायों, लिंगायत एवं वोकलिग में बराबर-बराबर बांट दिया

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# कोर्ट में पेश हुईं ग्रेटर निगम मेयर सौम्या गुर्जर

जयपुर, 25 अप्रैल (का.सं.)। ग्रेटर नगर निगम के तत्कालीन आयुक्त यज्ञिमत्र देव सिंह के साथ अभद्रता के मामले में मंगलवार को मेयर सौम्या गुर्जर निचली अदालत में पेश हुईं। सौम्या की ओर से एसीएमएम कोर्ट क्रम-8 में पेश होकर जमानत-मुचलके भरे गए।

गौरतलब है कि, ग्रेटर निगम के तत्कालीन आयुक्त यज्ञिमत्र देव सिंह ने ज्योति नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी की बैठक के दौरान मेयर सौम्या गुर्जर ने उसके साथ अभद्रता की थी और पार्षदों ने धक्का-मुक्की और मारपीट भी की। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मेयर सहित चार पार्षदों अजय सिंह,

- **गौरतलब है कि, ग्रेटर निगम के तत्कालीन आयुक्त यज्ञमित्र देव सिंह ने ज्योति नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि, बैठक के दौरान मेयर सौम्या गुर्जर ने उसके साथ अभद्रता की और पार्षदों ने धक्का-मुक्की और मारपीट की।**

चौहान, पारस जैन, शंकर शर्मा और रामकिशोर प्रजापत के खिलाफ तीस जून, 2021 को आरोप पत्र पेश किया था। जिस पर सुनवाई करते हुए निचली अदालत ने सौम्या गुर्जर का आरोप मुक्त कर दिया था।

कोर्ट के इस आदेश को यज्ञिमज्ञ और राज्य सरकार ने रिवीजन याचिका पेश कर चुनौती दी थी।

जिस पर सुनवाई करते हुए एडीजे कोर्ट ने सौम्या को आरोप मुक्त करने के निचली अदालत के आदेश को निरस्त करते हुए निचली अदालत को पुनः सुनवाई के आदेश दिए थे।

# कुछ हिचकिचाहट के बाद अखिलेश व के.सी.आर. कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल होने को तैयार हुए

## नीतीश कुमार के प्रयासों से विपक्ष की एकता का स्वप्न पूरा होता नजर आने लगा है

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 25 अप्रैल। 2024 के आम चुनावों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा का सामना करने के लिये एक संगठित मोर्चा बनाने के विपक्षी एकता के प्रोजैक्ट को उस समय और गति मिल गई, जब उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव ने यूनाइटेड फ्रंट, जिसमें कांग्रेस भी शामिल है, का हिस्सा बनने के लिये अपनी रजामंदी दे दी।

लखनऊ में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ हुई मीटिंग के बाद, जहाँ अखिलेश यादव ने कहा कि ''लोकतंत्र, संविधान तथा देश'' को बचाने के लिये, विपक्ष मिलकर भाजपा को सत्ता से बेदखल करेगा, वहीं तेलंगाना के मुख्यमंत्री के नज़दीकी सूत्रों ने कहा कि, के.सी.आर. कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन में

- **तेलंगाना के मु.मंत्री के.सी.आर. को वैसे अभी भी राहुल गांधी को इस गठबंधन का नेता होना नहीं जंच रहा।**
- **वे नीतीश कुमार व ममता बनर्जी को ज्यादा उपयुक्त मानते हैं, क्योंकि, ये दोनों के.सी.आर. की दृष्टि से कुशल प्रशासक होने के ठोस प्रमाण दे चुके हैं, अपने-अपने राज्य का मु. मंत्री पद संभालने के बाद। जबकि, वे (के.सी.आर.) मानते हैं कि, राहुल ने प्रशासनिक योग्यता का कोई सबूत अभी तक नहीं दिया है।**
- **के.सी.आर. इस बात से भी सहमत नहीं कि, अडानी के घोटालों को मुख्य मुद्दा बनाकर चुनाव लड़ना चाहिए। के.सी.आर. के अनुसार कई मुद्दों में से अडानी का इशू एक मुद्दा हो सकता है।**
- **बहरहाल, कर्नाटक, मध्य प्रदेश व राजस्थान के विधानसभा चुनाव के बाद, सीरियस सीटों की व मुद्दों की सौदेबाजी शुरू होगी।**

शामिल होने के विचार के लिए तैयार हैं, तथा यह बात बिल्कुल अलग है कि, राहुल गांधी के विपक्षी गठबंधन का चेहरा बनने पर उन्हें अब भी आपत्ति है। शीर्षस्थ सूत्रों ने कहा कि, भारत राष्ट्र नीति (बी.आर.एस.), जिसने 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले गैर-भाजपा तथा गैर-कांग्रेस ''फैडरल फ्रंट'' के अभियान का नेतृत्व किया था, अब कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन में शामिल होने के विचार के समर्थन में है।

सूत्रों ने कहा कि, अपनी स्वयं की राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं के बावजूद, के. चन्द्रशेखर राव या के.सी.आर. के नेतृत्व वाली पार्टी और अधिक ''समायोजनपूर्ण रूख'' के लिये तैयार है। के.सी.आर. के रूख में यह परिवर्तन, यह महसूस करने के बाद आया है कि, मोदी सरकार, अपनी एजेन्सियों को काम में लेकर, प्रत्येक क्षेत्रीय नेता को नेस्तनाबूद करने में लगी है तथा बी.आर.एस. भी इसका अपवाद नहीं है।

के.सी.आर. की पुत्री तथा पूर्व सांसद के. कविता, दिल्ली शराब नीति केस में एन्फोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) की जाँच कर सामना कर रही हैं।

पार्टी ने जब से अपना नाम टी.आर.एस. (तेलंगाना राष्ट्र समिति) से बदलकर बी.आर.एस. किया है, उसके बाद से यह विभिन्न राज्यों (नवीनतम राज्य महाराष्ट्र) में विभिन्न सभाएं तथा राजनैतिक कार्यक्रम आयोजित कर रही है, लेकिन साथ ही अपने गृह राज्य तेलंगाना में कांग्रेस के साथ इसका कटु संघर्ष जारी है

बी.आर.एस. के सूत्रों ने कहा कि, पार्टी चाहती है कि, कांग्रेस इस बात को समझे कि उसकी राष्ट्रीय ताकत कम होती जा रही है तथा चुनाव-पूर्व गठबंधन के लिए क्षेत्रीय दलों के साथ बातचीत करे।

के.सी.आर. के एक नज़दीकी पार्टी के एक नेता ने कहा, ''हम केवल यह कह रहे है कि, कांग्रेस जहाँ महबूत है, वहाँ उसे उसका उचित

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# मादक पदार्थ तस्करी

जयपुर, 25 अप्रैल (का.सं.)। एन.डी.पी.एस. मामलों की विशेष अदालत ने मादक पदार्थ तस्करी करने वाले अभियुक्त बजरंग लाल को 12 साल और अभियुक्त अहसान खान को छह साल की सजा सुनाई है। इसके साथ

- **अदालत ने अभियुक्त बजरंग लाल को 12 साल और अभियुक्त अहसान खान को छह साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने दोनों अभियुक्तों पर दो लाख रूपए का जुर्माना भी लगाया है।**

ही अदालत ने दोनों अभियुक्तों पर दो लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि, मौजूदा समय में अवैध मादक पदार्थों के मामलों में काफी बढोतरी हुई

( शेष पृष्ठ 7 पर )

## विचार बिन्दु

निरन्तर बदलने की इच्छा रखना एक ताकत होती है, चाहे इसकी वजह से कंपनी का एक बड़ा हिस्सा कुछ देर के लिए पूरी तरह से अव्यवस्थित क्यों ना हो जाए। –जैक वेल्च

# प्लास्टिक उपयोगी, किन्तु उसका कचरा गंभीर समस्या बना

प्लास्टिक का लगभग एक सदी पहले आविष्कार हुआ। उसके बाद से, प्लास्टिक हमारे जीवन के हर पहलू में प्रवेश करता चला गया है। इस टिकाऊ, हल्के वजन वाले अत्यंत बहुमुखी पदार्थ के साथ के बिना कुछ मिनट भी चलना हमारे लिये आज मुश्किल है। पश्चिम में विज्ञान के एक विद्यार्थी ने पिछले दिनों एक अनोखा प्रयोग किया। उसने तय किया कि वह 24 घंटे तक पूरी तरह से प्लास्टिक के बिना रहने की कोशिश करेगा और प्लास्टिक की बनी किसी भी चीज को वह नहीं छूएगा। वह विद्यार्थी यह देखने और जानने का प्रयास कर रहा था कि हम प्लास्टिक के किस सामान के बिना बिल्कुल भी नहीं रह सकते हैं, और प्लास्टिक की वे कौन सी चीजें हैं जिन्हें हम छोड़ सकते हैं! सभी सामान्य लोगों की तरह वह भी रोजाना सुबह उठने के तुरंत बाद अपना स्मार्टफोन चेक करता था, संदेशे देखता था। अपने लिये नियत प्लास्टिक-विहीन दिन के लिए उसने अपना सेलफोन पहले ही अलमारी में रख दिया क्योंकि सेलफोन हाथ में कैसे ले? उसके व्रत में यह संभव नहीं था क्योंकि एल्यूमीनियम, लोहे, लिथियम, और तांबे के अलावा प्रत्येक स्मार्टफोन में प्लास्टिक भी होता है। उसने अपने आप को बहुत हल्का पाया। हालांकि फोन तक उसकी पहुंच न होने से वह शुरू में थोड़ा अस्त-व्यस्त जरूर हुआ। लेकिन साथ ही उसने अपने आप को खुला हुआ या बंधन मुक्त भी महसूस किया। प्लास्टिक स्पर्श-विहीन दिन की सुबह उठ कर वह बाथरूम की तरफ जाने लगा मगर उसके अंदर जाने से पहले उसे रुकना पड़ा। बाथरूम का दरवाजा ही प्लास्टिक का बना था। वह अपने नियमित टूथपेस्ट, टूथब्रश और तरल साबुन का उपयोग भी नहीं कर सकता था, जो सभी प्लास्टिक के पैक में थे या प्लास्टिक से बने थे। इस प्रकार उसने अगले 24 घंटों में पाया कि प्लास्टिक से पूरी दूरी बनाये रखना आज के इंसान के लिये नामुमकिन है।

यह बिल्कुल स्पष्ट है कि प्लास्टिक ने हमारे लिये हजारों आधुनिक सुविधाओं को संभव बनाया है और उनके बिना हमारा गुजारा नहीं हो सकता। लेकिन इसके अनेक नुकसान भी हैं, खासकर पर्यावरण के लिए, यह भी सब जानते हैं। प्लास्टिक का उपयोग समस्या नहीं है। हम प्लास्टिक का उपयोग तो जीवन के हर क्षेत्र में करते हैं किन्तु उसके कचरे से निबटना हमारे लिये मुश्किल होता जा रहा है। इसका कारण है प्लास्टिक का प्राकृतिक रूप से नष्ट न होना। जिस प्रकार अन्य चीजें मिट्टी में मिल जाती है उस प्रकार प्लास्टिक नष्ट नहीं होता। प्लास्टिक के परमाणुओं के बीच बंधन इतना मजबूत होता है कि उसे खत्म करना मुश्किल होता है। अगर नष्ट करने के लिए इसे जलाया जाता है तो उससे अत्यंत हानिकारक विषैले रसायनों का उत्सर्जन होता है। उसे ज़मीन में गाड़ दिया जाय तो हजारों साल दबा रह कर भी वह विखंडित नहीं होगा। अधिक से अधिक धरती के ताप से वह छोटे-छोटे कणों में टूट जाएगा किन्तु पूर्ण रूप से नष्ट नहीं होगा। अगर उसके कचरे को समुद्र में डाल दिया जाय तो वह वहां भी समय के साथ छोटे-छोटे टुकड़ों में खंडित होकर उसके पानी को प्रदूषित करता रहेगा और समुद्री जीवों को नुकसान पहुंचाता रहेगा। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में हर साल लगभग 400 मिलियन मीट्रिक टन प्लास्टिक का कचरा पैदा होता है। अंदर फोम वाले टेकआउट कंटेनर, पेन, कप, अमेज़ॅन पैकेज और निश्चित रूप से कैरी-बैग का हम भरपूर उपयोग करते हैं। दुनिया में प्लास्टिक से बनने वाले सामानों में से लगभग आधे सिर्फ एक बार प्रयोग करने के बाद फेंक दिये जाते हैं। इसे हम यूज़ एण्ड थ्रो कहते है। रिपोर्ट में कहा गया है कि, हम एक बार इस्तेमाल होने वाले प्लास्टिक उत्पादों के जबरदस्त आदी हो गए हैं। मगर अब इसके गंभीर पर्यावरणीय, सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी परिणाम सामने आ रहे हैं। बेशक, प्लास्टिक के बिना जीवन की कल्पना करना पूरी तरह एक बेतुका विचार है। इसके दोषों के बावजूद, चिकित्सा उपकरणों और हेलमेटों में उसका उपयोग नकारा नहीं जा सकता जिसका वह एक महत्वपूर्ण घटक होता है। कई मामलों में प्लास्टिक पर्यावरण की मदद भी कर सकता है। जैसे प्लास्टिक के हवाई जहाज के पुर्जे धातु की तुलना में हल्के होते हैं, जिसका अर्थ है कम ईंधन की खपत और कम कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन। इसी प्रकार सौर पैनलों और पवन टर्बाइनों में प्लास्टिक के पुर्जे होते हैं। देखा जाय तो दुनिया प्लास्टिक के सामान से भरी पड़ी है, विशेष रूप से डिस्पोजेबल – काम में लेकर फैंक देने वाली वस्तुओं से। पृथ्वी नीति संस्थान का अनुमान है कि लोग हर साल एक ट्रिलियन सिंगल-यूज प्लास्टिक बैग का उपयोग करते हैं।

**नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एनवायर्नमेंटल हेल्थ साइंसेज के अनुसार, कुछ प्लास्टिक एडिटिव्स - जैसे कि बीपीए और फाथेलेट्स - मनुष्यों में अंतःस्त्रावी तंत्र को बाधित कर सकते हैं। मानव शरीर पर इसके चिंताजनक प्रभावों में व्यवहार संबंधी समस्याओं के अलावा पुरुषों में टेस्टोस्टेरोन का स्तर कम हो जाने और महिलाओं में थायरॉयड हार्मोन का स्तर कम हो जाने तथा समय से पहले बच्चे का जन्म भी शामिल हैं।**

पिछली सदी के नौवें दशक में प्लास्टिक उद्योग में एक कैच लाइन चलती थी प्लास्टिक इसे संभव बनाते हैं जो आज भी सच लगती है। प्लास्टिक ने हमारी दुनिया में कब प्रवेश किया, इस पर कुछ बहस है। कई लोग इसका आविष्कार 1855 में बताते हैं जब एक ब्रिटिश धातु विज्ञानी अलेक्जेंडर पार्क्स ने कपड़े के लिए जलरोधक कोटिंग के रूप में थर्मोप्लास्टिक सामग्री का पेटेंट कराया था। उसने नये पदार्थ को 'पार्केसिन' कहा। अगले दशकों में, दुनिया भर में प्रयोगशालाओं ने उसके अनेक रूप और प्रकार विकसित कर दिये। मगर सभी का रसायन शास्त्र समान था। वे सभी परमाणुओं की बहुलक श्रृंखलाएं हैं, और वे अधिकांश पेट्रोलियम या प्राकृतिक गैस से बने होते हैं। उनमें मिलाये जाने वाले रसायनों के कारण प्लास्टिक अन्यों से बेतहाशा भिन्न होते हैं। वे अपारदर्शी, पारदर्शी, झागदार या कठोर, खिंचाव वाले या भंगुरशील भी हो सकते हैं। उन्हें पॉलिएस्टर और स्टायरोफोम सहित कई नामों से जाना जाता है, और पीवीसी और पीईटी जैसी आशुलिपि से भी। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान प्लास्टिक निर्माण में तेजी आई क्योंकि वह युद्ध के प्रयासों के लिए महत्वपूर्ण था। उसने नायलॉन के पैराशूट, प्लेक्सीग्लास, विमान की खिडकियां जैसी सुविधाएं दी। युद्ध के बाद प्लास्टिक के उत्पादन में और बड़ा उछाल आया। प्लास्टिक फॉर्मिका काउंटर, रेफ्रिजरेटर लाइनर्स, कार के पुर्जे, कपड़े, जूते आदि। वह उत्पाद जिसे कुछ समय के लिए इस्तेमाल करने के वास्ते डिज़ाइन किया गया था, सभी प्रकार की चीजों में चला गया। हालत ने करवट तब ली जब प्लास्टिक सिंगल-यूज सामान में उपयोग में लिया जाने लगा और प्रीफ़ैब कूड़े के ढेर लगने लगे। यहीं से हम मुश्किल में पड़ने शुरू हुए। स्ट्रॉ, कप, बैग और अन्य उत्पादों के कचरे ने पर्यावरण के लिए विनाशकारी परिणाम पैदा किए हैं। हम अपने शहरों में पाते हैं कि सड़कों पर बिखरा अधिकांश कचरा प्लास्टिक का ही होता। खास कर प्लास्टिक की थैलियां। उधर प्यू चैरिटेबल ट्रस्टों के एक अध्ययन के अनुसार, हर साल 11 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक प्लास्टिक महासागरों में प्रवेश करता है, पानी में रिसता है, खाद्य श्रृंखला को बाधित करता है और समुद्री जीवन का दम घोंटता है।

ऑर्गनाइजेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट के अनुसार प्लास्टिक कचरे का लगभग पांचवां हिस्सा जल जाता है और हवा में कार्बनडाईआक्साइड छोड़ता है। यह संगठन यह भी रिपोर्ट करता है कि केवल नौ प्रतिशत प्लास्टिक का पुनर्नवीनीकरण किया जाता है। प्लास्टिक को रिसाइकल करना किफायती नहीं हैं, और जब रिसाइकल किया जाता हैं तो उसकी गुणवत्ता खराब हो जाती है। प्लास्टिक हमारे स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचा सकता है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एनवायर्नमेंटल हेल्थ साइंसेज के अनुसार, कुछ प्लास्टिक एडिटिव्स – जैसे कि बीपीए और फाथेलेट्स – मनुष्यों में अंतःस्त्रावी तंत्र को बाधित कर सकते हैं। मानव शरीर पर इसके चिंताजनक प्रभावों में व्यवहार संबंधी समस्याओं के अलावा पुरुषों में टेस्टोस्टेरोन का स्तर कम हो जाने और महिलाओं में थायरॉयड हार्मोन का स्तर कम हो जाने तथा समय से पहले बच्चे का जन्म भी शामिल हैं। माइक्रोप्लास्टिक, उपभोक्ता उत्पादों और औद्योगिक कचरे के निपटाने और उसे तोड़ने के परिणामस्वरूप हमारे वातावरण में प्लास्टिक के बेहद छोटे-छोटे टुकड़े या कण हर जगह फैले हुए हैं। हम जो पानी पीते हैं, जिस हवा में हम सांस लेते हैं, और महासागरों में हर कहीं प्लास्टिक के कण विद्यमान होते हैं। वे अन्य चीजों के अलावा, खराब प्लास्टिक कूड़े से आते हैं।

प्लास्टिक की इस समस्या का समाधान पूरी तरह से उपभोक्ताओं के कंधों पर नहीं डाला जा सकता है। हमें इस पर सभी मोर्चों पर काम करने की जरूरत है। समझदार लोगों का कहना है कि इस समस्या पर समग्रता से ध्यान देने की जरूरत है। प्लास्टिक समस्या भी है और उपयोगी भी है। यह प्रगति की समस्या भी है। प्लास्टिक से दुश्मनी की बात नहीं है। दुश्मनी उसके एकल उपयोग से हो तो बेहतर है। किसी चीज को एक बार इस्तेमाल करके फेंक देने की संस्कृति की बात है। इसीलिए दुनिया भर में ऐसे प्लास्टिक के उपयोग को कम से कम करने की कोशिश की जा रही है जो दोबारा इस्तेमाल में न आ सके। केंद्र सरकार ने एकबारीय उपयोग वाले प्लास्टिक पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया हुआ है। मगर हम अपने चारों तरफ उसका कोई असर नहीं देख रहे हैं। राज्य सरकार को सबसे अधिक आमदनी शराब की बिक्री से मिलने वाले आबकारी वाले कर से होती है। संविधान के निर्देश के अनुरूप तो सरकार को शराब को बंद करना चाहिए मगर ऐसा नहीं होता। अब सरकार शराब को प्लास्टिक की बोतलों व पाउच में पैक करने की भी अनुमति देने लागी है। ऐसा करके वह प्लास्टिक के कचरे में ही इजाफा करती है बल्कि नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए संविधान के दिशानिर्देशों की भी अनदेखी करती है।

**– अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# एनकाउन्टर इतना तो बुरा नहीं है



प्रो. कैलाश सोडाणी

आज कल देश में घटित घटनाक्रम पर चर्चा के दौरान मेरे एक मित्र ने एक सटीक दृष्टान्त सुनाया। महाभारत का युद्ध समाप्त हो चुका था। द्वापर का सबसे महान योद्धा भीष्म पितामह शरशय्या पर अपने जीवन की अंतिम रात्रि व्यतीत करते हुए सूर्य के उत्तरायण की प्रतीक्षा कर रहा था। संभवतया धरा छोड़ने से पहले उनके मन में इस युद्ध को लेकर जो कुछ भ्रम एवं प्रश्न थे उन्हें दूर करने के लिए अंतिम समय में श्री कृष्ण से संवाद आवश्यक समझ रहे थे। सौभाग्य से उसी समय श्री कृष्ण का आगमन होता है और वो भीष्म पितामह को प्रणाम करते हैं।

भीष्म बोले– एक बात बताओ कन्हैया। इस युद्ध में जो कुछ हुआ, क्या वह ठीक था? कौरवों के कृत्यों पर चर्चा करने का तो अब कोई अर्थ नहीं है। परन्तु क्या पांडवों की ओर से जो हुआ वह सही था? जैसे आचार्य द्रोण का वध, दुर्योधन की जंघा के नीचे प्रहार, दु:शासन की छाती का चीरा जाना, निहत्थे कर्ण का वध, क्या यह सब उचित एवं नैतिक था ?

श्री कृष्ण ने कहा– कुछ भी अनुचित एवं अनैतिक नहीं हुआ है पितामह। वही हुआ जो होना चाहिए था। जब क्रूर और अनैतिक शक्तियां सत्य और धर्म का समूल नाश करने के लिए आगे बढ़ती हैं तो नैतिकता अर्थहीन हो जाती है पितामह। तब महत्वपूर्ण होती है विजय, केवल विजय। कंस, जरासंध, दुर्योधन, दु:शासन, शकुनी जैसे घोर पापियों की समाप्ति के लिए हर छल उचित है। पाप का अंत आवश्यक है, वह चाहे जिस विधि से किया जावे। नि:सन्देह इतिहास से शिक्षा ली जानी चाहिए पितामह। परन्तु निर्णय वर्तमान परिस्थितियों के आधार पर ही लेना चाहिए तभी विजय को सुनिश्चित किया जा सकता है। पापियों के सामने नैतिकता का पाठ करना आत्मघाती होता है।

मैं किस विषय पर क्या कहना चाहता हूँ आप समझ चुके हैं। आजकल प्रजातंत्र के तथाकथित शुभचिन्तकों एवं लुटियंस के पाँच सितारा वातावरण में कलम चलाने वाले पत्रकार बन्धुओं को कुछ अच्छा नहीं लग रहा है। पिछले तीस वर्षों से अतीक के आतंक पर जिनकी कलम नहीं चली, प्रजातंत्र के प्रखर प्रवक्ताओं ने कभी आवाज उठाने की जहमत नहीं उठाई। आज उन सभी के घरों में मातम छाया हुआ है। इस प्रकार की मौत पर आँसू बहा रहे हैं। पुलिस और सरकार को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। अब तक उत्तर प्रदेश का आम नागरिक इन माफियाओं के आतंक, अत्याचार एवं अपमान के साये में जीने के लिए मजबूर था। आतंक की पराकाष्टा देखिये कि लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में मतदान गुप्त होते हुए भी माफिया ब्रदर्स विधानसभा एवं लोकसभा में पहुँच जाते थे। न्यायाधीश भी जिनके मुकदमों की सुनवाई के लिए मना करते रहे हैं। बेचारे गवाहों की तो कोई औकात ही नहीं है। जेल फाइव स्टार सुविधाओं के साथ इनका दूसरा सुरक्षित सरकारी आवास है। आई.ए.एस. एवं आई.पी.एस. अधिकारी माफियाओं के ड्राइंगरूम में बैठकर चाय पीने और इनके साथ बैडमेन्टन/टेबल टेनिस खेलने में गर्व का अनुभव करते है। ऐसे भयभीत पूर्ण वातावरण में आम नागरिक कैसे जी रहा होगा, हम सोच सकते है।

इसलिए एनकाउन्टर गैर कानूनी होते हुए भी वक्त की आवश्यकता है। माफिया ब्रदर्स और आतंकवादी में बहुत अधिक अन्तर नहीं है। उद्देश्य जरूर अलग-अलग है परन्तु आम आदमी की जान की कीमत दोनों के लिए कुछ भी नहीं है। एक हमारे सिस्टम का पार्ट बनकर वार करता है और दूसरा सिस्टम के बाहर रह कर मारता है। इसलिए दोनों से निपटने का रास्ता एक ही है– एनकाउन्टर। दुनियाँ का सबसे पुराना प्रजातान्त्रिक मुल्क अमरीका को भी लादेन से निपटने के लिए इसी हथियार को काम में लेना पड़ा था।

उत्तर प्रदेश में पिछले छः वर्षों में विकास दुबे, अरबाज, विजय चौधरी, शकील, असद अहमद, गुलाम, गौरी यादव, मनीष सिंह जैसे 183 कुख्यात वांटेड अपराधिओं को एनकाउंटर के हथियार से ही मार गिराया। एनकाउंटर असली हो या नकली, लादेन का हो या अतीक के बेटे असद का या फिर विकास दुबे का, फाईनली एनकाउन्टर आवश्यक है। इन पापियों के लिए नीति, नियम, धर्म, मर्यादा, न्यायालय की बात करने का समय समाप्त हो चुका है। याद रहे मानवाधिकार मानव के लिए होते हैं, दानव के लिए नहीं। पूर्णतया अनैतिक एवं गैरकानूनी मार्ग पर चलने वाले से नैतिकता एवं कानूनी तरीके से नहीं निपटा जा सकता है।

दोस्तों, यह नया भारत है जो समस्याओं को टालता नहीं है, समस्याओं से टकराना जानता है, उन्हें मिटाना जानता है। गंगा-यमुना की पावन भूमि की पवित्रता तथा ऋषि-मुनियों की कर्मस्थली की मर्यादा के लिए हमें भी भगवान श्री कृष्ण के सन्देश के अनुरूप सोच बनानी होगी।

**–प्रो. कैलाश सोडाणी,**
**कुलपति, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा**

# ग्रामीण क्षेत्र में गर्मी का असर, तालाब सूखने से वन्य जीवों के लिए पानी की समस्या बढ़ी

- रामपुरा में किसान सज्जनसिंह अदाणी का बेहतरीन प्रयास
- किसान ने कुएं से तालाब भरना किया शुरू, 15 दिन का पानी किया स्टॉक

**रानीवाड़ा,** (नि.सं.)। जालोर जिले के रानीवाड़ा क्षेत्र में पहाड़ी वन्य क्षेत्रों सहित कई गांवों में तालाब के सूख जाने से बेसहारा और वन्य जीवों के लिए पीने के पानी की समस्या देखने को मिल रही है। ऐसे में कई समाजसेवी टांकों सहित अवाड़ों में टैंकरों से पानी डलवा रहे हैं। सिलासन ग्राम पंचायत के रामपुरा में किसान ने अपने कुएं से पाइप लाइन डालकर तालाब को भरने का मुश्किल भरा कार्य करने का ठाना है। तालाब भरने का कार्य जारी है।

बात रानीवाड़ा निवासी हाल रामपुरा सज्जनसिंह अदाणी की कर रहे हैं। इनके कृषि कुएं के पास तालाब आया हुआ है। रामपुरा गांव में बेसहारा पशुओं सहित पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण वन्य जीवों की तादाद इसी तालाब के पानी पर गर्मियों का मौसम गुजारती है। ऐसे में इस बार तालाब के गर्मी आते ही सूखने से मूक पशुओं के सामने पेयजल संकट खड़ा हो गया। ऐसे में सज्जनसिंह ने स्वविवेक से अपने कुएं के पानी को पाइपलाइन के जरिए तालाब में छोड़ दिया।

ग्रामीणों ने सज्जनसिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए दूसरे किसानों को भी उनसे प्रेरणा लेकर मूक जीवों को बचाने के लिए सामने आने का आव्हान किया है, ताकि प्यास की वजह से किसी मासूम जीव की मौत न हो। दरअसल भीषण गर्मी के इस दौर में तालाब सूख चुके हैं और वन्य जीव पानी के लिए भटक रहे हैं। पानी नहीं मिलने से वे भटक कर रिहायशी इलाकों की तरफ आते हैं और कुत्तों का शिकार बनते हैं या सड़क एक्सिडेंट में बेमौत मारे जाते हैं। नर्मदा का पानी अपर्याप्त आपूर्ति होने से और पीएचइडी महकमा की ओस से इस ओर कोई ध्यान नहीं देने के बाद ग्रामीण और वन्यजीव प्रेमी खुद आगे आए हैं और सूखे तालाबों और पानी की खोलियों को भर रहे हैं सूखे तालाबों को भर रहे हैं।

जलाराम धाम के संचालक सज्जनसिंह ने बताया कि पक्षियों और वन्यजीव वाले सिलासन, तावीदर, सोमेरा पर्वतीय क्षेत्र पानी के अभाव से परेशान वन्यजीवों के लिए आफत भरा अप्रैल महीना पूरा बीत जाने के बाद भी वन विभाग, राज्य सरकार और जनप्रतिनिधियों का रवैया अब तक वन्यजीवों के प्रति उदासीन ही रहा है। इस भीषण गर्मी में प्राकृतिक जलस्त्रोत, खोलियां, नाडे-नाडियां और तालाब सूखे हैं। ऐसे में बेसहारा बेजुबान पशुओं का कोई धणी धोरी नहीं है।

उन्होंने बताया कि कई जगह हालात तो इतने बदतर हैं कि वन्यजीव और मवेशी पानी के अभाव में दम तक तोड़ रहे हैं। इलाके के वडेटा, लाखावास, प्रागवड, तावीदर, कुडी, दांतवाड़ा सहित कई वन्य जीव इलाकों में जलसंकट है। ऐसे में वन्यजीव प्रेमी और ग्रामीण आगे आए हैं और सूखे तालाबों में पानी भर रहे हैं। ताकि वन्य जीवों और पक्षियों को पानी मिल सके और उनको भटकना नहीं पड़े।



सिलासन ग्राम पंचायत के रामपुरा में किसान सज्जनसिंह अदाणी ने अपने कुएं से पाइप लाइन डालकर तालाब को भरने का कार्य किया।

# महंगाई राहत कैंप के दूसरे दिन ही लोगों का रुझान टूटा

**सांभरझील,** (निसं)। यहां पालिका प्रशासन की ओर से पुरानी धानमंडी स्थित सराय स्कूल में वार्ड एक और दो के लिए संयुक्त रूप से लगाए जा रहे महंगाई राहत कैंप के दूसरे रोज से ही लोगों के आने का सिलसिला थम गया।


स्कूल परिसर के खाली मैदान में टेंट तानकर लगाए गए राहत शिविर में आज पूरे दिन अलग-अलग विभाग के कर्मचारियों के पास काम कराने वाले इक्का-दुक्का लोग ही नजर आए। ज्यादातर लोग ऐसे भी थे जो शिविर का जायजा लेने के लिए ही आए थे। कर्मचारी अधिकांश समय खाली बैठे रहे और शिविर समापन तक उनका टाइम पास होना भी मुश्किल हो गया। ऐसे हालत में कुछ कर्मचारी कूलर की हवा में सुस्ताते भी रहे। अधिशाषी अधिकारी हरिनारायण यादव से इसका कारण पूछा तो बताया कि शिविर के प्रथम रोज वार्ड संख्या 1 और 2 के अधिकांश लोग अपने कामों के लिए आए थे और उनको नियम अनुसार शिविर में जो लाभ मिलना चाहिए था वह दिया गया है हो सकता है इसी वजह से आज लोग कम आए हो।

कुछ लोगों का कहना है कि सरकार की ओर से इन शिविरों का लगाए जाने का कोई औचित्य नहीं है क्योंकि सरकार के पास व समस्त आंकड़े मौजूद पहले से ही हैं जो सरकार शिविर में पंजीयन के जरिए इकट्ठा करना चाहती है। कुछ जन प्रतिनिधियों ने यह भी बताया कि 2 माह तक लगातार शिविर आयोजित होने की वजह से नगरपालिका के कई महत्वपूर्ण कार्य एक प्रकार से ठप हो जाएंगे जो विकास में प्रमुख रूप से भूमिका निभाते हैं।



महंगाई राहत कैम्प में कर्मचारी अधिकांश समय खाली बैठे दिखाई पड़े।

## राशिफल बुधवार 26 अप्रैल, 2023



पंडित अनिल शर्मा

वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, षष्ठि तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2080, पुनर्वसु नक्षत्र गुरूवार प्रात: 6:59 तक, सुकर्मा योग प्रात: 8:05 तक, तैतिल करण दिन 11:28 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 12:18 से कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मेष, चन्द्रमा-मिथुन, मंगल-मिथुन, बुध-मेष, गुरू-मीन, शुक्र-वृष, शनि-कुम्भ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में।

आज कुमार योग दिन 11:28 पर समाप्त होगा। आज चन्दन छठ, गंगा सप्तमी, गंगोत्पत्ति, गंगा पूजन है।

**सर्वश्रेष्ठ चौघड़िया:** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:11 से 2:03 तक, शुभ 10:46 से 12:26 तक, चर 3:40 से 5:17 तक, लाभ 5:17 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 5:57, सूर्यास्त 6:53

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले सुसंदेश प्राप्त होंगे।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। चलते कार्यों में प्रगति होगी। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।

**मिथुन**
मन:स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा।

**कर्क**
व्यक्तिगत परेशानियों के कारण मानसिक तनाव और मन में असंतोष बना रहेगा। व्यक्तिगत कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। अनावश्यक धन खर्च होगा।

**सिंह**
आर्थिक/वित्तीय मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक सुविधाएं बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। शुभ कार्य के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

**धनु**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में प्रसन्नता-हर्षोल्लास का माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मकर**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार होगा। महत्वपूर्ण योजना बनेगी। नवीन कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**मीन**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

# बी. डी. कल्ला की सलाह : सचिन पायलट को भी कैम्पों में जाना चाहिए

■ खाचरियावास का भाजपा नेताओं पर निशाना : महंगाई राहत कैम्प रोकने की कोशिश करेंगे, तो जनता सबक सिखायेगी

**जयपुर**, (का.प्र.)। शिक्षा मंत्री डॉ बीडी कल्ला ने कहा कि पूरे प्रदेश में राहत कैम्प शुरू हो चुके हैं। सभी उनमें जा रहे हैं, तो सचिन पायलट को भी इन कैम्पों में जाना चाहिए। सरकार की तरफ से प्रत्येक नेता व कार्यकर्ता को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। 10 प्रमुख योजनाओं का फायदा आमजन को मिले। इसलिए सरकार ने पूरे प्रदेश में राहत कैम्प शुरू किए हैं।

कल्ला ने कहा कि खुद प्रदेश के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कैम्पों का निरीक्षण कर रहे हैं। सभी मंत्री, जिलाध्यक्ष, कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं। सरकार इन राहत कैम्पों के माध्यम से सत्ता में फिर से काबिज होने की योजना बना रही है। कल्ला ने कहा कि आमजन की समस्याओं का तुरंत समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लग रहे राहत कैम्पों में सरकारी अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके अलावा कैम्पों का निरीक्षण करने के लिए मंत्री, विधायक व कांग्रेस के नेताओं को भी लगाया गया है। सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। ऐसे में कांग्रेस नेता सचिन पायलट को भी कैम्प में जाना चाहिए। कांग्रेसी कार्यकर्ता कैम्प में आने वाले लोगों की मदद कर रहे हैं। उनकी समस्याओं का समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं।

वहीं खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास ने महंगाई राहत कैम्पों का जायजा लेते हुये कहा कि पूरे देश में महंगाई के लिये भाजपा जिम्मेदार है। पूरा देश जानता है जब से केन्द्र में भाजपा सरकार आई है तब से जनता महंगाई, गरीबी और बेरोजगारी से परेशान है। राजस्थान में कांग्रेस सरकार महंगाई राहत कैम्प के जरिये राजस्थान की जनता को महंगाई से मुक्ति दिलाकर महंगाई के कारण जीवन यापन में आ रही परेशानी को दूर करने का प्रयास कर रही है। खाचरियावास ने कहा कि जो भाजपा नेता कैम्पों में आकर महंगाई राहत कैम्प को रोकने की कोशिश करेंगें, उनको जनता सबक सिखायेगी। खाचरियावास ने कहा कि महंगाई राहत कैम्प में कुछ भाजपा नेताओं ने पहुंचकर कैम्पों को रोकने की कोशिश की है। यदि इन कैम्पों में जनता ने भाजपा नेताओं के साथ बदसलूकी की तो उसके लिये हम जिम्मेदार नहीं होंगे।



संयुक्त संविदा मुक्ति मोर्चा, राजस्थान ने मंगलवार को सांगानेर गौशाला से जयपुर शहीद स्मारक के लिये कूच किया। प्रशासन द्वारा रास्ते में रोककर सरकार से वार्ता करवाई गई। इस दौरान मंत्री महेश जोशी ने संविदा कार्मिकों के पदाधिकारियों से वार्ता कर पिछला कार्य अनुभव अवधि की पूरी गणना कर नियमितकरण के लिये मुख्यमंत्री के समक्ष मजबूती से बात रख कर सभी समस्याओं का समाधान करवाने हेतु आश्वस्त किया। इसके बाद सभी पदाधिकारियों ने आपस में चर्चा कर 25 मई तक आंदोलन को स्थगित कर दिया है।

# भाजपा प्रदेश कार्यालय पर महिला प्रवासी कार्यशाला आयोजित

## मोदी सरकार ने महिलाओं का सम्पूर्ण विश्व में बढ़ाया है सम्मान : सी.पी.जोशी

■ बूथ स्तर तक की महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं को सशक्त बनकर आगामी कार्यक्रमों और चुनाव में पूरी शक्ति के साथ लगना होगा : अलका मूंदड़ा

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश कार्यालय पर महिला प्रवासी कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से होकर महिलाओं के सम्मान में केंद्र सरकार द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं और भाजपा की कार्यशाला संरचना से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा से हुई। कार्यशाला में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, प्रदेश मंत्री श्रवण बगड़ी, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अलका मूंदड़ा, महिला मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल मिश्रा मंच पर मौजूद रहे।

कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने संबोधन में कहा आज भाजपा के ही नायक नहीं वरन संपूर्ण देश के नायक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण ही विश्व में भारत ने मान पाया है। आज महिलाओं के सम्मान में उज्जवला योजना, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण, आवास योजना आदि योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को सम्मान मिला है। सीपी जोशी ने कहा देश बहुत तेज गति से विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। इसकी सराहना सिर्फ देश की जनता ही नहीं वरन संपूर्ण विश्व की जनता कर रही है। भारत को आज संपूर्ण विश्व में सम्मान की दृष्टि से देखा जा रहा है जोशी ने कहा मोदी है तो मुमकिन है आज महिलाओं की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ संपूर्ण देश के पुरुष, बुर्जुग, युवा हो सभी वर्ग के लिए समान रूप से जनकल्याणकारी योजनाएं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही है जहां विश्व में अन्य देश कोरोना जैसी महामारी से बचने के लिए राह ढूंढ रहे थे।

कार्यशाला में प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष अलका मूंदड़ा ने स्वागत परिचय करवाते हुए कहा बूथ स्तर तक की महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं को सशक्त बन आगामी कार्यक्रमों और चुनाव में पूरी शक्ति के साथ लगना होगा।

प्रवासी कार्यशाला में मंच संचालन महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री रक्षा भंडारी और मीडिया प्रभारी स्नेहा काम्बोज शर्मा ने किया।

कार्यशाला में महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अलका मूंदड़ा, महामंत्री इंदिरा राजपुरोहित, सरिता गेना, महिला मोर्चा की प्रदेश पदाधिकारियों सहित विभिन्न जिलों से आई महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मौजूद रही।

## नेशनल हैण्डलूम वीक 3 अगस्त से

**जयपुर**। राजस्थान हथकरघा बुनकरों एवं खादी क्षेत्र में उत्पादित होने वाले विभिन्न उत्पादों को प्रोत्साहित करने एवं राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर क्रेताओं को आकर्षित करने के उद्देश्य से 3 से 7 अगस्त तक जवाहर कला केन्द्र, जयपुर में नेशनल हैण्डलूम वीक का आयोजन किया जायेगा। 5 दिवसीय आयोजन के दौरान हैण्डलूम एवं खादी उत्पादों की प्रदर्शनी एवं फैशन शो का आयोजन होगा।

# "1962 में भारत पर चीन ने हमला किया तब पीताम्बरा माता की पूजा से टला था संकट"

## पीताम्बरा माता ट्रस्ट की अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे मध्यप्रदेश स्थित दतिया में पीताम्बरा माता की जयंती में शामिल हुई

■ पूर्व सीएम ने मंदिर को और अधिक भव्य बनाने के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री चौहान से अनुरोध किया

**जयपुर**। पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे मध्यप्रदेश स्थित दतिया में पीताम्बरा माता की जयंती में शामिल हुई। वे पीताम्बरा माता ट्रस्ट की अध्यक्ष भी है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और वहाँ के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्र भी मौजूद थे।

राजे ने कहा कि बगलामुखी देवी के आशीर्वाद से उनकी हर मुश्किल को आसान हुई है। उन्होंने कहा कि जब 1962 में भारत पर चीन ने हमला कर दिया था, तब दूसरे देशों ने भारत का साथ देने से मना कर दिया। उस समय इस संकट से बचने के लिए महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस यज्ञ के 11 वें दिन जब पूर्णाहूति डाली जा रही थी, तभी चीन ने बार्डर से अपनी सेना को वापस बुला लिया। इसके बाद जब-जब भी देश पर संकट आये इस मंदिर में अनुष्ठान किए गए।

पूर्व सीएम ने मंदिर को और अधिक भव्य बनाने के लिए मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री चौहान से अनुरोध किया। राजे ने कहा कि भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत इस मंदिर में आराधना करके की थी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की दतिया पीताम्बर पीठ के प्रति गहरी आस्था है।

## मसाला मेला के लोगो का विमोचन

**जयपुर**। रजिस्ट्रार सहकारिता, मेघराज सिंह रतनू ने मंगलवार को यहां सहकार भवन में राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2023 के लोगो का विमोचन किया।


**सूचना** मैं, वैभव जैन पुत्र श्री दिनेश कुमार जैन, निवास: 79-80, भारत मार्ग, हनुमान नगर एक्सटेंशन-2, जयपुर। मैं रतन इम्पेक्स का भागीदार हूं, जिसने विक्रेता श्री रामेश्वर चौधरी से दिनांक 10/06/2015 और 27/08/2015 को चेन पेपर्स सेल डीड संख्या 2015003885 और 2015006274 के माध्यम से गांव काग्या, फागी में खसरा नंबर 46, 48 की जमीन खरीदी। 20/03/2023 को ये चेन पेपर्स बीच में खो गए है जब मैं फागी से काग्या की यात्रा कर रहा था। जिसे मिलें सूचित करें- 9829052227


# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा के साथ सतीश पूनियां ने किया चुनाव प्रचार

## कर्नाटक में पूनियां ने किसानों के आग्रह पर चलाया ट्रैक्टर, कहा, "मोदी सरकार किसान हितैषी, प्रचंड बहुमत की भाजपा सरकार बनेगी"

■ दोडबल्लापुर में सतीश पूनियां, तमिलनाडु भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई और केन्द्रीय मंत्री देवुसिंह चौहान ने भाजपा को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की

**जयपुर**। कर्नाटक विजय संकल्प अभियान में भाजपा पूरी सक्रियता और मजबूती के साथ चुनाव प्रचार में जुटी हुई है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देवनहल्ली विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित कर जिला, बूथ, मंडल और शक्ति केन्द्र के प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कर भाजपा की प्रचंड जीत का मंत्र दिया और कहा कि कर्नाटक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रचंड बहुमत की भाजपा की डबल इंजन सरकार बनेगी। इस दौरान जेपी नडडा के साथ कर्नाटक भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नलिन कुमार कटील, राजस्थान विधानसभा उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनियां, भाजपा बेंगलुरु देहात के जिला अध्यक्ष एवी नारायण स्वामी इत्यादि मौजूद रहे, जहां कार्यकर्ताओं और आमजन द्वारा इनका विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया।

डॉ. सतीश पूनियां और केन्द्रीय मंत्री देवुसिंह चौहान ने दोडबल्लापुर में क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान श्री घाटी सुब्रमण्यम मंदिर में दिव्य दर्शन कर देशवासियों के कल्याण की प्रार्थना की। साथ ही राष्ट्रोथान गौशाला पहुंचकर गौमाता के दर्शन कर गौसेवा की। पूनियां ने किसानों के आग्रह पर ट्रैक्टर चलाया और कहा, "मोदी सरकार किसान हितैषी है, देश में प्रचंड बहुमत की भाजपा सरकार बनेगी।"

वहीं, दोडबल्लापुर क्षेत्र में सतीश पूनियां, तमिलनाडु भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई और केन्द्रीय मंत्री देवुसिंह चौहान ने भाजपा प्रत्याशी धीरज मुनिराज के समर्थन में सभा को संबोधित कर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की और कार्यकर्ताओं को घर-घर जनसपर्क का आव्हान करते हुये कर्नाटक में भाजपा को प्रचंड बहुमत से विजय बनाने का संकल्प लिया।

## राशन डीलर का लाइसेंस बहाल करने के आदेश

**जयपुर**। हाईकोर्ट ने सवाईमाधोपुर जिले की बामनवास तहसील के गांव बरनाला के राशन की दुकान डीलर को राहत देते हुए उसकी दुकान का लाइसेंस बहाल करते हुए संबंधित अफसरों को खाद्य सामग्री सप्लाई करने का निर्देश दिए हैं। वहीं अदालत ने अतिरिक्त खाद्य आयुक्त के 10 मई 2017 व डीएसओ सवाई माधोपुर के 2 जून 2017 के याचिकाकर्ता का लाइसेंस निलंबित करने वाले आदेश को रद्द कर दिया है। जस्टिस गणेश राम मीणा ने यह आदेश पवन कुमार शर्मा की याचिका पर दिए।

याचिका में बताया कि राशन सामग्री के वितरण में अनियमितता की गलत शिकायत पर याचिकाकर्ता की राशन दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया था। वहीं बाद में जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर ने 9 दिसंबर 2016 को आदेश जारी कर उसका लाइसेंस बहाल कर दिया।

# जयपुर में करोना से तीन लोगों की मौत

-कार्यालय संवाददाता-

■ प्रदेश में मंगलवार को 26 जिलों में 428 नए संक्रमित मिले, इनमें सर्वाधिक 82 रोगी जयपुर में पाए गए हैं

**जयपुर**। राजधानी जयपुर में मंगलवार को करोना संक्रमण से तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं इस बीच सर्वाधिक 82 नए संक्रमित मिले हैं। उधर राज्य में एक बार फिर कोविड जांचें बढ़ने से मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में चार सौ से अधिक नए संक्रमित सामने आए हैं। वहीं 370 मरीज ठीक हुए हैं।

प्रदेश में मंगलवार को 9372 कोविड जांचों पर 26 जिलों में 428 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले सोमवार को 175 रोगी पाए गए थे। इधर आज भी सबसे ज्यादा 82 नए संक्रमित जयपुर में मिले हैं। इसके अलावा नागौर में 52, भरतपुर में 50, अलवर व चित्तौड़गढ़ में 39-39, बीकानेर में 30, सीकर में 26, जोधपुर व दौसा में 17-17, उदयपुर में 13, चूरू में 10, बांसवाड़ा में 8, प्रतापगढ़ व भीलवाड़ा में 7-7, टोंक में 6, पाली व झुंझुनूं में 5-5, सवाईमाधोपुर में 3, राजसमंद, जालोर, जैसलमेर व हनुमानगढ़ में 2-2 तथा श्रीगंगानगर, झालावाड़, सिरोही और अजमेर में एक-एक नया संक्रमित मिला है।

प्रदेश में दूसरे दिन बेहतर रिकवरी होने के बाद इसमें फिर गिरावट आई है। राज्य में मंगलवार को नए संक्रमितों के मुकाबले में 370 ही मरीज रिकवर हुए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 903 मामले जयपुर में हैं। वहीं भरतपुर में 440, उदयपुर में 269, चित्तौड़गढ़ में 249, बीकानेर में 202, अजमेर में 197, जोधपुर में 178, नागौर में 157, बांसवाड़ा में 114 और सीकर में 101 एक्टिव केस है। प्रदेश में मंगलवार को करोना से जयपुर में 3 लोगों की मौत हो गई है। इसके साथ ही राज्य में अब तक इस बीमारी से 9695 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।


**आम-सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अचल सम्पत्ति खसरा नम्बर 57 ग्राम मुकुन्दपुरा तहसील जयपुर जयपुर को मेरे अभिभाष्य श्री अजय जैन एवं संजय जैन ने जरिये दो विक्रय पत्र दिनांक 24.3.2004 को खरीदा गया था। तथा श्री अजय जैन एवं संजय जैन ने उक्त खसरा पर आवासीय योजना मुकुन्द वाटिका, ग्राम मुकुन्दपुरा तहसील जयपुर, जयपुर मे विकसित कर दिया। तथा खसरा नम्बर 57 का नया परिवर्तित खसरा नम्बर 391/57 एवं 392 /57 है। तत्पश्चात् उक्त दिनांक 24.3.2004 के असल दो विक्रय पत्र दिनांक 18.3.2023 को गुम हो गये है, जिसके बाबत् एक गुमशुदी रिपोर्ट साइबर क्राईम पुलिस जयपुर के एल.आर नम्बर 1782983/2023 दिनांक 21.4.2023 को दर्ज करवा रखी है। यदि किसी व्यक्ति बैंक व अन्य किसी को भी इस संबंध में किसी प्रकार की कोई भी आपत्ती हो तो आम सचूना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद गुजरने मियाद किसी भी प्रकार की कोई आपत्ती मान्य नही होगी।
रमेश कुमार शर्मा, एडवोकेट, मो.9950995598

**खोया-पाया**
मैं नीलकमल जैन निवासी प्लाट सं. बी-1, त्रिवेणी नगर, गोपालपुरा बाईपास जयपुर का होकर आपको यह बताना चाहता हूँ कि मेरा एक बैग दिनांक 01.02.2023 को गिर गया था। जिसमे की प्लॉट सं. 14/OD/S/209 का आवंटन पत्र सं. 322 दिनांकित 13.09.2012 व प्लाट सं. 14/OD/S/210 का असल आवंटन पत्र सं. 323 दिनांकित 13.09.2012 एवं प्लाट नं. 14/ID/246 का असल आंवटन पत्र सं. 321 दिनांकित 13.09.2012 उक्त तीनों आवंटन पत्र नारायण पुत्र छोटू के नाम से थे। उक्त दस्तावेज यदि किसी को मिले तो वह मुझे मेरे मो. नं. 9829173760 पर सूचित करें।

न्यायालय सिविल न्यायाधीश
हिण्डौन सिटी
No/Gvip/474 21.04.2023
मुकदमा नं. 74/2023
नोटिस हरखास आम
सुशीला शर्मा वगै. बनाम हरखासआम
दावा-मृतक घोषित किये जाने बाबत
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वादीगण सुशीला शर्मा पत्नी राधेश्याम सुनील कुमार पुत्र राधेश्याम, जाति ब्राह्मण निवासी मूल्या का पुरा बरगमा, तहसील हिण्डौन सिटी जिला करौली (राज.) ने राधेश्याम पुत्र चौथी जाति ब्राह्मण निवासी मूल्या का पुरा, बरगमा, तहसील हिण्डौन सिटी जिला करौली (राज.) को मृतक घोषित करवाने का दावा उक्त न्यायालय में पेश किया है जो आगामी पेशी 30.05.2023 में नियत है। लिहाजा जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त दावा के स्वीकार किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 30.05.2023 को समय 7.30 ए.एम. बजे असालतन या वकालतन उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, वरना गुजरने उक्त दिनांक कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी एवं उक्त वाद एकतरफा सुनकर फैसल कर दिया जावेगा। मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 21.04.2023 को जारी किया गया है।
(मुहर) न्यायालय सिविल न्यायाधीश
हिण्डौन जिला करौली (राज.)

**खोया पाया**

मेरे मकान /प्लॉट 48,राजामल का तलाब, चांदी की टकसाल, जयपुर के मूल कागजात कहीं खो गये हैं। जो मेरे पिताजी श्री त्रिलोक सिंह पुत्र की जमीत सिंह के नाम से है। मिलने पर सूचित करे। राजेन्द्र सिंह पुत्र स्व. त्रिलोक सिंह मोबाईल 9829053523

न्यू पिंक सिटी गृ.नि.स.समिति की योजना सिद्धार्थ नगर-जी के प्लाट संख्या जी-9 व जी-10 का जे.डी.ए. द्वारा जारी पट्टा साइट प्लान एवं स्टाम्प कहीं गुम हो गये। मिलने पर सूचित करें। शिराज अली खान, मो.-9829011928

**नाम परिवर्तन**

मेरा नाम Rinkoo Natani/ Rinku Natani धर्मपत्नी श्री बाबूलाल नाटानी से बदल कर मेने अपना नाम Rinkoo Khandelwal रख लिया है भविष्य मे मुझे Rinkoo Khandelwal के नाम से जाना पहचाना जाये। 36ए, हनुमान कॉलोनी, करतारपुरा, जयपुर

मैने अपना नाम रमेश चंद शर्मा से बदलकर रमेश चन्द्रा पुत्र शंकर लाल शर्मा रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाएं निवासी 35, ढाणी बड़ी, गांव मुहाना, तहसील सांगानेर, जयपुर 302029

I Harish Kumar S/O heeranand R/O 10/43 vidhydhar nagar jaipur That my underage daughter have changed name from MANVI To MANVI MALANI. In future called him MANVI MALANI for all purposes

I Srishti D/O sh Harish malani & Divya R/O 10/43 vidhydhar nagar jaipur That have changed my name From SRISHTI To SRISHTI MALANI D/O Harish Kumar & Divya malani .in future called me SRISHTI MALANi for all purposes




**तीये की बैठक**



अत्यन्त दुख के साथ सूचित करते है कि हमारे पूजनीय पिताजी **श्री लालाराम जी भगत** पुत्र स्व.श्री नारायण जी भगत का स्वर्गवास दिनांक 24.04.2023 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 26.04.2023 को दोपहर 2 से 4 बजे तक रिद्धी-सिद्धी गार्डन सैक्टर-3 इन्दिरा गाँधी नगर जगतपुरा जयपुर में होगी।
**शोकाकुल**- रामफुल, कन्हैयालाल, ठाकुर सिंह (पुत्र), कैलाश, नेताराम, आदित्य, कार्तिकेय (पौत्र), हिमांशु, केशव, लक्ष्मण (पौत्र), फेलीराम, रामजीलाल, फुलचन्द, प्रभुनारायण, पवन एवं समस्त जीता परिवार।
9351467841, 9828173319

**नम्बर मिलाइए 9587884433**



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


## दुष्कर्म करने वाले को बीस साल की सजा

**जयपुर**, (का.सं.)। जिले की पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त राधेश्याम सैनी को बीस साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर एक लाख 71 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि अभियुक्त की ओर से पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने का आरोप साबित है। इसके अलावा यदि दोनों ने सहमति से भी संबंध बनाए तो यह दुष्कर्म की श्रेणी में ही आएगा। अदालत ने कहा कि नाबालिग की सहमति कानून में कोई महत्व नहीं रखती है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विजया पारीक ने अदालत को बताया कि 13 दिसंबर, 2020 को पीड़िता के पिता ने विराट नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया कि उसकी नाबालिग बेटी एक दिन पहले से गायब है और उसका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। उसे शक है कि राधेश्याम उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने पीड़िता को 13 दिसंबर को बरामद कर दिया। वहीं अभियुक्त को 19 जनवरी, 2021 को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया।

# जयपुर को एक रखने के लिये चांदपोल हनुमान मंदिर में होगी महाआरती



म्हारो जयपुर-प्यारो जयपुर अभियान के तहत मंगलवार को जयपुर के नागरिकों ने आगे की रणनीति पर चर्चा करने के लिये बैठक का आयोजन किया।

**जयपुर**, (का.सं.)। विधानसभा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा जयपुर शहर के दो हिस्से करने की घोषणा के बाद इसकी सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को कायम रखते हुए जयपुर शहर को एक ही जिला बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे म्हारो जयपुर-प्यारों जयपुर अभियान के तहत अभियान के तहत 27 अप्रैल शाम 6 बजे चाँदपोल के हनुमान मंदिर में महाआरती का आयोजन जन सहभागिता से किया जायेगा।

इस अभियान से जुड़े सुनील कोठारी ने बताया की इस अभियान को तब तक जारी रखेंगे जब तक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जयपुर को एक रखने की घोषणा नही कर देते। जयपुर नही बँटे इसके लिए जयपुर का एक एक नागरिक इस अभियान में अपना योगदान देने के लिए तत्पर हो चुका है , खड़ा हो चुका है। यह अभियान अब जयपुर के आमजन का अभियान बन चुका है। हनुमान मंदिर में महाआरती के पश्चात बाजार में नागरिकों से सम्पर्क भी किया जाएगा और उन्हें सरकार के इस निर्णय से जयपुर के अस्तित्व पर जो संकट खड़ा हो गया उसके बारे में बताते हुए जयपुर के नागरिकों को इस अभियान से जुड़ने का आव्हान किया जाएगा।

## नारद सम्मान के लिए प्रविष्टियां मांगी

**जयपुर**। पत्रकार जगत में देवर्षि नारद को आदि पत्रकार माना जाता है। पूरे भारत के विश्व संवाद केन्द्र नारद जयंती को पत्रकार दिवस के रूप में मनाते हैं। इस दिन पत्रकारिता के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे पत्रकारों को 'नारद सम्मान' से सम्मानित किया जाता है।

विश्व संवाद केन्द्र जयपुर ने 2011 में इसकी शुरुआत की। इस बार यह कार्यक्रम 7 मई को अलवर में आयोजित होगा। विश्व संवाद केन्द्र के डॉ. ईश्वर बैरागी ने बताया कि नारद सम्मान के लिए उन सभी पत्रकारों से प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं, जो जयपुर प्रांत में पत्रकारिता करते हुए राष्ट्रीयता, सामाजिक जीवन, समरसता या पर्यावरण जैसे विषयों को प्रभावी रूप से उठाते रहे हैं। पत्रकारिता का क्षेत्र प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक चैनल, न्यू मीडिया हो सकता है। विद्यार्थी पत्रकार भी इसके लिए अपनी प्रविष्टियां भेज सकते हैं।


बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

शाखा कार्यालय: श्री राम की नागल, मुख्य गांव, श्री राम की नागल पंचायत भवन के पास, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर 302022
मोबाईल नं.: 8905990421, ई-मेल: vjshri@bankofbaroda.co.in

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें]
**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**


जबकि
निम्नहस्ताक्षरकर्ता **बैंक ऑफ बड़ौदा** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **श्री रमेश चंद पुत्र श्री जिन्सी यादव** एवं जमानतदार **श्रीमती मिथलेश पत्नी श्री रमेश चंद यादव** पर **मांग सूचना दिनांक 25.01.2023** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 23.01.2023 को बकाया राशि रू. 22,14,106.56 (रूपये बाईस लाख चौदह हजार एक सौ छह एवं पैसे छप्पन मात्र) (दिनांक 23.01.2023 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।
ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 20, माह अप्रैल, वर्ष 2023** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उस पर प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति को कब्जे में ले लिया है।
ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्ति के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 23.01.2023 को बकाया राशि रू. 22,14,106.56 (रूपये बाईस लाख चौदह हजार एक सौ छह एवं पैसे छप्पन मात्र) (दिनांक 23.01.2023 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्चे व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **बैंक ऑफ बड़ौदा, श्री राम की नागल शाखा, मुख्य गांव, श्री राम की नागल, पंचायत भवन के पास, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर 302022** के प्रभार के अधीन होगा।
कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का वर्णन**

सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्री रमेश चंद पुत्र श्री जिन्सी यादव के नाम साम्यिक बंधक प्लॉट नं. 109, खुशी संसार-VII (नेमीनाथ नगर), गांव ईंदिरापुरी, टोंक रोड़, जयपुर, राजस्थान 302022 पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 116.93 वर्ग गज है। सीमाएं- उत्तर: रोड 40'0" चौड़ी, दक्षिण: अन्य भूमि, पूर्व: प्लॉट नं. 110, पश्चिम: प्लॉट नं. 108
स्थान: जयपुर — हस्ता.
दिनांक: 20.04.2023 — प्राधिकृत अधिकारी

# मालपुरा में पथराव का मामला : कलेक्टर एवं एस.पी. सहित 600 जवानों का जाप्ता तैनात

## आपराधिक धाराओं में गिरफ्तार दो जनों को कोर्ट ने दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा



जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल व एसपी राजर्षि राज मालपुरा थाना पहुंचे।

■ एक पक्ष की ओर से चार दर्जन तो दूसरे पक्ष की ओर से 20 जनों के विरूद्ध नामजद मामला दर्ज

**मालपुरा,** (निसं)। शहर के अतिसंवेदनशील पुरानी तहसील गुर्जर मौहल्ले में दो दिन पूर्व पथराव कर साम्प्रदायिक हिंसा फैलाने व राजकार्य में बाधा डालने सहित घायल आरएससी हैड कांस्टेबल की ओर से दर्ज आधा दर्जन से अधिक आपराधिक धाराओं में गिरफ्तार दो जनों को एसीजेएम न्यायालय ने दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा। शहर में हुए पथराव के बाद शांति एवं कानून व्यवस्था की दृष्टि से 600 सशस्त्र जवानों का जाप्ता मंगलवार को भी तैनात रहा। जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल व जिला पुलिस अधिक्षक राजर्षि राज ने भी मालपुरा में कैम्प लगा अधिकारियों की बैठक ले दोषियों को चिन्हित कर त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये।

अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक राकेश कुमार बैरवा ने बताया कि हैड कांस्टेबल सहित एक पक्ष की ओर से दी गई दस अलग-अलग एफआईआर में चार दर्जन से अधिक लोगों के विरूद्ध आपराधिक धाराओं में दर्ज मामलों में अब तक कुल 30 गिरफ्तारियां की जा चुकी है। घटनास्थल के हालात तथा पथराव के दौरान कांस्टेबल व आमजन द्वारा बनाये वीडियो, सोशल मीडिया पर वायरल होने को गंभीरता से ले वीडियो में नजर आ रहे उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। आरोपी एडवोकेट मो. मऊज पुत्र नूरूअल एवं अखलाख पुत्र रफीक अहमद निवासी मौहल्ला सादात मालपुरा को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायालय एसीजेएम में पेश किया गया। जहां से दोनों आरोपियों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया। दोनों आरोपियों से पुलिस रिमांड के दौरान अन्य आरोपियों की पहचान व गिरफ्तारी के प्रयास किये जायेंगे। वहीं उक्त घटनाक्रम में दी गई दबिश की कार्यवाही में गिरफ्तार 12 जनों को न्यायालय में पेश किया जहां से तीन आरोपी मो.हुसैन पुत्र नूर निवासी देशवाली मौहल्ला मालपुरा, मो. सलीम पुत्र हुसैन खान नागोरी व सद्दाम हुसैन पुत्र सलीम नागोरी निवासी नागोरी ढाणी को जेल भेजा गया। तो 9 जनों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में जमानत पर रिहा किया।

डीवाईएसपी सुशील मान व थानाधिकारी भूराराम खिलेरी ने बताया कि दूसरे पक्ष की ओर से निजाम नागोरी ने 20 जनों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाये जाने के बाद फरियादी के बताये घटनास्थल का मौका पर्चा तैयार कर जांच की जा रही है। तो शहर के चप्पे चप्पे पर तीन आरएससी बटालियन व तीन स्पेशल टास्क फोर्स की प्लाटून सहित 600 सशस्त्रधारी जवान व अधिकारी तैनात है।

# पौने दो करोड़ का अवैध डोडा-पोस्त पकड़ा, दो गिरफ्तार

## दो ट्रकों में लादा गया था छह टन डोडा-पोस्त



पुलिस ने पौने दो करोड़ का डोडा-पोस्त सहित दो जनों को गिरफ्तार किया।

■ एक ट्रक का चालक, खलासी अंधेरे का फायदा उठाकर भागे

**जोधपुर,** (कासं)। कमिश्नरेट की जिला पश्चिम पुलिस ने रात से अलसुबह तक नाकाबंदी कर पौने दो करोड़ का अवैध डोडा पोस्त पकड़ा है। यह अवैध डोडा पोस्त दो ट्रकों को पकड़ा गया है। एक में पशु आहार के कट्टे भी लाद रखे थे। जबकि दूसरा ट्रक आधा खाली था। तस्करी के लिए नया तरीका अपनाया हुआ लगा। पुलिस ने दो लोगों को पकड़ा है, एक ट्रक के चालक और खलासी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गए। कार्रवाई जिला पश्चिम डीएसटी, राजीव गांधी नगर एवं झंवर पुलिस की तरफ से की गई। बरामद हुआ डोडा-पोस्त छह टन बताया गया है।

जिला पश्चिम पुलिस उपायुक्त गौरव यादव ने बताया कि मादक पदार्थ तस्करी की रोकथाम के लिए एडीपीसी पश्चिम हरफू लसिंह, एसीपी वृत प्रतापनगर प्रेमधणदे, एसीपी वृत बोरानाडा जेपी अटल के सुपरविजन के साथ जिला पश्चिम डीएसटी प्रभारी मनोज कुमार के नेतृत्व में गठित टीमों ने रात को नाकाबंदी करवाई। डीएसटी पश्चिम को मुखबिरी सूचना मिली कि ट्रकों में अवैध रूप से डोडा पोस्त लाया जा रहा है। इस पर राजीव गांधी नगर थानाधिकारी अनिल यादव एवं झंवर थानाधिकारी परमेश्वरी के साथ टीमों ने नाकाबंदी करवाई गई।

डीसीपी वेस्ट यादव ने बताया कि जैसलमेर बाइपास रोड पर तिलवाडियां फांटा के पास नाकाबंदी में एक ट्रक को रोका गया जो कि आधा खाली था। तब उसे अच्छे से चेक करने पर अवैध डोडा पोस्त मिला। ट्रक में 201 कट्टे जिनका वजन 2260.500 किलोग्राम था। इस डोडा पोस्त को बरामद करने के साथ आरोपी बाड़मेर जिले के गिड़ा थानान्तर्गत खारडा निवासी किशनाराम पुत्र पदमाराम जाट एवं लखवारा चौहटन बाड़मेर निवासी दमाराम पुत्र चूनाराम जाट को पकड़ा गया। दोनों के खिलाफ राजीव गांधी नगर थाने में एडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया।

डीसीपी यादव ने बताया कि इसी तरह डीएसटी पश्चिम ने झंवर थानाधिकारी परमेश्वरी के साथ में मिलकर धवा से पांच किलोमीटर आगे बाड़मेर बॉर्डर के पास में एक ट्रक को पकड़ा। जिसमें 4205.800 किलो ग्राम अवैध डोडा-पोस्त के कट्टे मिले। इसमें सवार चालक और खलासी पुलिस के पहुंचने से पहले ही अंधेरे का फायदा उग्रकर भाग निकले। जिनकी पुलिस ने हालांकि पहचान की है। मगर तलाश जारी है। इस ट्रक में 147 पशु आहार के कट्टे भी भरे हुए मिले। जिनके नीचे अवैध डोडा पोस्त छुपाकर रखा हुआ था। पशु आहार को कुछ इस ढंग से रखा गया था कि किसी को भनक नहीं लगे। मगर मुखबिरी सूचना पर ट्रक को अच्छे तरीके से चेक करने पर यह डोडा पोस्त बरामद किया जा सका।


## वाहन की टक्कर से बालक की मौत

**चाकसू,** (निसं)। मंगलवार की दोपहर जयसिंहपुरा पत्थर फैक्ट्री के सामने अज्ञात ने मजदूर के 11 साल के बेटे समीर के टक्कर मार दी जिसे परिजन उपजिला अस्पताल ले गए। जहां पर समीर की हालत गम्भीर होने पर जयपुर सवाई मानसिंह चिकित्सालय रेफर कर दिया जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार नेशनल हाइवे 12 पर जयसिंह पुरा के पास पत्थर की फैक्ट्री है यहां पर मजदूर उस्मान निवासी भीलवाड़ा के 11 वर्षीय बच्चे समीर के एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बालक समीर गम्भीर घायल हो गया जिसे उपचार के लिये उपजिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां हालत गम्भीर होने पर जयपुर रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान मौत हो गयी।

# महिला की हत्या का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

■ आरोपी ने महिला के गले में दुपट्टा डालकर गला घोट कर फेंक दिया था

**किशनगढ़ रेनवाल,** (निसं)। रेनवाल थाना इलाके के भादवा गांव में लूणवा भादवा सड़क मार्ग पर विवाहिता के मिले शव का रेनवाल थाना पुलिस ने राजफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी उमराव सिंह गुर्जर ने बताया कि हत्या के मामले में रेनवाल थाना पुलिस ने हनुमान नट पुत्र रूपाराम नट निवासी ग्राम सिरसी पुलिस थाना नावां जिला नागौर को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि आरोपी ने महिला के गले में दुपट्टा डालकर गला घोट कर हत्या कर फेंक दिया था। उसने बताया कि महिला द्वारा उसे बार-बार खर्चे के लिए पैसे देने एवं उसके साथ घर पर रहने का दबाव बनाया जा रहा था। जिसके चलते उसने उसे रास्ते से हटाना ही मुनासिब समझा।



हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपी।

जोबनेर डीएसपी मुकेश चौधरी ने बताया कि मृतक महिला नानची देवी एवं आरोपी हनुमान नट के बीच काफी समय से प्रेम संबंध चल रहे थे। जिस कारण मृतक महिला का अपने पति व बच्चों से भी अनबन चल रही थी। मृतक महिला का पति दो-तीन साल से महाराष्ट्र में मजदूरी कर रहा था। इसी बीच हनुमान नट एवं नानची देवी के बीच प्रेम संबंध गहरे हो गए। इसके चलते महिला द्वारा आरोपी पर खर्चा देने एवं उसके साथ ही रहने के लिए दबाव बनाने लगी एवं उसकी बात नहीं मानने पर जेल भिजवाने की धमकी दी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कुछ दिनों से झगड़ा भी चल रहा था।

21 अप्रैल को आरोपी हनुमान नट दोपहर से शराब पीने लगा एवं शाम को करीब 7:30 बजे के लगभग मृतक महिला को फोन कर घर से बाहर रास्ते में बुलाकर मोटरसाइकिल पर बैठाकर भादवा खारड़ा में ले गया। जहां पर भी दोनों के बीच उसी बात को लेकर दोबारा झगड़ा होने पर मुलजिम ने नानची देवी के गले में पहने हुए दुपट्टे से ही गला घोट कर उसकी हत्या कर अपने घर पर आकर सो गया एवं सुबह वापस घटना स्थल पर आकर भीड़ में शामिल होकर घटना के आसपास देखकर वापस अपने घर जाकर वहां से फरार हो गया।

## पांच बदमाशों सहित 17 को दबोचा

**बीकानेर,** (निसं)। पुलिस ने एक बार फिर बदमाशों की धरपकड़ तेज कर दी है। पुलिस ने अपराधियों पर नकेल कसते हुए रेंज के चार जिलों में एक ही दिन में तीन हजार से ज्यादा स्थानों पर रेड मारी। इस दौरान बड़ी संख्या में बदमाशों को पकड़ा गया। अकेले बीकानेर में पांच इनामी बदमाश पकड़ लिए गए। इतना ही नहीं सत्रह वांछित बदमाशों को भी पकड़ा गया। एडीजी दिनेश एम.एन. के निर्देशों पर हो रही इस कार्रवाई में बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ व चूरू में एक साथ पुलिस की सात सौ टीमों ने कार्रवाई की। तीन हजार तीन सौ स्थानों पर छापे मारे गए।

बीकानेर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के पांच, आर्म्स एक्ट का एक और एक्साइज एक्टज के तीन मामले में दर्ज किए हैं। एंटी सोशल एलिमेंट्स पर राजस्थान पुलिस बड़ा अभियान चला रही है। पिछले दिनों भी पुलिस इसी तरह की कार्रवाई की गई थी। तब भी एसपी तेजस्वनी गौतम ग्राउंड पर नजर आई। एक बार फिर स्वयं एसपी गौतम ने टीम के साथ मिलकर धरपकड़ की। आईजी ओमप्रकाश पासवान भी सभी जिलों से लगातार अपडेट ले रहे हैं। पिछले दिनों भी पुलिस एक ही दिन में कार्रवाई करते हुए अकेले बीकानेर में पचास से ज्यादा बदमाशों को दबोचा था। तब भी आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई हुई। हालांकि बड़ी संख्या में बदमाशों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया।

# चार दिन में दो बार बीकानेर आयेंगे गहलोत?

■ आज जसरासर व 29 को श्रीडूंगरगढ़ के तीन गांवों में पहुंचेंगे सी.एम.

■ पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी का शक्ति प्रदर्शन आज

**बीकानेर,** (कासं)। विधानसभा चुनाव की आहट होने लगी है। यही कारण है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बीकानेर में चार दिन में ही दो बड़े कार्यक्रम होने जा रहे हैं। इस दौरान गहलोत चार गांवों के ग्रामीणों के बीच रहेंगे। मुख्यमंत्री के आने से पहले जिला प्रशासन इन कार्यक्रमों की तैयारी का जायजा ले रहा है। जसरासर में होने वाला कार्यक्रम पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामेश्वर डूडी का शक्ति प्रदर्शन माना जा रहा है। न सिर्फ बीकानेर से बल्कि प्रदेशभर से डूडी समर्थक इस कार्यक्रम में पहुंचेंगे।

बड़ी संख्या में विधायक और मंत्री भी जसरासर पहुंच रहे हैं। माना जा रहा है कि बीकानेर संभाग के अधिकांश विधायक बुधवार को बीकानेर में होंगे। राज्यभर से कांग्रेस के 65 विधायक जसरासर पहुंच रहे हैं। इसके लिए जसरासर में बड़ा टैंट लगाया गया है। समर्थकों को सभा स्थल पहुंचाने के लिए भी व्यवस्थाएं की जा रही है। डूडी समर्थक अपने स्तर पर भी नोखा विधानसभा के गांवों के साथ ही जिले की अन्य तहसीलों व गांवों से जसरासर पहुंचेंगे।

राजस्थान एग्रो बोर्ड के चेयरमैन रामेश्वर डूडी कुछ दिन पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि वे नोखा से ही चुनाव लड़ेंगे। इससे पहले उनके लूणकरनसर या फिर श्रीडूंगरगढ़ से चुनाव लड़ने की अटकलें लगाई जा रही थी। जसरासर के कार्यक्रम को इसी कड़ी में देखा जा रहा है। पूर्व में डूडी यहां से विधायक रह चुके हैं। उनका सर्वाधिक प्रभाव भी नोखा क्षेत्र में ही है। उनके पिता जेठाराम डूडी भी नोखा से ही प्रधान रहे थे।

मुख्यमंत्री की 26 अप्रैल के बाद 29 अप्रैल को श्रीडूंगरगढ़ यात्रा होगी। इस दौरान वो सोनियासर गांव जायेंगे। वहां से गुंसाईसर बड़ा में एक अस्पताल का उद्घाटन करेंगे। अब धीरदेसर चोटियान गांव में भी उनका कार्यक्रम होगा। दरअसल पहले दो ही कार्यक्रम थे लेकिन ग्रामीणों की डिमांड पर धीरदेसर चोटियान गांव में भी कार्यक्रम बन गया। अब मुख्यमंत्री 29 अप्रैल को इन तीनों कार्यक्रमों के लिए सुबह जयपुर से रवाना होकर सीधे श्रीडूंगरगढ़ पहुंचेंगे। हालांकि इन कार्यक्रमों की अधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है। जबकि प्रशासनिक अधिकारी इन गांवों में दौरा कर रहे हैं।

# गैंगस्टरों को फॉलो करने वाले 19 जने पकड़े



भाबरू थाना पुलिस ने असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई की।

■ अवैध हथियारों व बदमाशों के साथ पोस्ट डालने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध भाबरु थाना पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई की

**पावटा,** (निसं)। प्रदेश में तेजी से बढ़ रही आपराधिक घटनाओं, वारदातों को रोकने के लिए राज्य सरकार व पुलिस द्वारा विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। हार्डकोर, हिस्ट्रीशीटर, वांछित अपराधियों अपराधियों व असामाजिक तत्वों के महिमा मंडन के लिए सोशियल मीडिया पर अपराधियों को फॉलो करने वाले एवं उनकी पोस्टों को शेयर व लाइक करने के साथ-साथ अवैध हथियारों व बदमाशों के साथ पोस्ट डालने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध भाबरु थाना पुलिस द्वारा राजधानी जयपुर की भांति विशेष अभियान चलाकर निरन्तर कार्यवाही की जा रही है।

अपराधियों को सोशल मीडिया पर लाइक फॉलो व शेयर करने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शांतिभंग के आरोप में 19 आरोपियों का गिरफ्तार किया है। जयपुर ग्रामीण एसपी डॉ. राजीव पचार के आदेशों की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपुतली विद्याप्रकाश के निर्देशन व डीएसपी संजीव चौधरी के सुपरविजन एवं भाबरु थाना प्रभारी धर्म सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर वांछित अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एनडीपीएस एक्ट, संपत्ति संबंधी अपराधियों, वांछित अपराधियों व अपराधियों को सोशल मीडिया पर लाइक फॉलो व शेयर करने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए शांति भंग के आरोप में 19 आरोपियों का गिरफ्तार किया गया।

# मकान में युवती का शव फंदे से लटका मिला

**डूंगरपुर,** (निसं)। बिछीवाडा थाना क्षेत्र के पुनरावाडा गांव में एक निर्माणाधीन मकान में युवती का शव फंदे से लटका मिला है। युवती 6 महीने से अपने प्रेमी के साथ लिव इन रिलेशन में रह रही थी। मृतका के परिजनों ने मौत पर संदेह जताया है। पुलिस ने शव को डूंगरपुर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

बिछीवाडा थानाधिकारी ने बताया गरोदा निवासी युवती का पुनरावाडा गांव के युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस पर दोनों एक साथ पुनरावाडा गांव में लिव इन में रह रहे थे। युवक के घर से कुछ ही दूरी पर एक निर्माणाधीन मकान में उसकी प्रेमिका का शव फंदे से लटका हुआ मिला है। प्रेमी ने इसकी सूचना अपने परिजनों को दी। सूचना पर परिजनों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर बिछीवाडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतका के परिजनों को सूचना दी। सूचना पर मृतका के परिजन भी मौके पर पहुंचे और हत्या की आशंका जताते हुए जमकर हंगामा किया। पुलिस की ओर से समझाईश के बाद मृतका के परिजन फंदे से शव उतारने के लिए माने। पुलिस ने लोगों की मदद से शव फंदे से उतारकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतका के परिजन युवक के परिजनों को मोर्चरी बुलाने की मांग पर अड़े रहे। जिसके चलते अभी तक शव का पोस्टमार्टम नहीं हो पाया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## बीकानेर में 30 नए करोना रोगी मिले

**बीकानेर,** (निसं)। मंगलवार को जिले में करोना के 30 नये रोगी मिले। यह चौकाने वाला आंकड़ा तब है 30 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि के बाद स्पष्ट हो गया कि जांच करवाने वाले प्रत्येक चौथे मरीज में कोरोना संक्रमण रिपोर्ट हो रहा है। सीएमएचओ डॉ. मोहम्मद अबरार पंवार ने बताया कि कोरोना संक्रमण की दर बढ़ी है। यह चिंता का विषय है, लेकिन घबराने की कोई बात नहीं है। जिन मरीजों में कोविड संक्रमण की पुष्टि हुई है, वे सभी होम आइसोलेट हैं। वहीं जिन्हें कोविड आईसीयू में भर्ती किया गया है, उनकी तबीयत भी स्थिर है।

डॉ. अबरार ने बताया कि जो लोग यात्रा से लौटे हैं, उन्हें कुछ दिनों तक अपने घरों में रहना चाहिए। कोरोना के लक्षण दिखाई देने पर उन्हें जांच करवा लेनी चाहिए। पीबीएम हॉस्पिटल के सुपरिटेंडेंट डॉ.पीके सैनी ने बताया कि कोविड मरीजों के उपचार को लेकर संसाधनों की कोई कमी नहीं है। पर्याप्त दवाइयां और इलाज मरीजों को मिल रहा है। इन एरिया से रिपोर्ट हुए नए मरीज उदयरामसर, एमपी कॉलोनी, वल्लभ गार्डन, गोपेश्वर बस्ती, जेएनवी कॉलोनी, रामपुरा बस्ती, सुदर्शना नगर, रानी बाजार, रेलवे कॉलोनी, वृन्दावन एन्क्लेव, सुथारों की गुवाड़, लखासर, खारी चारणान, लूणकरणसर तथा नोखा से नए मरीज रिपोर्ट हुए हैं। मंगलवार को आरटीपीसीआर सैम्पल 321 लिये गये जिनमें से 30पॉजिटिव आये अब तक पाजिटिव की संख्या 448 हो गई है और ऐक्टिव कैस 182 हो गये है।


# सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी पर हमला

**डूंगरपुर,** (निसं)। सरपंच व ग्राम विकास अधिकारी पर बदमाशों ने लाठियां और पत्थरों से हमला कर दिया। ग्राम पंचायत गामडी अहाडा के वी.डी.ओ. मोहनलाल बरंडा और महिला कांता देवी बाइक पर बैठकर लोडवाडा बस स्टैंड की ओर जा रहे थे, तभी बदमाशों ने महिला से छीना झपटी करने की कोशिश की।

इस दौरान वी.डी.ओ. ने विरोध किया तो बदमाशों ने उस पर भी लाठी से हमला कर दिया। इस पर महिला ने हिम्मत दिखाते हुए बदमाशों को पत्थर मारना शुरू कर दिया। इस दौरान गांव के सरपंच सोहनलाल ननोमा और उप सरपंच कृष्णलाल नायक बीच-बचाव करने आए तो बदमाशों ने उन पर भी पत्थरों से हमला कर दिया। सरपंच ने चार बदमाशों के खिलाफ रामसागडा थाना में प्रकरण दर्ज कराया है। यह पूरी घटना कुछ दूरी पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

# देवगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष शोभालाल रेगर के निलम्बन का मामला गर्माया

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका अध्यक्ष के निलम्बन मामले में किया प्रदर्शन



विधायक सुदर्शन सिंह एवं अधिशासी अधिकारी का फूंका पुतला।

**देवगढ़,** (निसं)। नगर पालिका अध्यक्ष शोभालाल रेगर के निलंबन के मामले में मंगलवार को देवगढ़ नगर भाजपा कार्यकर्ता सहित जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय भाजपा पदाधिकारी राजसमंद विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी, कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़, पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक हरि सिंह रावत सहित भाजपा कार्यालय पर एकत्रित हुए एवं वहां से स्थानीय विधायक सुदर्शन सिंह एवं अधिशाषी अधिकारी कृष्ण गोपाल माली के पुतले को लेकर विधायक सुदर्शन सिंह मुर्दाबाद अधिशासी अधिकारी मुर्दाबाद कांग्रेस हाय-हाय के नारे लगाते हुए रैली निकालकर नगर पालिका परिसर के बाहर धरना प्रदर्शन कर पुतला फूंका गया। तत्पश्चात राज्यपाल के नाम उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपने के लिए उपखण्ड कार्यालय पहुँचे जहाँ पर कोई भी जिम्मेदार प्रतिनिधि उपस्थित नहीं मिले जिसको लेकर जानकारी के लिए भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अमर सिंह द्वारा उपखण्ड अधिकारी से दूरभाष पर संपर्क साधा गया।

जिसमें प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया गया कि सरकार द्वारा वर्तमान में जारी महंगाई से राहत केम्प का आयोजन आयोजित हैं उसमें सम्मिलित होना बताया तथा केम्प को नहीं छोड़ा जा सकता हैं। जिस पर राजसमंद विधायक दीप्ती किरण माहेश्वरी ने उपखण्ड अधिकारी अजय अमरावत से वार्ता करते हुए कैम्प नहीं छोड़ने के आदेश की लिखित कॉपी मांगी गई एवं सरकार में लिखने की बात कही है। इसी बीच नगर पालिका परिसर के बाहर धरना प्रदर्शन में चेयरमैन शोभालाल रेगर पूर्व विधायक हरि सिंह रावत, राजसमंद विधायक दीप्ती किरण माहेश्वरी, कुम्भलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ एवं भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहठ ने अपने विचार रखे एवं धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का संयोजन नगर मंडल अध्यक्ष अमर सिंह चौहान ने किया। चेयरमैन शोभालाल रेगर के निलंबन के मामले में मंगलवार दोपहर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल देवगढ़ के तत्वावधान में जनप्रतिनिधियों, पार्षदों एवं भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन राजस्थान के राज्यपाल के नाम लिखा जो उपखंड अधिकारी देवगढ़ को प्रेषित करने के लिए उपखण्ड कार्यालय पहुंचे जहां कार्यालय में उपखंड अधिकारी की अनुपस्थिति में उपखंड कार्यालय के बाहर ही चस्पा किया गया एवं ई-मेल द्वारा राज्यपाल के नाम प्रेषित किया गया।

राज्यपाल राजस्थान के नाम लिखे ज्ञापन में उन्होंने बताया कि दिनांक 21 अप्रैल को देवगढ़ नगर पालिका चेयरमैन शोभा लाल रेगर के अवैधानिक निलंबन को तुरंत रद्द कर देवगढ़ अधिशासी अधिकारी कृष्ण गोपाल माली को निलंबित करने की मांग की। उन्होंने बताया कि जब से जनवरी 2021 में नगर पालिका चुनाव में भाजपा का बोर्ड बना और चेयरमैन पद पर शोभालाल रेगर के निर्वाचित होने के बाद से ही चेयरमैन को परेशान करना प्रारंभ कर दिया और स्थानीय विधायक द्वारा अधिशासी अधिकारी कृष्णगोपाल माली के माध्यम से समस्त अधिकार छीनते हुए राजनीतिक व्यवस्थ से दबाव बनाने, कार्यसमिति या नहीं बनाने, बोर्ड की बैठक नहीं होने देना भाजपा के निर्वाचित पार्षदों के कार्य नहीं करना एवं उन्हें जलील करना नगर हित एवं विकास के कार्य नहीं होने देना प्रमुख है। अधिशासी अधिकारी कृष्ण गोपाल माली जो वास्तव में गंगापुर भीलवाड़ा में पद स्थापित है परंतु उन्हें देवगढ़ और आमेट का अतिरिक्त चार्ज देकर विधायक सुदर्शन सिंह रावत ने अपना चाहिता बना रखा है। गत 13 जनवरी को डीडीआर के कुशल कोठारी समक्ष फाइल विशेष को लेकर हुए वार्तालाप को बनावटी ढंग से प्रस्तुत कर कर्मचारियों की मदद से हड़ताल का षड्यंत्र रचा।

ज्ञापन में बताया कि उक्त हड़ताल को रोकने के लिए चेयरमैन शोभालाल रेगर द्वारा लिखित एवं मौखिक प्रयास किए जा रहे थे परंतु स्थानीय विधायक के दबाव में उक्त हड़ताल की गई। उक्त प्रकरण के मामले में झूठे एवं मिथ्या दस्तावेजों का आधार लेकर 21 अप्रैल को स्वायत्त शासन विभाग द्वारा प्रथम दृष्टया राजनीतिक व्यवस्था के चलते विधायक के दबाव में उन्हें निलंबित किया गया और निलंबन की कॉपी भी समय पर उपलब्ध नहीं करवाई।

राज्यपाल को लिखे ज्ञापन में उन्होंने मांग की कि चेयरमैन शोभालाल रेगर के निलंबन को निरस्त किया जाना चाहिए।वास्तव में देवगढ़ नगर पालिका में कार्यरत डॉ कृष्ण गोपाल माली को निलंबित किया जाना चाहिए जो एक राजनीतिक एजेंट के रूप में कार्य करते हुए अपने कर्तव्य के विपरीत कार्य कर रहे हैं और नगर पालिका परिषद में एक गुट बनाकर भाजपा के निर्वाचित प्रतिनिधियों की अनदेखी कर रहे हैं उनका उनको निलंबित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया कि उक्त प्रकरण स्वायत शासन विभाग द्वारा जारी आदेश को तुरंत प्रभाव से अपास्त का चेयरमैन शोभालाल रेगर के निलंबन को निरस्त कर उन्हें चेयरमैन पद पर वापस बहाल कर दोषी अधिशासी अधिकारी एवं कर्मचारियों को निलंबित किया जाए।

# वज्र प्रहार : राजस्थान पुलिस ने छापेमारी कर एक दिन में 8950 बदमाश दबोचे

## 18 हजार पुलिसकर्मियों ने बदमाशों के 12 हजार 854 ठिकानों पर दबिश दी

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान पुलिस ने मंगलवार को प्रदेशभर में छापेमारी कर 8950 बदमाशों को गिरफ्तार किया। प्रदेश में तेजी से बढ़ते अपराध पर लगाम कसने के लिए राजस्थान पुलिस ने 'वज्र प्रहार' ऑपरेशन चलाया था। जिसमें 18 हजार पुलिसकर्मियों की 4143 टीमों ने बदमाशों के 12 हजार 854 ठिकानों पर दबिश दी। डीजीपी उमेश मिश्रा के मार्गदर्शन और एडीजी क्राइम दिनेश एम.एन. की निगरानी में यह कार्रवाई हुई। गिरफ्तार 8950 आरोपियों में हार्डकोर और वांछित बदमाश, असामाजिक तत्व व आपराधिक गतिविधियों में लिप्त लोग शामिल थे।

डीजीपी उमेश मिश्रा ने बताया कि सभी रेंज आईजी ने जिला कन्ट्रोल रूम में बैठकर पूरी छापेमारी की मॉनिटरिंग की, जबकि जिला एसपी फील्ड में टीमों के साथ कार्रवाई के लिए मौजूद रहें।

- गिरफ्तार आरोपियों में हार्डकोर-वांछित बदमाश, हिस्ट्रीशीटर व असामाजिक तत्व भी शामिल

एडीजी दिनेश एमएन ने बताया कि बीकानेर रेंज में 3304 पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों की 806 टीमों ने 2997 जगहों पर दबिश देकर 924 बदमाशों को दबोचा। इसी प्रकार भरतपुर रेंज में 1542 पुलिसकर्मियों ने 1186 स्थानों पर दबिश देकर 1399 बदमाशों को पकड़ा। अजमेर रेंज में 190 पुलिस टीमों ने 694 स्थानों पर दबिश देकर 115 बदमाश पकड़े।



राजस्थान पुलिस की विभिन्न टीमों ने बदमाशों की धरपकड़ के लिए मंगलवार को ऑपरेशन 'वज्र प्रहार' चलाया।

इसी प्रकार जयपुर कमिश्नरेट के 3090 पुलिस अफसरों और उनकी टीम ने 1029 स्थानों पर दबिश देकर 296 शातिर बदमाशों को पकड़ा। जोधपुर कमिश्नरेट ने भी 713 स्थानों पर दबिश देकर 120 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। कोटा रेंज में 377 पुलिस टीमो ने 1584 स्थानों पर दबिश देकर 1707 आरोपियों को पकड़ा।

उन्होंने बताया कि जोधपुर रेंज में 1929 पुलिस अफसरों ने 976 बदमाशों को दबोा। उदयपुर रेंज में 2097 पुलिसकर्मियों ने 1615 अभियुक्त पकड़े। जयपुर रेंज में कुल 488 टीमों ने 1625 स्थानों पर दबिश देकर 1798 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

## जयपुर में 1029 जगह छापेमारी

**जयपुर** (कासं)। पुलिस मुख्यालय राजस्थान की ओर से चलाए गए राज्य स्तरीय विशेष अभियान के तहत सक्रिय बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई कर 1029 अपराधियों के ठिकानों पर दबिश दी गई। अभियान में 373 अपराधी पूछताछ के लिए थाने लाए गए, इनमें 316 बदमाशों को गिरफ्तार कर 28 प्रकरण जिनमें आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम और जुआ अधिनियम शामिल है। चिन्हित किए गए अपराधियों में 58 अपराधी न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे है। एडिशनल कमिश्नर कैलाश विश्नोई ने बताया कि चारों जिलों के डीसीपी के नेतृत्व में आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहे बदमाशों में कार्रवाई की गई। कुल 373 अपराधी पूछताछ के लिए थानों पर लाए, जिनमें से 316 अपराधियों को गिरफ्तार कर 28 प्रकरण दर्ज किए। इनमें आर्म्स एक्ट के 9, आबकारी अधिनियम के 12 तथा जुआ अधिनियम के 7 प्रकरण दर्ज किए। इन अपराधियों के पास मिले संदिग्ध 39 वाहनों को जब्त किया है। पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने बताया कि 'आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय' का संदेश साफ देने के लिए यह अभियान चलाया था।

## चलती कार में छात्रा से दुष्कर्म

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में चलती कार में स्कूल छात्रा से रेप का मामला सामने आया है। दोस्त के साथ मिलकर परिचित लड़के ने उसका अपहरण किया, बाद में उसे स्कूल के पास छोड़कर फरार हो गए। हरमाड़ा थाने में पीड़िता के पिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि हरमाड़ा निवासी एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि उसकी 15 साल की बेटी प्राइवेट स्कूल में 8वीं कक्षा में पढ़ती है। नाबालिग बेटी की आरोपी लड़के से जान-पहचान है। आरोप है कि 18 अप्रैल को बेटी स्कूल गई थी। स्कूल में टीचर के मोबाइल से आरोपी लड़के से बातचीत हुई। उसके बाद आरोपी अपने परिचित के साथ स्कूल के पास बोलेरो गाड़ी लेकर पहुंचा। बहला-फुसलाकर नाबालिग बेटी को गाड़ी में बैठाकर ले गया। रोड नंबर-14 के पास होटल में ले गया। नाबालिग की आईडी नहीं होने पर होटल वाले ने कमरा नहीं दिया। जिसके बाद उसे बोलेरो में हाईवे किनारे लेकर चले गए। आरोपी ने चलती कार में नाबालिग बेटी से दुष्कर्म किया। स्कूल से दुबारा उसी नंबर पर कॉल जाने पर आरोपी उसे स्कूल के पास छोड़ भागे।

## नकदी-जेवर चोरी

**जयपुर**। मानसरोवर स्थित एक मैरिज गार्डन में से नकदी जेवरात से भरा बैग चोरी हो गया। पुलिस ने बताया कि राधा विहार कॉलोनी, सोडाला निवासी दिनेश कुमावत ने रिपोर्ट दी है कि 21 अप्रैल को जनक पैराडाइज में पारिवारिक समारोह चल रहा था। रात 10 बजे अज्ञात व्यक्ति बैग चुरा ले गया, जिसमें जेवर व 12 हजार रु. थे।

## सार-समाचार

### डॉक्टर्स प्रीमियर टेनिस लीग संपन्न

**जयपुर** (कासं)। डॉक्टर्स प्रीमियर टेनिस लीग मंगलवार को संपन्न हो गई। इसमें मालोट वारियर्स विजेता और एस.आर.के.हॉस्पिटल उपविजेता रहे। मेडिकोज सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वाधान में हुई इस टेनिस लीग में फाइनल दिवस पर सभी वर्गों में ख़िताबी भिड़ंत हुई। लीग चेयरमैन डॉ. जयंत सेन ने बताया कि सीनियर वर्ग के फाइनल मुकाबले में मालोट वारियर्स ने एस.आर.के.हॉस्पिटल को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी बार ख़िताबी मुकाबला जीता। लीग पेट्रोन डॉ. संदीप निझावन ने बताया कि जूनियर वर्ग में अंडर 14 गर्ल्स में राशिका सैनी विजेता और नेहल उपविजेता बने। जूनियर वर्ग में फोर.डी.डायगनऑस्टिक ने प्रीयूष हॉस्पिटल को हराकर ख़िताबी मुकाबला जीता। यश छाबरा ने मानसी मेहला को हराकर ओपन सिंगलस जीता। लीग को-चेयरमैन डॉ. हरीश भारद्वाज़ ने बताया कि डॉ.संदीप निझावन और डॉ.राकेश लाल मलंग जोड़ी के विजेता और डॉ. सीताराम और डॉ. गगन की जोड़ी ने दबंग जोड़ी विजेता बने। लीग कॉर्डिनेटर डॉ. दीपक गुप्ता ने बताया कि सिंगलस में डॉ. गगन विजेता और डॉ. महाक्षित उपविजेता मास्टर्स सिंगलस में डॉ. अक्षय विजेता और डा संकल्प उपविजेता, लीजेंड्स वर्ग में डा सचिन खटटर विजेता और डा संजय बंशी उपविजेता रहे। सुपरलीजेंड्स वर्ग में डा राजीव बगरहट्टा विजेता और डा संदीप निझावन उपविजेता बने। लीग कोऑर्डिनेटर डॉ. दीपाली पाठक ने बताया कि एमेर्जिंग प्लेयर ऑफ़ टूर्नामेंट डॉ. महाक्षित, डॉ. अक्षय शर्मा स्टार परफॉर्मर और डा सुधांशु शर्मा प्लेयर ऑफ़ टूर्नामेंट बने। लीग सेक्रेटरी डॉ. अनिल यादव ने बताया कि पुरुष्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. राजीव बगरहट्टा प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज, धीरेन्द्र मदान महिमा ग्रुप गेस्ट ऑफ़ ऑनर, अतुल सिंह आवास ग्रुप ऑफ़ फाइनेंस, अनिल व्यास प्रेजिडेंट जयपुर क्लब गेस्ट ऑफ़ ऑनर, धर्मेंद्र कामथान सेक्रेटरी जयपुर क्लब और डॉ. राहुल जैन डायरेक्टर मेडिनोवा रहे। इस अवसर पर शहर के गणमान्य चिकित्सक डॉ. राकेश थापर, डॉ. तरुण ओझा, डॉ. नीरज अग्रवाल, डॉ. दीपक सैनी, डॉ. जीवन कांकरिया, डॉ. हनुमान खोजा, डॉ. मोहनीश ग्रोवर, डॉ. विशाल अग्रवाल, डॉ. अभिषेक बिनानी, डॉ. उमेश केडिया आदि चिकित्सक उपस्थित रहे। लीग कोऑर्डिनेटर डा सुधांशु शर्मा ने प्रतिभागियों के साथ आतिशबाजी और संगीत का लुत्फ़ भी उठाया।

### नवाजे गए आठ एमिनेंट कलाकार




**जयपुर**। राजस्थान ललित कला अकादमी का सर्वोच्च कला सम्मान कलाविद् का आयोजन किया गया। अकादमी के सभागार में हुए कार्यक्रम में राजस्थान के 8 कलाकारों को नवाजा गया। इनमें प्रो. चिन्मय मेहता, प्रो. भवानी शंकर शर्मा, शैल चोयल, प्रो. शब्बीर हसन काजी, दीपिका हाजरा, डॉ. रीटा प्रताप सुब्रतो मण्डल, महावीर स्वामी शामिल हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाद्य नागरिक एवं आपूर्ति विभाग मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, विशिष्ट अतिथि जीके व्यास, कवि सम्पत सरल, पद्मश्री शाकिर अली मौजूद रहे। सभी कलाकारों को सम्मान के स्वरूप में 50 हजार रुपए, माला, श्रीफल, शॉल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। ललित कला अकादमी के अध्यक्ष लक्ष्मण व्यास ने बताया कि सम्मानित कलाकारों के बनाए चित्रों की प्रदर्शनी ललित कला अकादमी कला दीर्घा में डिस्प्ले की गई। मंत्री खाचरियावास ने कहा कि हर इंसान के अंदर एक कलाकार छिपा होता ही है। उन्होंने सभी कलाकारों को संदेश दिया कि वे अपने जैसे कलाकार बनाएं ताकि देश में प्यार और शांति का माहौल बना रहे।

### देश के लाखों घरों में होगा गायत्री यज्ञ

**जयपुर**। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशानुसार बुद्ध पूर्णिमा पांच मई को पूरे देश में एक महाप्रयोग होगा। इस दिन सुबह 7 से 12 बजे तक एक साथ कई लाख घरों में यज्ञ होगा। इसके लिए तैयारियां प्रारंभ हो गई है। लोग अपने घर पर सरल विधि से यज्ञ कर सकें, इसके लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। गायत्री शक्तिपीठों और चेतना केन्द्रों को अधिक से अधिक घरों में यज्ञ करवाने की जिम्मेदारी दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि गायत्री परिवार के संस्थापक युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा ने जन-जन में देवत्व के उदय के लिए गायत्री मंत्र की उपासना तथा व्यक्तिगत तथा पारिवारिक जीवन में सुख, शांति, समृद्धि की अभिवृद्धि के लिए यज्ञ विधान अपनाने की प्रेरणा दी है। जिसे अपनाकर लाखों लोगों ने अपने जीवन को स्वस्थ एवं समृद्ध बनाया है। यज्ञ व्यक्ति को सत्कर्म करने की प्रेरणा देता है। यज्ञ के द्वारा सूक्ष्म में उपस्थित दैवीय शक्तियों का पोषण होता है तथा प्रकृति में संतुलन स्थापित होता है। यज्ञ में पर्यावरण को शोधन करने की असीम क्षमता है। प्राण वायु यानी ऑक्सीजन में वृद्धि होती है। रोग उत्पन्न करने वाले बैक्टीरिया, वायरस आदि का शमन होता है तथा शरीर में रोगों से लडऩे की क्षमता में वृद्धि होती है। घर में सुख.शांति-समृद्धि आती है।

### 'पुलिस उपाधीक्षक के पद पर पदोन्नति दें'

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर बेंच जयपुर के न्यायाधीश सुदेश बंसल ने पुलिस निरीक्षक बाबू लाल की याचिका स्वीकार करते हुए पुलिस निरीक्षक से पुलिस उपाधीक्षक के पद पर वर्ष 2022-2023 की रिक्ति के विरुद्ध पदोन्नति देने का आदेश दिया है याचिकाकर्ता के अधिवक्ता आर. के. गौत्तम और जी. एस. गौत्तम ने न्यायालय को बताया कि याचिकाकर्ता वरिष्ठता सूची डिप्टी सुप्रीडेंट ऑफ पुलिस की सूची 2022-23 में योग्यता रखता है परंतु विभागीय पदोन्नति कमेटी द्वारा उसे पदोन्नति से सिर्फ उसे इस कारण वंचित कर दिया कि उसके विरुद्ध विभागीय जांच में परिनिंदा के दंड से दंडित किया गया है जबकि परिनिंदा कोई दंड नहीं है मात्र भर्त्सना होती है। उसके आधार पर पदोन्नति से वंचित करना उसके अधिकारों का हनन है। विभाग द्वारा उससे जूनियर को उपाधीक्षक पद पर पदोन्नति दे दी गई है। इस पर न्यायालय ने अधिकारियों को जवाब तलब करते हुए याचिकाकर्ता को पुलिस निरीक्षक पद से पुलिस उपाधीक्षक पद पर वर्ष 2022-23 के रिक्ति के विरुद्ध पदोन्नति देने का आदेश दिया है।

### कार लूटने वाले दो बदमाशों को दबोचा

**जयपुर**। मालवीय नगर थाना पुलिस ने कार लूटने के मामले में दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी हुई कार बरामद कर ली। पुलिस इसके साथ ही यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी अब तक कितनी वारदातों को अंजाम दे चुके है। पुलिस पकड़े हुए आरोपियों से पूछताछ कर रही हैं। डीसीपी (पूर्व) डॉ ज्ञानचंद यादव ने बताया कि बढ़ती लूट की वारदातों पर अंकुश लगाने और अपराधियों की धरपकड़ के लिए सभी थानाधिकारियों को निर्देश दिए गए थे। 20 अप्रेल को मालवीय नगर में कार लूटने की वारदात का खुलासा करने के लिए एडिशनल डीसीपी अवनीश कुमार, एसीपी देवी सहाय और थानाधिकारी हरीसिंह दूधवाल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने मुखबिर की सूचना पर 20 अप्रेल को शंकर पुलिया मालवीय नगर में लूटी हुई कार का खुलासा करते हुए दो शातिर बदमाशों रहमान की ढाणी भावगढ़ बंधा गोनेर रोड खोह नागोरियान निवासी शकील खान और खोह नागोरियान निवासी राशिद अहमद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पकडे हुए आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का मानना है कि बदमाशों से और भी वारदातों का खुलासा हो सकता है। पुलिस पकडे हुए आरोपियों के अपराधिक रिकार्ड को भी खंगाल रही है ताकि उनके बारे में जानकारी जुटाई जा सके।

### कृष्ण-बलराम की रथयात्रा निकाली

**जयपुर**। जगतपुरा स्थित श्री कृष्ण बलराम मंदिर की 11 वीं वर्षगांठ पर मनाए जा रहे पांच दिवसीय पाटोत्सव के अंतर्गत मंगलवार को तीसरे दिन कृष्ण बलराम की रथयात्रा निकाली गई। फूलों से सजे रथ में विराजमान विग्रह को भक्त जयकारे लगाते हुए रस्सी से खींच रहे थे। जगतपुरा मार्ग स्थित श्री नाथ पैराडाइज गार्डन से रवाना होक रथयात्रा एनआरआई चौराहा होते हुए अक्षय पात्र सर्किल के पास से होते हुए श्री कृष्ण बलराम मंदिर पर समाप्त हुई।

## संक्षिप्त

### दीप कंवर को पीएचडी की उपाधि



**जयपुर**, (का.सं.)। एपेक्स विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग ने शोधार्थी दीप कँवर को "माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के विषय चयन में शैक्षिक परामर्श के प्रभाव का अध्ययन" विषय पर शोध के लिए पीएच.डी.उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना यह शोधकार्य डॉ.किरण महेश्वरी के निर्देशन में पूर्ण किया।

### गबन मामले में पूर्व कर्मचारी गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। सांगानेर थाना पुलिस ने करीब 65 लाख रूपए के गबन के मामले में कंपनी के पूर्व कर्मचारी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी महेंद्र यादव ने बताया गिरफ्तार आरोपित शंकर लाल आगरी (39) गांव ओखला जिला अल्मौड़ा, उत्तराखंड हाल सेक्टर-8, प्रताप नगर का रहने वाला है। आरोपित जिस कंपनी में काम करता था उसमें करीब 65 लाख का गबन किया था। इस पर मुकदमा दर्ज होने के बाद जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया गया है। वहीं दूसरी ओर भांकरोटा इलाके स्थित एक कार्यालय में चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया पंडो की ढाणी, भोज्यावास निवासी भारत शर्मा ने रिपोर्ट दी है कि केशोपुरा में उसका कार्यालय है। घटनाक्रम के मुताबिक 23 अप्रैल को दो अज्ञात व्यक्ति ऑफिस में घुस अलमारी का लॉक तोड़ 1.20 लाख रुपए चुरा ले गए।

### युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

**जयपुर** (कासं)। जयसिंहपुरा खोर इलाके में एक युवक पर चाकू से हमले का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया बरकत नगर कॉलोनी निवासी शाहरुख़ ने रिपोर्ट दी है कि 23 अप्रैल की शाम करीब साढ़े सात बजे भाई फरजान रहमान कॉलोनी में था। इस दौरान सोनू मामू उर्फ़ युसूफ ने फरजान पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में फरजान के सिर और पेट में गंभीर चोट हैं। पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### बदमाशों ने छीना मोबाइल फोन

**जयपुर** (कासं)। रामनगरिया इलाके में बाइक सवार बदमाश एक युवक का मोबाइल छीन ले गए। पुलिस ने बताया स्वरूप विहार, जगतपुरा निवासी अमित जैन 22 अप्रैल की रात जयगढ़ मैरिज गार्डन आया था। यहां बाइक सवार उसका मोबाइल छीन ले गया।

## 3 सितम्बर को जयपुर में होगा 5 लाख ब्राह्मणों का महासंगम

- राजस्थान के 51 हजार बूथ से हर बूथ से 10-10 विप्र बंधू होंगे शामिल

**जयपुर**। सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा आगामी 3 सितम्बर को जयपुर में 5 लाख ब्राह्मणों का महासंगम होगा। जिसमें प्रदेश के हर बूथ से कम से कम 10 ब्राह्मणों को आमंत्रित किया जायेगा। इसके लिये प्रदेश के कुल 51 हजार बूथों पर समाज के बंधुओं से सम्पर्क किया जायेगा और 200 विधानसभाओं के प्रभारी बनाये जा रहे है।

सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने बताया कि 3 सितम्बर को आने वाले महासंगम के प्रति समाज का जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इसलिए इस बार पहली बार प्रदेश की 200 की 200 विधानसभाओं से समाज बंधुओं को जयपुर बुलाया जाएगा और समाज हित में जो भी निर्णय इस महासंगम में लिये जायेंगे। उन्हें समाज के हर तबके तक पहुंचाया जायेगा। मिश्रा ने बताया कि इस महासंगम में ब्राह्मण अस्मिता को मजबूत करने, समाज को एकजुट करने साथ ही राजनीतिक एवं सामाजिक रूप से समाज की ताकत को बढाना, एकमात्र उद्देश्य होगा। महासभा ने एक लम्बी लड़ाई ईडब्ल्यूएस आरक्षण के लिये लड़ी थी। उस समय भी महासभा ने लाखो लाख ब्राह्मणों की आरक्षण रैलियां आयोजित की थी और सभी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने उस समय महासभा के मंच पर आकर समर्थन दिया था। महासभा ने लक्ष्य तय किया है कि विधानसभा चुनाव में समाज एकजुट होकर अपने मताधिकार का उपयोग करें।

## बुजुर्ग को हनीट्रैप में फंसाया

**जयपुर** (कासं)। शास्त्रीनगर इलाके में एक बुजुर्ग को हनीट्रैप में फांसने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया पशुपतिनाथ कॉलोनी निवासी सांवरमल सोनी (62) ने इस्तगासे के जरिए रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि महेश शर्मा ने 1.60 लाख रूपए लिए थे, जोकि वापिस नहीं लौटाए। आरोप है महेश इसकी पत्नी और भाई ने घर पर बुला कर चाय में नशीला पदार्थ पिला दी, जिसके बाद बेहोशी की हालत में अश्लील वीडियो बना कर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## रामानुजाचार्य की जयंती पर गलताजी में विशेष आयोजन



जगद्गुरू रामानुजाचार्य की जयंती पर गलताजी में स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।

**जयपुर** (कासं)। जगद्गुरू रामानुजाचार्य का 1006 जयंती महोत्सव मंगलवार को छोटीकाशी के विभिन्न मंदिरों में भक्तिभाव से मनाया गया। मुख्य उत्सव उत्तर भारत की प्रमुख श्री वैष्णव पीठ श्री गलताजी में पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशाचार्य महाराज के सान्निध्य में हुआ। युवराज स्वामी राघवेन्द्र ने बताया कि रामानुजाचार्य जी के प्राचीन मूल विग्रह का वैदिक विधि से मंत्रोच्चरण के साथ पंचामृत, पंचमेवा, फल, पंचद्रव्य, सर्वऔषधि से अभिषेक कर सहस्त्रधारा की गई। विद्वानों ने दिव्य प्रबंध और स्तोत्र पाठ किए। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आयोजन में भाग लिया। इसी के साथ 16 अप्रेल से मनाए जा रहे रामानुज जयंती महोत्सव का समापन हुआ।

लक्ष्मीनारायणपुरी में वानमामलै उत्तर तोताद्री मठ श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में महंत त्रिविकर्माचार्य के सान्निध्य में भाष्यकार रामानुज स्वामी की जयंती धूमधाम से जयंती मनाई गई। उत्सव के दौरान मंदिर में रामानुज स्वामी का सुगंधित द्रव्यों, पवित्र नदियों के जल, दूध, दही, शहद, आमरस, केसर से तिरुमंजन अभिषेक किया गया। अभिषेक के दौरान पुरुष सूक्त, कनकधारा स्तोत्र, आलवंदार स्तोत्र का सस्वर पाठ किया गया। भाष्यकार रामानुज स्वामी के हल्दी का लेप लगाकर तुलसी की माला पहनाई गई। रामानुज स्वामी के सहस्त्र नाम से तुलसी से अर्चना कर मोगरे के फूलों से श्रृंगार किया गया। आरती के बाद अभिषेक की हल्दी एवं गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया गया। शाम को मंदिर परिसर में ही रामानुज स्वामी की शोभायात्रा निकाली गई। बासबदनपुरा के मुरली मनोहर मंदिर में स्वामी राघवेंद्राचार्य महाराज के सान्निध्य में जयंती महोत्सव मनाया गया।

## एस.के.आई.टी. कॉलेज में स्वामी केशवानंद की मूर्ति का अनावरण

### डॉ.सी.पी.जोशी ने छात्रों की मेहनत और लगन की सराहना की

**जयपुर**, (का.सं.)। स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के पांच दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव प्रवाह 2023 का समापन कॉलेज के वार्षिकोत्सव के साथ हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी, आरटीयू कोटा के वीसी प्रो. एस.के. सिंह तथा कॉलेज के मुख्य संरक्षक राजाराम मील, अध्यक्ष सुरजाराम मील, निदेशक जयपाल मील, रजिस्ट्रार रचना मील, निदेशक-अकादमिक प्रो. एस.एल. सुराना, प्रिंसिपल प्रो. आर.के.पचार, उपाध्यक्ष अनिल बाफना उपस्थित रहे। समारोह की शुरुआत अतिथियों के आगमन एवं मुख्य अतिथि द्वारा स्वामी केशवानंद की प्रतिमा के अनावरण के साथ हुई। मुख्य अतिथि ने कॉलेज का दौरा किया व इंडोर स्टेडियम का उद्घाटन किया।



एस.के.आई.टी. कॉलेज में विधानसभाध्यक्ष डॉ. सी.पी.जोशी ने स्वामी केशवानंद की मूर्ति का अनावरण किया। इस मौके पर आरटीयू कोटा के वीसी प्रो. एस.के. सिंह, कॉलेज के मुख्य संरक्षक राजाराम मील, अध्यक्ष सुरजाराम मील, निदेशक जयपाल मील, रजिस्ट्रार रचना मील, निदेशक व अकादमिक प्रो. एस.एल. सुराना मौजूद थे।

इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि व पीठासीन अतिथि ने विजेताओं को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि डॉ. सी.पी. जोशी ने संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व और देश के भविष्य को आकार देने में इसकी भूमिका के बारे में बात की। उन्होंने छात्रों की कड़ी मेहनत और लगन की भी सराहना की।

प्रो. एस.के. सिंह ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार और रचनात्मकता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने छात्रों को आउट-ऑफ-द-बॉक्स सोचने और नए विचारों और समाधानों के साथ आने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की समाप्ति प्रवाह की कोर टीम के अभिनंदन, एवम वोट ऑफ़ थैंक्स से हुई।

## 'राजस्थान से निर्यात 80 हजार करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा'

**जयपुर**, (का.सं.)। 'एक्सपोर्ट ग्रोथ एवं फ्यूचर स्ट्रेटजी ऑफ राजस्थान' पर चर्चा करने के लिए मंगलवार शाम को जयपुर के होटल हिल्टन में राज्य के प्रमुख औद्योगिक एवं वाणिज्यिक संगठन और उद्योगपति एक जुट हुए। राजस्थान सरकार के राजस्थान एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल (आरईपीसी) द्वारा आयोजित इस बैठक में आरईपीसी एवं राजसीको के चेयरमैन राजीव अरोड़ा के अतिरिक्त वाईस-चेयरमैन आरईपीसी महावीर प्रताप शर्मा, चेयरमैन रबरबोर्ड, डा. सावर धाननिया, उद्योग एवं वाणिज्य आयुक्त, महेन्द्र पारख, आयुक्त राजस्थान फाउंडेशन धीरज श्रीवास्तव, प्रबंध निदेशक आरएसआईसी डॉ मनीशा अरोड़ाभी उपस्थित थे।

आरईपीसी एवं राजसीको के चेयरमैन राजीव अरोड़ा ने बताया कि यह बेहद प्रसन्नता की बात है कि वर्ष 2022-2023 में राजस्थान से निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। ऐसा अनुमान है कि इस दौरान राजस्थान से लगभग 80,000 करोड़ रुपयों का रिकॉर्ड स्तर पर निर्यात हुआ है। राजस्थान में निर्यात क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।

इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए राज्य से निर्यात संभावनाओं पर मंथन करने और वृद्धि करने को लेकर चर्चा की गई। इसके अलावा मार्केटिंग करने के उद्देश्य से जयपुर एवं विदेश में जैसे मॉरीशस में एग्जीबिशंस आयोजित करने के लिए एक्सपोर्टर्स् से विचार विमर्श किया गया।

## ट्रैवल ट्रेड के बीच संपन्न हुआ जी.आई.टी.बी.

- इस आयोजन में पूर्व निर्धारित 11 हजार बैठकें आयोजित हुईं, जिनमें 56 देशों के 283 फॉरेन टूर ऑपरेटर्स जुटे

**जयपुर**, (का.सं.)। सीतापुरा स्थित जयपुर एक्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में आयोजित ग्रेट इंडियन ट्रेवल बाजार (जीआईटीबी 2023) के 12वें संस्करण का आज, ट्रैवल ट्रेड के बीच उत्साह के साथ समापन हुआ। दो दिनों के दौरान दोनों बायर्स और सेलर्स के लिए नेटवर्किंग के अवसर उपयोगी रहे। इस मेगा इवेंट में 56 देशों के कुल 283 प्रमुख इनबाउंड फॉरेन टूर ऑपरेटर्स (एफटीओ) ने विदेशी खरीदारों के रूप में भाग लिया।

तीन दिवसीय जीआईटीबी का आयोजन राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग, भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) द्वारा किया गया। इस आयोजन को होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (एचआरएआर), इंडियन हेरिटेज होटल्स एसोसिएशन (आईएचएचए.) और राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो) जैसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और क्षेत्रीय एसोसिशंस का सहयोग प्राप्त था।

मार्ट की सफलता के बारे में बात करते हुए, पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव, गायत्री राठौड़ ने कहा कि जीआईटीबी बायर्स और सेलर्स को आकर्षित करने में बेहद सफल रहा है। दो दिनों के दौरान 11,000 पूर्व-निर्धारित बी2बी बैठकें आयोजित की गईं। मार्ट में मेजबान राज्य राजस्थान सहित 9 राज्यों की भागीदारी से पता चलता है कि मार्ट ने पर्यटन क्षेत्र में एक विशिष्ट पहचान बनाई है। यह एफटीओ के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण आयोजन है।

फिक्की राजस्थान स्टेट काउंसिल के चेयरमैन और इंडियन हेरिटेज होटल एसोसिएशन (आईएचएचए) के अध्यक्ष रणधीर विक्रम सिंह ने कहा कि जीआईटीबी स्टैंड-अलोन होटलों के लिए एक उत्कृष्ट नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म रहा है, जहां विदेशी खरीदारों के साथ बातचीत और एक ही मंच पर सभी हितधारकों से मिला जा सकता है। चिन्हित खरीदारों के साथ, जीआईटीबी की देश में आयोजित अन्य मार्टों की तुलना में खास पहचान है। यहां सेलर्स चुन सकते हैं कि वे किन पार्टियों से जुड़ने में रुचि रखते हैं और उसी के अनुसार अपनी बैठकें पूर्व-निर्धारित करते हैं। वहीं आज राजस्थान टूरिज्म डवलपमेंट कॉर्पोरेशन (आरटीडीसी) के प्रबंध निदेशक, विजय पाल सिंह ने भी ट्रैवेल बाजार को विजिट किया। उन्होंने सभी स्टालों का अवलोकन कर इस नेटवर्किंग इवेंट को प्रभावी और सफल बनाने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो) के प्रेसिडेंट, महेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि आने वाले बायर्स के लिए फैम टूर्स भी आयोजित किए गए हैं, जिनमें कुल 60 टूर ऑपरेटर्स शामिल होंगे। ये तीन यात्रा कार्यक्रम हैं- जयपुर-जोधपुर-जैसलमेर-बीकानेर; जयपुर-सरिस्का-रणथंभौर और जयपुर-उदयपुर-देवगढ़-पुष्कर है।




## International Guide Dog Day

Guide dogs do a great deal for their owners. Not only do they help guide their owners throughout the day, but they also protect them from harm, assist them with tasks, and provide consistent emotional support like no other. Guide dog trainers work hard to help these loyal partners to hone these skills. These dogs are seen by many as a joy that makes the world a better place for their owners and their families. And International Guide Dog Day aims to help others show appreciation for the hard work they do.

#INCREDIBLE INDIA

# Best Mountain Experiences For The Summer



Ride The Toy Train.

Make the most of your next mountain retreat!

Summer is beginning to kick in. The sun is shining brighter, the breeze is getting warmer and the mountains are calling a little louder. And while the rolling hills and their clean air remain alluring year round, each season adds its own colour to the experience of mountain living. This summer, experience the best of the ghats and mountains in India by trying these best mountain experiences:

### Flower Valleys

As the winter begins to wane, carpets of fresh blooms cover up the Himalayas. Begin with the rhododendron trail at Barsey Rhododendron Sanctuary, Sikkim, and spend the next few months walking through the many flower valleys of India. Watch the flower carpets of Kaas Plateau in Maharashtra change colours every 15 days from June to October; trek through Uttarakhand's Valley of Flowers for its poppies, daisies, primulas, calendulas and other alpine flora (from July to September); and visit Nagaland's Dzüko Valley (June to September) for the unique Dzüko Valley lily, which grows only in this pocket behind the Japfu mountain range.

### Go Tea Picking

India sure loves its tea, and does a damn good job of producing it in its own lap. From Kangra to Munnar, hill stations across the length and breadth of the country boast undulating hills covered in bright green tea leaves. And a few tea estates and heritage bungalows at these destinations let travellers live like tea planters themselves.

In Darjeeling, you can pick tea under the full moon at Makaibari Estate, or have a field day of learning how the leaf reaches from the field to the cup at Glenburn Tea Estate.

Down south, you can enjoy sweeping views of Coonoor's tea plantations from your vantage point at Teanest, a 19th-century bungalow that was once an international tea school. Think crackling fires, horse rides through lush green estates, and of course, a hot cup of tea to keep you constant company.

### Heal In The Himalayas

Across the Himalayas, several yoga retreats and wellness centres offer a range of healing therapies in the lap of nature. Rishikesh is the birthplace of yoga, and here, Ananda in the Himalayas offers yoga, Ayurveda and vedanta programmes. You can enrol for a course, or undergo personalised treatment at the sprawling retreat against views of the Ganges valley. Professionals help plan your day with activities in line with your wellness goals. With the weather always beautiful in the Himalayan foothills, it's never a bad time to book yourself a retreat.

### Ride The Toy Train

The Himalayan Queen trundles along the steepest rise in altitude in the world from 656m to 2,075m-a feat the toy train holds a world record for. Why not hop on the joy ride as it takes you through 800 bridges from Kalka to Shimla? As the train chugs along at 22kmph, you can soak in the sylvan beauty of the Himalayas with pines and deodars within an arm's length. And at an altitude of 2000m, the Darjeeling toy train runs from Jalpaiguri to Darjeeling in West Bengal.

With cool wind in your hair, tea plantations all around and the breathtaking Mt Kanchenjunga greeting you from a distance, this experience is the stuff of dreams.

### Chase The Glow



When monsoon showers begin to drench the Western Ghats, forestial secrets begin to reveal themselves. Wander deep into the evergreen forests at this time, and you will spot rotting bark and twigs emitting a blue or green glow. These are bioluminescent fungi and mushrooms, which generally grow in tropical climates and only along the Western Ghats in India. Trek along Goa's Mhadei Wildlife Sanctuary and Chorla Ghats, or go exploring the forests of Shri Bhimashankar Jyotirlinga Wildlife Reserve in Maharashtra. An overnight hiking trip will be worth it here, with the neon colours showing you the way and the sunrise over the Sahyadri marking the end of the night.

### Raft Through The Currents

If you're the adventurous kind, rafting is a great way to hype things up. There are many places to witness the fury of a river-Rishikesh and Devprayag are some of the most popular ones, and there's also Beas river in Kullu-Manali, Teesta river in Sikkim, Zanskar and more. Here, you can zing across the foamy rapids with mountains towering all around you. Seasons for rafting vary across locations, with destinations like Goa also attracting tourists during monsoons.




Go Tea Picking.

# I Have Done My Best.....!! (...1)



Commando operation.



The lady asked the distinguished gentleman at one of those posh parties: 'And what do you do? He replied: 'I am an ENT Surgeon. I specialise in the surgery of the nose.' The lady looked upon him with awe and queried: 'Which nostril would that be? The right or left?



End result Commando operation.



Balloned heart.




Dr Goutam Sen

*CTVS Surgeon*
*Traveller*
*Story teller*


#SURGEON AND PATIENT

For the first decade (Late 1960's 0nwards) of my professional life I was a General Surgeon in the true sense. In today's world this branch of surgery has been decimated into so many segments that the concept of a 'generalist' has totally disappeared. In fact, the description of a specialty is a butt of jokes:

The lady asked the distinguished gentleman at one of those posh parties: 'And what do you do?

He replied: 'I am an ENT Surgeon. I specialise in the surgery of the nose.'

The lady looked upon him with awe and queried: 'Which nostril would that be? The right or left?

In the early sixties our teachers operated on all parts of the body and often stepped into the shoes of other specialties. All specialists had originally been general surgeons. They operated from the tip of the head to the swollen big toe with an ingrowing toe nail.

During my training I became adept in the surgery of the face and neck and then gradually on most areas of the body. Of course, the maximum numbers of operations were done on the abdomen. It had the ability to surprise and was known as the 'Pandora's Box' in our circles. Looking back, I recall that most of the surgery was some sort of removal of an organ or at least a portion. It could be the thyroid or any other gland in the neck. In cancerous conditions the surgery was extensive and often had glamorous names like 'Commando Operation'. A ruthless removal of large section of tissues was advocated and the surgeon was praised for the mutilating skill in doing it. Similarly tumours of the breast, stomach, intestines, kidneys and testes besides many others came under the scalpel. Removal was the common factor rather than repair. We stepped into orthopaedics to the extent that gangrene of the limbs requiring amputation was also a part of our operating list. Delayed contractures following burns and cosmetic surgery for cut noses and pockmarks were done by my chief quite often. Occasional Hernia and Hydrocele were a part of the repairs done.

As time has passed the general surgeon lost all the cancers to the oncologist. The abdominal surgery went to the Gastro-Surgeon. The thyroid and the neck were taken over by the ENT surgeon. Later these areas too were further split into sub specialties. Children below the age of 18 years were dealt with Paediatric surgeons in a very possessive manner. They deplore the adult surgeons operating on this age group. The gynaecologist too resent the general surgeon stepping into the surgery of the female organs. There is always an overlap. Today it is often a problem for the patient to choose the surgeon and the help of the physician is needed to identify the proper person.

But I digress!

When the patient came for consultation there was one question at the tip of the tongue.

'Will I get well?'

'Yes! The disease is not so advanced. You should be cured.'

'Is there any danger?'

'All surgeries are with danger of complications and even death. But with care the risk percentages are very low.'

### The Ability To Cure

The surgeon usually said this with the belief that he had the ability to cure. The patient accepted this as 'gospel truth' and went off to prepare for admission telling all he met that he had been promised a recovery/ a cure! It was a matter of confidence on the part of the surgeon and faith of the patient.

The crux of the issue was that when I was a general Surgeon I promised cure or the next best thing- a long life. The surgery was done. The results were good. The patient went away happy and full of praise of the doctor. As is common in humans the gratitude diminished as time passed. There was no continued or sustained relationship.

As I went on to specialise in cardiac surgery a different way of thinking evolved. Cardiac surgery was done mostly because the physician/ cardiologist had reached the end of the tether. Medicines had stopped being effective and the heart was getting damaged. Sometimes, even in the beginning, structural damages from disease or from birth defects were not treatable with medicine but the symptoms could be ameliorated. It was the newly developing science and skill of cardiac surgery in the early sixties of the last century that gave hope. There was even the magic of being able to stop the heart, empty it, repair and replace the damaged portion(Even after forty years, I marvel at this magic development of Open Heart Surgery!) The result was not 'as good as new' but it was better than existing situation. Now there was hope.

The conversation was nearly the same.

'Will I get well?'

'Yes! You will be better.' (Notice a cure had not been promised!)

'Will there be any danger?'

'Yes! All such surgeries have risk of incomplete recovery or even death.'

Since most cardiac surgery done in the early days was after very late referrals the heart was usually enlarged and poor in function. In the X-ray it looked like an inflated balloon. I often used this corollary. When you inflate a balloon and empty it after a short while it would return to its pristine shape (i.e. early detection and early corrective procedure). If it is allowed to remain inflated for long the shape never comes back after deflation. That is also true for the heart. A heart damaged for long will not become normal. There will be improvement. No absolute cure! So the patients had well-being and often returned to a normal life but with aid of some medication. There was a regular and constant need to keep coming back for supervision and assessment of the response to surgery.

> The crux of the issue was that when I was a general Surgeon I promised cure or the next best thing- a long life. The surgery was done. The results were good. The patient went away happy and full of praise of the doctor. As is common in humans the gratitude diminished as time passed. There was no continued or sustained relationship.

This was different from the end behaviour after general surgery. The patient continued to have a sustained relationship with the treating surgeon. In that era the surgeon continued the treatment of the patient because of the reluctance of the patient to go back to the cardiologist/physician. Sometimes the patient would say in derogative terms that delayed referral to surgeon was the cause of their incomplete recovery. I had to keep saying that the surgeries we were doing were new and it would take time for all doctors to accept the benefits. The patients were not really wrong at times. The tendency for the patient to be referred for surgery late was often with a phrase- 'I have done my best. See if you can do anything about it now.'

### Dramatic Improvement

In the early days we would often keep telling our physician colleagues that they should let us do the surgery early but we got to see the patients when it was near the end. I can never forget Sher Khan. He was a constable in the police in his mid-thirties (I wonder how he passed his medical test for admission!) He was lying listless in a corner bed in the general ward. Two screens had been put around the bed- indicating a serious condition or a near death possibility (Pre ICU era). Its other intention was to avoid frightening other patients. On his bedside was a large bowl of fresh blood that he had coughed out. I was told by the senior nurse that it was not the first one. The resident told me that his haemoglobin had dropped to 4 grams (This is one fourth the normal level). He was gasping. The investigations showed that his mitral valve in the left side of the heart had narrowed considerably (In fact it was now the width of a pencil tip where in normal people it is at least three fingers wide). I remember being very angry in my heart because this patient had been there for more than a week and only now I was condescendingly asked to see if an operation would help. It seemed a hopeless task. But something made me and my teams of anaesthetists think that if we did not try he would certainly be dead by the end of the day. We spoke to the spouse and relatives. It was explained that what was offered was a last chance. They had seen the bowls of blood and so reluctantly agreed for the surgery.


The surgery was done as an emergency with hope of a survival. The narrowed valve was split open and in the meantime blood was given. I remember that four medical students had donated blood for him. There was dramatic improvement. It proved to us again what my chief used to say. 'There is no medicine for a narrowed valve. Widening the opening is the only hope.' It was like a miracle. Sher Khan bounced back as soon as some colour returned to his body.

He had recovered. It was not a cure. It was improved wellbeing. He became a regular visitor to my Out Patient Department. It was the beginning of a relationship which lasted for more than thirty years through complications and repeat heart surgery. He was able to see his children grow into adult hood. He was also able to get his pension. The difference from the general surgery patient was that it was not a cure and so the doctor was not forgotten.

Over the years some patients have remained in close touch with me. The relationship changed from doctor-patient to more like two fellow travellers. They would bring the children conceived after the surgery to meet me. They always wanted a check-up for them to rule out any cardiac problems. The spouses stayed back often to complain about smoking and drinking habits. I was the ultimate authority. The patient heeded only to my reprimands.

***To be continued...***


rajeshsharma1049@gmail.com


#EVENT

# Insights on Food, Travel & Tourism

The 12th edition of the Great Indian Travel Bazaar, held after a hiatus of three years owing the Covid-19 pandemic, showcased a mélange of travel and tourism offerings the country has to offer. A special attraction of the event was a culinary showcasing by celebrity chef, Ranveer Brar.




Tusharika Singh

*Freelancer writer and city blogger*




Chef Ranveer Brar preparing the dish with millets.

"Indian food is misconstrued to be very spicy," stated Celebrity Chef Ranveer Brar, emphasizing that Indian cuisine can be broadly categorized into 1100 micro cuisines, and out of this, only 700 make use of spices. He added that there is a need to stop over-abusing spices in our food and use them according to the culture and season of the place. "Rest do not use spices," said Brar, highlighting the diversity of Indian food.

Brar, who was recently in Jaipur for the 12th edition of the Great Indian Travel Bazaar, stressed that there is no mention of travel without food, as one can understand the culture of a place better with food. "Food really is the window to the world," he said.

When it comes to Rajasthani food, the chef explained that the cuisine predominantly uses three spices - Turmeric, Chilli, and Coriander. While chilli allows the natives of Rajasthan to perspire, turmeric is a universal healer, and coriander adds to the meatiness of the food, said Brar. In essence, there is nothing in our food that is not therapeutic, and it is designed to inherently nourish.

Since 2023 is the International Year of Millets, Brar gave a live demonstration of two dishes for the attendees - Jowar Ke Gatte and Jowar Ki Chaach. "A lot of misconceptions need to be broken about millets. One of them being that it takes a long time for millets to cook," said Brar, educating the audience about the nutritional benefits of millets.

Having grown up in a quintessential Punjabi household, Brar has an innate affinity for ghee. He said that he has traveled across the world but has not come across a better concoction than ghee. "Ghee has been around for over 5000 years of recorded history. If you are visiting India and someone says ghee is unhealthy, then they are on the wrong side of history," remarked Brar.

Brar also spoke about the latest trends in the food industry, stating that there is a renewed focus on sustainability in food, grains like millets, and looking inwards rather than outwards. However, he added that this has always been a part of our culture, and there is nothing new. "This is why this is more like a full circle trend," said Brar.

As a key takeaway, Brar emphasized the need for patience, respect, and mindfulness in both eating and cooking. He urged people to do away with mindless eating and take time to understand the food they consume.



The melody of Ravanhathha - Rajasthani Folk instrument at GITB 2023.

### Jaipur as the Leopard Capital of the world

During an interaction between foreign buyers and the Department of Tourism, Additional Chief Secretary, Forest, Environment and Climate Change Department, Government of Rajasthan, Shikhar Agarwal highlighted the sustainable and eco friendly tourist destinations in the state. He revealed new destinations that have been developed in the state such as Palighat on Chambal river, Boat Safari in Dholpur etc. Talking about leopard safaris, he said that while Jhalana is already well known, Amagarh leopard reserve has also started recently and now another leopard safari will start in Maila Bagh - giving Jaipur as many as 3 leopard safaris. A bird park is also being developed in Jaipur. While Ranthambore continues to be a major attraction, new developments are also being done in the Sariska and Mukundra reserves.

### G 20 Tourism Golf Expo

As a part of the Bazaar, over 50 golfers participated in the G20 Tourism Expo Golf at the Rambagh Golf Course .The game was teed off by Secretary Tourism, Government of India, Arvind Singh. The South Korean Ambassador, H.E. Mr. Chang Jae-Bok also played in the game. The participants included Senior Government Officials, Diplomats, Industry Leaders and lady golfers. The 18-hole tournament was played on a Stableford format. The G 20 Tourism Expo Golf Event, organised in conjunction with The Great Indian Travel Bazaar 2023 (GITB), aimed at promoting Golf Tourism.

### About GITB

The international mart was organized by the Department of Tourism, Government of Rajasthan, the Ministry of Tourism, Government of India and Federation of Indian Chambers of Commerce and Industry (FICCI). It was supported by leading national and regional associations like Hotel & Restaurant Association of Rajasthan (HRAR), Indian Heritage Hotels Association (IHHA) and Rajasthan Association of Tour Operators (RATO). As many as 283 tour operators from 56 countries and State Tourism Board representatives from 9 states participated in the event.





Secretary Tourism, Government of India, Mr. Arvind Singh teeing off the golf.




A B2B meeting in progress.

## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# आर.पी.एस.सी. जैसे पवित्र संस्थान में भ्रष्टाचार पहली बार देखा : जोशी

## 'उसका सदस्य ही पेपर लीक प्रकरण में लिप्त पाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है'

**अजमेर, (कासं)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली कांठोस की प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय आव्हान पर मंगलवार को अजमेर में जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर अंशदीप को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। कलेक्ट्रेट पर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प भी हुई। जनआक्रोश व महाघेराव से पूर्व सूचना केंद्र के बाहर द्वारा महासभा का आयोजन हुआ।

सुबह 11:30 बजे कार्यक्रम शुरू हुआ, जिसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने भाग लिया। सीपी जोशी ने मंच से संबोधित करते हुए प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर हमला बोला। इसके पश्चात दोपहर 2:30 बजे भजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के नेतृत्व में सभी भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे, घेराव कर प्रदर्शन किया। डिप्टी मेयर नीरज जैन कार्यकर्ताओं को लेकर ऑटो चलाते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और अपना विरोध जताया।

**कार्यकर्ताओं ओर पुलिस में हुई झड़प :-** जिला कलेक्ट्रेट पर भाजपा के घेराव प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कलेक्ट्रेट के मुख्यद्वार पर बेरीकेड लगा दिए और भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अंदर जाने से रोका। इसी दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने धक्का देकर बैरिकेड्स को गिरा दिया, इस दौरान पुलिस से झड़प हो गई। प्रदर्शन के बाद करीब तीन बजे पुलिस के अधिकारियों ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों को अंदर जाने दिया। प्रदेश अध्यक्ष जोशी और पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर अंशदीप को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

**कांग्रेस सरकार पर बोला हमला:-** मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि आरपीएससी जैसे पवित्र संस्थान में भ्रष्टाचार पहली बार देखा गया है। जो संस्थान रोजगार के लिए परीक्षाएं आयोजित करवाता है, उसका सदस्य ही पेपर लीक प्रकरण में लिप्त पाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व वाली प्रदेश की कांठोस सरकार तुष्टीकरण की नीति पर काम कर रही है।

आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए दक्षिण विधायक अनिता भदेल ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान में पिछले साढे 4 साल में 19 बार बिजली के दाम बढ़ाए, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ा है, और अब सरकार महंगाई राहत शिविर लगाकर बिजली में छूट देने की नौटंकी कर रही है। भदेल ने कहा कि राहत के नाम पर केवल जनता को भ्रमित किया जा रहा है, महिला सुरक्षा में सरकार पूरी तरह विफल रही है।

उत्तर विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा कि महंगाई राहत शिविरों में कोई राहत नहीं मिल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी अधिकारी कांग्रेसी कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे हैं। सांसद भागीरथ चौधरी ने कहा कि प्रदेश में महिला अत्याचार बढ़े हैं कानून व्यवस्था चौपट है, सत्ता के लिए किसानों और युवाओं से झूठे वादे कर कांठोस सत्ता में आई, कांठोस की नीतियों से प्रदेश की जनता त्रस्त है।



रैली से पहले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कार्यकर्ताओं का अभिवादन किया।

- भाजपा का जिला कलेक्ट्रेट पर महाघेराव व महाआक्रोश रैली
- भाजपा पदाधिकारियों ने कलेक्टर को दिया राज्यपाल के नाम ज्ञापन

# विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत

## पांच साल पहले हुई थी शादी, एक डेढ़ वर्षीय बेटा भी है

- दहेज की मांग को लेकर जबरदस्ती कीटनाशक पिलाने का आरोप

**अनूपगढ़, (निसं)।** ग्राम पंचायत 12 एच (हिषामकी) में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतका संतोष के भाई सुरेश भादू ने मृतका के पति कमल किशोर, सास ससुर और जेठों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और कीटनाशक पिलाकर हत्या का आरोप लगाते हुए घडसाना पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा दिया मगर मृतका के पीहर पक्ष के लोग आरोपियों की गिरफ्तारी करने की मांग पर अड़ गए और शव को लेने से मना कर दिया। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सोमवार रात मृतका के पीहर पक्ष के लोगों ने घड़साना के राजकीय चिकित्सालय में धरना लगा दिया। मृतका का एक डेढ़ वर्षीय बेटा भी है।

मृतका के भाई सुरेश भादू (28) पुत्र देवीलाल निवासी 23 केवाईडी ढाणी पुलिस थाना खाजूवाला ने बताया कि उसकी तीन बहनों का विवाह गांव 12 एच के तीन सगे भाइयों के साथ हुआ था। सबसे बड़ी बहन कमला उर्फ सुमित्रा का विवाह सुधीर पुत्र श्रवण कुमार, दूसरी बहन सोनू का विवाह देवेंद्र और संतोष का विवाह कमल किशोर के साथ हुआ था। ससुराल पक्ष के द्वारा संतोष को दहेज के लिए परेशान किया जाता था और दहेज की मांग को लेकर संतोष को सोमवार को पति, सास ससुर और जेठो ने जबरदस्ती कीटनाशक पिला दिया।

सुरेश भादू ने बताया कि उसकी बहन सुमित्रा से जानकारी मिली थी कि संतोष को ससुराल पक्ष के लोगों ने कीटनाशक पिला दिया है सुरेश भादू ने बताया कि संतोष को कीटनाशक पिलाया जाने के बाद संतोष का पति सास ससुर और जेठ उसे गाड़ी में लेकर चिकित्सालय के लिए निकले थे। मगर ससुराल पक्ष के लोग संतोष की हालत गंभीर होने के बावजूद भी उसे नेशनल हाईवे पर लेघा पेट्रोल पंप के पास लेकर खड़े रहे। उसे चिकित्सालय नहीं ले गए इस कारण से संतोष की वहीं पर मौत हो गई।

सुरेश भादू ने बताया कि उस समय वह खाजूवाला से घड़साना आ रहा था जब वह घड़साना पहुंचने वाला था उसी समय उसे किसी परिचित का फोन आया कि संतोष की मौत हो गई है और ससुराल के लोग उसके शव को अपने गांव 12 एच ले गए है। इस पर सुरेश भादू ने इसकी सूचना घड़साना पुलिस थाने में दी। सूचना मिलने पर घड़साना पुलिस गांव 12एच से मृतका के ससुराल के घर से शव को कब्जे में लेकर घड़साना के राजकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे।

मृतक के भाई सुरेश भादू ने संतोष को कीटनाशक मिलाकर मारने का आरोप लगाते हुए घड़साना पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया है सुरेश भादू ने पति कमल किशोर, जेठ देवेंद्र, सास लखेश्वरी, ससुर श्रवण पुत्र बुधराम, जेठ सुधीर और रानी पर हत्या का मामला दर्ज करवाया है। सुरेश भादू ने बताया कि संतोष का विवाह 4 अप्रैल 2019 को बड़े ही धूमधाम से किया गया था। विवाह के 1 साल बाद ही ससुराल पक्ष लोग उसे दहेज के लिए उसे परेशान करने लग गए। कई बार पंचायतें भी हुई मगर हर बार पंचायत में ससुराल पक्ष के लोग माफी मांग लेते इस पर वह संतोष को ससुराल भेज देते थे। मृतका के भाई ने बताया कि लगभग 2 महीने पहले संतोष के पति, सास-ससुर और जेठों ने संतोष से बाइक और अन्य घरेलू सामान की मांग की थी। मगर फिर समझाइश किए जाने के बाद संतोष अपने ससुराल ही रह रही थी।

सुरेश भादू ने बताया कि उसकी दूसरी बहन सोनू के साथ भी उसके पति तथा ससुराल के लोगों के द्वारा मारपीट की गई थी और काफी समय से सोनू भी अपने मायके में ही रह रही है। सोनू को कई बार ससुराल भेजने का प्रयास किया गया मगर सोनू ने वहां जाने से यह कहकर मना कर दिया कि उसे वहां पर जान का खतरा है। कार्यवाहक थानाधिकारी एसआई सुरेंद्र राणा ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

# पोखर में डूबने से मां-बेटी की मौत

- महिला अपनी दो बेटियों और देवर की बेटी के साथ बकरियां चराने के लिए पोखर के पास गई थी

**भरतपुर, (निसं)।** कुम्हेर थाना क्षेत्र के गांव पचौरा में बकरियों को पानी पिलाते समय पोखर में डूबने से मां बेटी की मौत हो गई। महिला अपनी दो बेटियों और देवर की बेटी के साथ बकरियां चराने के लिए पोखर के पास गईं थी। बकरियों को पानी पिलाते समय 13 साल की बच्ची का पैर फिसल गया और वह पोखर में गिर गई उसे बचाने के लिए मां पोखर में कूदी वह भी पोखर में डूब गई। मां को बचाने के लिए बड़ी बेटी पोखर में कूदी जब वह डूबने लगी तो उसके चाचा की लड़की ने उसे बचा लिया। घटना दोपहर 12 बजे की है।

पचौरा गांव की रहने वाली महिला नगीना उम्र 36 अपनी बड़ी बेटी रिषिका उम्र 16 व पूनम उम्र 13 और देवर की बेटी आरती के साथ बकरियां चराने के लिए गांव से 5 सौ मीटर दूर पोखर पर गईं थी। पोखर के आसपास काफी पेड़ हैं, वहां लोग पशु चराते समय बैठ जाते हैं और पेड़ों की छांव में पशु भी बैठे रहते हैं। हादसे के समय नगीना, रिषिका, आरती पेड़ के नीचे बैठी थी। पूनम पोखर पर बकरियों को पानी पिला रही थी। अचानक पूनम का पैर फिसला और वह पोखर में जा गिरी।

पूनम को पोखर में गिरता देख नगीना भी पोखर में कूद गई, जब नगीना डूबने लगी तो नगीना की बड़ी बेटी रिषिका भी पोखर में डूब गई और रिषिका भी पोखर में डूबने लगी। तभी वहां मौजूद आरती ने रस्सी डालकर रिषिका को बचाया, लेकिन नगीना और पूनम तब तक पोखर में डूब चुकी थी। हादसे के बाद रिषिका और पूनम भागकर गांव पहुंची और घटना के बारे में ग्रामीणों और डालने परिजनों को बताया। ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे तो नगीना का शव पोखर में तैर रहा था। उसे ग्रामीणों ने निकाल लिया, लेकिन पूनम का शव दिखाई नहीं दिया।

जिसके बाद तब ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सिविल डिफेंस की टीम को बुलाया और पोखर में पूनम के शव की तलाश की करीब 2 घंटे के बाद पूनम का शव भी पोखर में मिला। पोखर 20 फर गहरी है, जिसमें करीब 12 फुट पानी भरा हुआ है। जिसके बाद दोनों के शव को कुम्हेर अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। पूनम 2 भाई और 2 बहन थे। जिसमें से पूनम तीसरे नंबर की थी। पूनम के पिता रंजीत मजदूरी करते हैं। रंजीत के घर की आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है।

# विवाहिता का शव कुएं में मिला

**टोंक, (निसं)।** जिले के मेहन्दवास थाना क्षेत्र में सोनवा गांव में तीन दिन से लापता विवाहिता का शव मंगलवार को तैरता मिला। मेहंदवास थाना प्रभारी देवेन्द्रसिंह ने बताया कि मृतका सोनवा निवासी रोशन प्रजापत पत्नी राजेश प्रजापत है। वह घर से 22 अप्रैल से लापता थी। पति राजेश की ओर से इसकी गुमशुदगी भी थाना में दर्ज करा रखी थी। तूड़ी भरने में लगे मजदूरों ने हाली देवरा बालाजी रोड स्थित कुएं में शव तैरने की सूचना ग्रामीणों को दी। इस पर थाना प्रभारी देवेन्द्रसिंह समेत हैड कांस्टेबल बन्नालाल यादव पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया।

# नरपत सारण हत्याकांड का मुख्य आरोपी राजू नेतड़ गिरफ्तार

**नागौर, (निसं)।** जिले की जायल पुलिस ने दुगस्ताऊ हत्याकांड के मामले में मुख्य आरोपी राजू नेतड़ को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी जयपुर में फरारी काट रहा था वहां से जालोर भागने की फिराक में था, लेकिन पुलिस की टीम ने उसे जयपुर से बाहर निकलने से पहले ही पकड़ लिया। जिला पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी ने बताया कि हत्याकांड के मुख्य आरोपी राजेंद्र उर्फ राजू नेतड़ को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिससे गहनता से पूछताछ की जा रही है। वहीं हत्याकांड में अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही है।

दरअसल, पुरानी रंजिश और मारपीट का बदला लेने के लिए 23 जून 2022 की रात को आरोपियों ने नरपत सारण को किडनैप कर लिया था, इसके बाद मारपीट कर तरनाऊ अस्पताल के सामने पटक कर भाग गए थे, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। मामले के अनुसार 24 जून 2022 को जेएलएन हॉस्पिटल नागौर में दुगस्ताऊ रहने वाले श्रवणराम पुत्र रामनिवास जाट ने एक रिपोर्ट दी थी।



जायल पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया।

# उत्कृष्ट स्वयं सेविका पुरस्कार से ममता सम्मानित

**चूरू, (कासं)।** राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में चूरू बालिका महाविद्यालय की छात्रा ममता भार्गव को सत्र 2020-21 में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जयपुर में उच्च शिक्षा मंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने उत्कृष्ट स्वयं सेविका पुरस्कार से सम्मानित किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय निदेशक डॉ. एस.पी.भटनागर, डॉ. सुरेन्द्र सिंह यादव, अति. कॉलेज शिक्षा आयुक्त केसर सिंह मीणा आदि ने ममता को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह् प्रदान कर सम्मानित किया।

प्राचार्य आशा कोठारी ने बताया कि यह पुरस्कार स्वयंसेविका को सामाजिक उत्थान के कार्यों, कोरोना महामारी में जागरूकता, साक्षरता व सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने में उल्लेखनीय योगदान के लिये दिया गया है। महाविद्यालय पहुंचने पर छात्रा का भव्य अभिनन्दन किया गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष रामगोपाल बहड़, सचिव भागीरथ शर्मा, प्राचार्य आशा कोठारी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निर्मला सैनी, पूर्व कार्यक्रम अधिकारी कविता पंसारी व महाविद्यालय स्टॉफ ने ममता का माल्यार्पण व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छात्रा ने महाविद्यालय के अनुशासित व कुशल मार्गदर्शन के लिये आभार व्यक्त किया।




छात्रा ममता भार्गव को उत्कृष्ट स्वयं सेविका पुरस्कार मिलने पर सम्मानित किया गया।

# पुलिस क्वार्टर की दीवार ढही

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के बिछीवाडा थाना में बने पुलिस क्वार्टर की एक दीवार ढह गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस थाना बिछीवाडा हाईवे किनारे पर बने पुलिस जवान के क्वार्टरों में से अंतिम छोर पर बने पत्थरों के क्वार्टर की दीवार के बीच में से पत्थरों का मलबा थाने में कार्यरत कोर्ट मुंशी महेंद्र के कमरे में रखी चारपाई पर गिर गया जिससे कमरे में पड़ी चारपाई टूट गई। घटना के समय थाने में कार्यरत कांस्टेबल महेंद्र डूंगरपुर में कोर्ट कार्य निपटा कर थाने में पहुचा ही था कि उससे पहले ही हादसा हो गया। ऐसे में सरकारी क्वार्टर निर्माण में काम आने वाली सामग्री की गुणवत्ता की पोल खुल गई।

# वनराज का विधि विधान से अंतिम संस्कार

**ब्यावर, (निसं)** श्री जीवदया सेवा संस्था के अध्यक्ष लालचंद सांखला को सुबह सूचना मिली की एक वनराज की करंट लगने से मृत्यु हो गई है। लाल चंद सांखला सुबह 7:15 बजे आर्य समाज चौराया पर पहुंचकर वानर राज को ओटो में मुक्तिधाम लेकर आए और विधि विधान से देशी घी, शक्कर, नारियल गोले, कपूर, सिंदूर, यंत्र, धूप सामग्री, माला से अंतिम संस्कार किया। पूर्व में भी वानर राज की मृत्यु के पश्चात संस्था द्वारा अंतिम संस्कार किया गया।

गौरतलब है कि पूर्व में भी ऐसी घटनाये हर बार मंगलवार को ही हुई। अध्यक्ष लालचंद सांखला, प्रदीप खंडेलवाल, बिनु अग्रवाल, सत्यनारायण चंदेल, राकेश नैनीवाल, डीके जैन, अशोक मेवाड़ा, देवेंद्र गुर्जर, सत्यनारायण बंसल, महावीर शर्मा आदि संस्था के सदस्य मौजूद रहे। श्री जीवदया सेवा संस्था अबोल प्राणियों की सेवा में गत 6वर्षो से लगातार सेवा में संस्था के सभी सदस्य लगे है मोर, उल्लू ,कबूतर, बिल्ली अन्य प्राणियों के जान बचाने में कृत संकल्प है । वर्तमान में संस्था की ओर से निशुल्क परिंडे वितरण का कार्य भी जारी है।

# ईनामी बदमाश सहित 17 अपराधियों को पकड़ा



पाटन पुलिस ने अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई की।

**पाटन, (निसं)।** पाटन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 17 वर्ष से फरार हत्या का उद्घोषित पांच हजार रूपये के ईनामी बदमाश सहित अपराधियों की धरपकड़ के विशेष अभियान में 17 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें एक उद्घोषित अपराधी पांच हजार रूपये का ईनामी, 1 हार्डकोर, 2 एचएस, 4 गिरफ्तारी वारंटों में गिरफ्तार, 10 आदतन अपराधी गिरफ्तार किए हैं।

पाटन थाना अधिकारी राजेश चौधरी ने बताया कि आदतन अपराधी सक्रिय हिस्ट्रीशीटर व आदतन अपराधियों के विरुद्ध चलाये गये विशेष अभियान में प्राप्त आदेशों की पालना में रतन लाल भार्गव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वृत नीमकाथाना, गिरधारी लाल शर्मा वृताधिकारी वृत नीमकाथाना के निकटतम सुपरविजन में अलग-अलग 34 टीमें गठित कर अलग-अलग 24 जगह दबिश दी गई। कुल 17 अपराधीयों के साथ एक पिकअप, एक बोलेरो, दो मोटर साईकिल को भी जप्त किया गया है। थाना में गठित चार टीमों के द्वारा मुखबीर के सहयोग तथा उच्च अधिकारियो से प्राप्त दिशा निर्देशो व सूचना संकलन से थाना के हिस्ट्रीशीटर व आदतन अपराधियों के आवास पर दबिश दी गई। थानाधिकारी ने बताया कि इस विशेष अभियान में जगरूप सिंह, नत्थू सिंह व गजेन्द्र सिंह की विशेष भूमिका रही।

# 'भाजपा की आक्रोश रैली फ्लॉप शो'

**अजमेर, (कासं)।** भारतीय जनता पार्टी की अजमेर में आयोजित जन आक्रोश रैली भाजपाई 12 हजार से अधिक कार्यकर्ता शामिल होने का दावा कर रहे थे, लेकिन भाजपाई 22 सौ कार्यकर्ता भी नहीं जुटा पाये। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा ने जो आक्रोश रैली निकाली है यह भाजपा पर ही उल्टा पड़ रहा है। आज के कार्यक्रम में अधिकत्तर कुर्सियां खाली पड़ी रही है। लोगों का आक्रोश तो भाजपा के खिलाफ के जो महंगाई कम नही कर रही है, अगर भाजपा को कांग्रेस से कम्पीटिशन करना है तो कांग्रेस ने गरीबों का गैस सिलेंडर में 500 रूपये का कर दिया तो केन्द्र भी पांच सौ रूपये कम कर दे तो मंहगाई से गरीब को राहत को मिलेगी।

देश के प्रधानमंत्री मोदी ने महंगाई पर बाते तो बहुत की है, लेकिन जमीनी हकीकत पर कुछ नहीं कर पाये। निगम अध्यक्ष राठौड प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से औपचारिक बातचीत कर रहे थे, उन्होंने बताया कि जन आक्रोश रैली में भाजपा को आम जनता का समर्थन नहीं मिल रहा है केवल भाजपा के कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि सरकार का विरोध कर भ्रामक प्रचार रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व जिला प्रमुख रामस्वरूप चौधरी, पूर्व विधायक डॉ गोपाल बाहेती, डॉ राजकुमार जयपाल, शिव कुमार बंसल, अजय कृष्ण तेनगौर, नोरत गुर्जर, वाहिद खान, पार्षद हेमंत जोधा, एडवोकेट सम्राट सहित कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सफाई कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश लेकर किया सफाई कार्य का बहिष्कार

## नवीन भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता नहीं देने का विरोध

**सादुलपुर, (निसं)।** सफाई कर्मचारियों की नवीन भर्ती 2023 में मुख्यमंत्री बजट घोषणा के अनुसार नहीं करने के विरोध में मंगलवार को वाल्मीकि समाज के सफाई कर्मचारियों ने सामुहिक रूप से एक दिवसीय सफाई कार्य बहिष्कार कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही नगरपालिका राजगढ से नारेबाजी करते हुए कस्बे के प्रमुख मार्गो से होकर जुलूस के रूप से मिनीसचिवालय राजगढ पहुंचे, जहाँ पर अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस यूनियन के नगर अध्यक्ष सेठी चांवरिया एवं पार्षद ज्योति चार्वरिया के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों ने उपखण्ड अधिकारी राजगढ रणजीत कुमार बिजारणिया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। वहीं सौंपे ज्ञापन में चार सूत्री माँग पत्र सहित सफाई कर्मचारी की नवीन भर्ती 2023 में परम्परागत सफाई का कार्य करने वाले वाल्मीकि समाज के अभ्यिर्थियों को प्राथमिकता देने की माँग की गई।

साथ ही चेतावनी दी है कि यदी शिघ्र ही माँग पर कार्यवाही नहीं की गई तो पाँच दिवस बाद अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार कर आदोलन को तेज किया जायेगा। इसी दौरान विरोध प्रदर्शन कर रहे वाल्मीकि समाज के लोगों ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा बजट में 30 हजार सफाई कर्मचारियों की भर्ती में की घोषणा वाल्मीकि समाज के उत्थान व विकास एवं कल्याण के लिए की गई थी, जबकि 21 अप्रेल 2023 को निदेशक स्वायत शासन विभाग द्वारा 13184 सफाई कर्मचारियों की भर्ती की विज्ञप्ती में आरक्षण एवं वर्गीकरण के आधार पर भर्ती के आदेश जारी किये हैं, जबकि निदेशालय स्वायत शासन विभाग द्वारा 18 जनवरी 2023 एवं 19 अप्रेल 2023 को यूनियन एवं निदेशक स्वायत शासन विभाग के समझौते में आरक्षण से भर्ती नहीं करने का व 2018 से पूर्व जिन लोगों ने बीटस पर मस्ट्रोल या अस्थाई ठेके पर एवं संविदा पर कार्य किया है को एवं वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने की सहमती प्रदान की थी, परन्तु विज्ञप्ती में इस तरह के कोई आदेश या निर्णय को सम्मिलत नहीं किया है, जिससे राजस्थान के सम्पूर्ण वाल्मीकि समाज का हनन हुआ है। इस अवसर पर जीतू चांवरिया, विनोद चार्वरिया, नविन चांवरिया, अशोक चांवरिया, सेठी चांवरिया, रामानन्द, प्यारेलाल, प्रमोद चांवरिया, देवानन्द चांवरिया, दलीप वाल्मीकि, नोरतमल सहित अनेक महिला पुरूष सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

**अजमेर संवाददाता के अनुसार:-** सफाई कर्मचारियों भर्ती में वाल्मीकि समाज के लोगों को प्राथमिकता देने सहित अस्थाई सफाई कर्मचारियों को नियमित करने की मांग को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट पर वाल्मीकि समाज और सफाई कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ अपने का आक्रोश का इजहार किया। अजमेर सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी नोरतमल ढेनवाल के नेतृत्व वाल्मीकि समाज के लोगों सहित सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर ढेनवाल ने कहा कि सफाई कर्मचारी भर्ती में अन्य समाज के लोग भर्ती हो जाते हैं, लेकिन सफाई का काम नहीं करते है। सिर्फ वाल्मीकि समाज के लोग ही सफाई का काम करते हैं। ऐसे में सफाई कर्मचारी की भर्ती में वाल्मीकि समाज के लोगों को ही प्राथमिकता दी जानी चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि नगर निगम में वर्षों से अस्थाई कर्मचारी के रूप में काम कर रहे हैं, जिनको नाम मात्र का वेतन दिया जाता है। वाल्मीकि समाज के लोग यही सोच कर अस्थाई नौकरी कर रहे है कि आगे चलकर राज्य सरकार द्वारा नियमित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वाल्मीकि समाज के लोगों के प्रति कोई ध्यान नहीं दे रही है, जिससे समाज के लोगों में सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि अजमेर ही नहीं बल्कि प्रदेश भर में मांगों को लेकर वाल्मीकि समाज द्वारा प्रदर्शन किया गया है।



सफाई कर्मचारियों ने मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार किया।



हमने सब कुछ आखिर के लिए छोड़ दिया। मुझे अच्छा लगता अगर हमारे बल्लेबाज पावर प्ले का पूरा फायदा उठाते। हमने उन्हें बीच के ओवरों में विकेट लेने और हावी होने का मौका दिया।

**- ब्रायन लारा**

**सनराइजर्स हैदराबाद के कोच, टीम की हार पर।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## मार्क वुड



लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मार्क वुड अपने बच्चे के जन्म के लिये स्वदेश लौटने के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अंतिम चरण से बाहर रहेंगे। दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने सुपर जायंट्स के लिये चार मैचों में 8.12 की इकॉनमी दर के साथ 11 विकेट लिये हैं। वह बीमारी के कारण सुपरजायंट्स के पिछले दो मैच नहीं खेल सके थे। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की ओर से मंगलवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, "वुड और उनकी पत्नी सारा मई के अंत में अपने दूसरे बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

## बीएआई ने खिलाड़ियों को एशियाई खेलों के चयन ट्रायल के लिए बुलाया

नयी दिल्ली, 25 अप्रैल। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने आगामी एशियाई खेलों की टीम चुनने के लिये चयन ट्रायल चार से सात मई तक कराने का फैसला किया है। एशियाई खेल शुरुआत में पिछले साल होने थे लेकिन चीन के हांगझोउ में होने वाले इन खेलों को इस साल के लिए स्थगित कर दिया गया और अब ये 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होंगे। सभी मान्यता प्राप्त राज्य संघों को जारी सर्कुलर के मुताबिक ट्रायल का आयोजन तेलंगाना के ज्वाला गुट्टा अकादमी ऑफ एक्सीलेंस किया जाएगा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू (दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी), एचएस प्रणय (दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी), चिराग शेट्टी तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की पुरुष युगल जोड़ी (दुनिया में सातवां नंबर) और त्रीसा जॉली तथा गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी (दुनिया में 19वें नंबर की जोड़ी) को 18 अप्रैल को जारी बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष 20 में शामिल होने के कारण टीम में सीधे जगह मिली है।

## राष्ट्रीय तैराकी चैम्पियनशिप जुलाई में

नयी दिल्ली, 25 अप्रैल। सीनियर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप का 76वां संस्करण दो से पांच जुलाई के बीच हैदराबाद के गाचीबोवली बालयोगी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किया जायेगा। भारतीय तैराकी संघ ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। यह आयोजन एशियाई खेल 2023 की चयन समय सीमा समाप्त होने से पहले आखिरी क्वालीफिकेशन प्रतियोगिता होगी। वर्ल्ड एक्वेटिक्स ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप को पेरिस ओलंपिक 2024 के क्वालीफिकेशन आयोजन के रूप में भी मंजूरी दे दी है। एशियाई खेलों का आयोजन 23 सितंबर से आठ अक्टूबर के बीच चीन के हांगझोऊ में किया जायेगा, जबकि ओलंपिक खेल अगले साल जूलाई-अगस्त में फ्रांस के पेरिस शहर में होंगे। राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप का आखिरी आयोजन गुवाहाटी में हुआ था जहां कई राष्ट्रीय रिकॉर्ड टूटते हुए भी देखे गए। चाहत अरोड़ा ने महिलाओं के 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित किया था। पिछले साल तीन-तीन स्वर्ण जीतने वाले शिवा एस. और माना पटेल को 75वें संस्करण में पुरुषों और महिलाओं के वर्ग में सर्वश्रेष्ठ तैराक घोषित किया गया था।

## शरत, मनिका डरबन में होने वाले विश्व टेटे स्पर्धा में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे

जालंधर, 25 अप्रैल। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता शरत कमल और शीर्ष रैंकिंग की भारतीय महिला खिलाड़ी मनिका बत्रा 20 से 28 मई तक डरबन में 2023 विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप में 11 सदस्यीय भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। टीम में पांच पुरुष और छह महिला खिलाड़ी शामिल हैं। विश्व चैम्पियनशिप के 59वें आयोजन में केवल टीम चैंपियनशिप के मुकाबले खेले जायेंगे। इस चैंपियनशिप की मेजबानी 1939 में मिस्त्र के बाद पहली बार कोई अफ्रीकी देश करेगा।। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) की चयन समिति ने नवीनतम चयन नीति के आधार पर अहम टूर्नामेंटों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन, अनुभव और व्यक्तिगत उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए टीम का चयन किया है। पुरुषों की टीम में शीर्ष भारतीय जी. साथियान (विश्व रैंकिंग 50) और अनुभवी शरत (विश्व रैंकिंग 55) के अलावा मानुष शाह, हरमीत देसाई और मानव ठक्कर शामिल हैं। महिला टीम में मनिका बत्रा (विश्व रैंकिंग 40), श्रीजा अकुला, सुतीर्था मुखर्जी, रीथ रिश्या, अर्चना कामथ और दीया चितले को मौका मिला है। साथियान, शरत, मानुष और हरमीत पुरुष एकल और युगल में प्रतिस्पर्धा करेंगे। साथियान शरत के साथ जोड़ी बनाएंगे जबकि मानुष और हरमीत देश के लिए पुरुषों की दूसरी जोड़ी बनाएंगे।

## शुरुआती मुकाबलों में खराब प्रदर्शन के बाद केकेआर को खेल का स्तर ऊंचा करना होगा : रॉय

बेंगलुरु, 25 अप्रैल। कोलकाता नाइट राइडर्स के आक्रामक बल्लेबाज जेसन रॉय ने इंडियन प्रीमियर लीग के शुरुआती चरण में टीम के लचर प्रदर्शन की बात को स्वीकार करते हुए मंगलवार को खिलाड़ियों से खेल के स्तर को ऊंचा करने कोकहा। आईपीएल खिताब को दो बार जीतने वाली केकेआर की टीम ने शुरुआती सात मैचों में से दो में जीत दर्ज की है। रिंकू सिंह के अलावा टीम के किसी खिलाड़ी के प्रदर्शन में निरंतरता नहीं रही है। रॉय ने पिछले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आक्रामक अर्धशतक जड़ा था तो वहीं मुंबई इंडियंस के खिलाफ वेंकटेश अय्यर ने शतक जड़ा था लेकिन इन दोनों मैचों में टीम को हार का सामना करना पड़ा। रॉय ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, " टीम के अंदर सिर्फ इतनी ही बात हो रही है कि अपनी ओर से पूरा जोर लगाना जारी रखे और खेल का लुत्फ उठाये। खेल के छोटे प्रारूप में हारना बहुत आसान है, इससे खिलाड़ी आत्मविश्वास खो देते हैं।" उन्होंने कहा, "हमें अब अपने खेल के स्तर को ऊंचा करना होगा।

# उच्चतम न्यायालय शुक्रवार को करेगा पहलवानों की याचिका पर सुनवाई

नयी दिल्ली, 25 अप्रैल । उच्चतम न्यायालय ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली सात महिला पहलवानों की याचिका पर मंगलवार को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी करते हुए कहा कि वह शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और पी. एस. नरसिम्हा की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों पर गौर करते कहा कि यह गंभीर मामला एक नाबालिग सहित सात महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों से संबंधित है। पीठ ने श्री सिब्बल की दलीलों पर सहमति व्यक्त करते हुए दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया और कहा कि मामले की अगली सुनवाई वह शुक्रवार को करेगी।

उल्लेखनीय है कि भारतीय पहलवान विनेश फोगाट और अन्य ने डब्ल्यूएफआई प्रमुख सिंह पर यौन उत्पीड़न और आपराधिक धमकी देने का आरोप लगाते हुए दिल्ली पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की मांग करते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि पहलवानों द्वारा रिट याचिका में लगाए गए आरोपों की प्रकृति को देखते हुए याचिकाकर्ताओं के नामों में संशोधन किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने अपना आदेश पारित करने से पहले शुरू में कहा था कि सामान्य रूप से ऐसे मामलों में पीड़ित व्यक्ति दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156(3) के तहत उपचार का लाभ उठा सकता है। इस पर श्री सिब्बल ने तर्क दिया कि इस प्रकार की शिकायतों पर प्राथमिकी दर्ज नहीं करने के लिये यहां तक कि पुलिस कर्मियों पर भी मुकदमा चलाया जा सकता है। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सोमवार को वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र हुड्डा ने विशेष उल्लेख के दौरान इस मामले उठाया था। अधिवक्ता ने याचिकाकर्ताओं का पक्ष रखते हुए पीठ से इस मामले पर शीघ्र सुनवाई की गुहार लगाई थी। पीठ ने याचिका के सूचीबद्ध नहीं होने की बात बताते हुए श्री हुड्डा से इस मामले का मंगलवार को फिर से उल्लेख करने को कहा और आज श्री हुड्डा के समर्थन में श्री सिब्बल ने इस मामले को उठाया।

याचिका के अनुसार, फोगाट और अन्य पहलवानों ने दिल्ली पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज करने में अत्यधिक देरी का हवाला देते हुए अदालत से गुहार लगाई थी कि पुलिस को सिंह के खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया जाये। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोपों की जांच के लिए 23 जनवरी को खेल मंत्रालय ने ओलंपिक मेडलिस्ट मुक्केबाज एम सी मैरी कॉम की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। इस समिति ने अप्रैल के पहले सप्ताह में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की थी, लेकिन इसके निष्कर्ष अभी तक सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।

मैरी कॉम के अलावा समिति के अन्य सदस्यों में ओलंपिक पदक विजेता पहलवान योगेश्वर दत्त, पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी और मिशन ओलंपिक सेल की सदस्य तृप्ति मुरगुंडे, भारतीय खेल प्राधिकरण की पूर्व कार्यकारी निदेशक (टीम) राधिका श्रीमन और टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) के पूर्व सीईओ राजेश राजगोपालन शामिल थे। ओलंपियन पहलवान बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट और अन्य शीर्ष भारतीय पहलवानों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक बार फिर रविवार से डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। ओलंपिक खेलों की पदक विजेता साक्षी पत्रकारों से बात करते हुए रो पड़ीं थीं।

### पहलवानों ने कहा, बृजभूषण की गिरफ्तारी नहीं होने तक विरोध प्रदर्शन खत्म नहीं करेंगे

नयी दिल्ली, 25 अप्रैल। भारत के शीर्ष पहलवानों ने कई राजनेताओं और किसान संगठनों के समर्थन के बीच मंगलवार को बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ अपना विरोध प्रदर्शन तेज कर दिया और कहा कि यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष की गिरफ्तारी नहीं होने तक वे धरना स्थल से नहीं जाएंगे। विनेश फोगट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया सहित पहलवानों ने आरोप लगाया कि डब्ल्यूएफआई प्रमुख अब बाहुबल का सहारा ले रहे हैं और धमकी तथा रिश्वत देकर 'पीड़ितों' को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। विनेश ने दावा किया कि दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण को पीड़ितों के नाम लीक किए हैं जो हरियाणा कुश्ती संघ के महासचिव राकेश और कोच महाबीर प्रसाद बिश्नोई का इस्तेमाल उन महिला पहलवानों के परिवारों को डराने-धमकाने के लिए कर रहे हैं जिन्होंने डब्ल्यूएफआई प्रमुख के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। विनेश ने संवाददाताओं से कहा, "बृजभूषण अब शिकायतकर्ताओं के नाम जानते हैं। दिल्ली पुलिस ने उन्हें नाम लीक कर दिए हैं। वे धमकियां दे रहे हैं। वे पीड़ितों को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं और इसलिए प्राथमिकी दर्ज करने में देरी हो रही है।"

# मुंबई को रौंदकर दूसरे स्थान पर पहुंचा गुजरात



अहमदाबाद, 25 अप्रैल। सलामी बल्लेबाज़ शुभमन गिल (34 गेंद, 56 रन) की अगुवाई में बल्लेबाजों के आतिशी प्रदर्शन के बाद नूर अहमद (37/3) और राशिद खान (27/2) की किफायती गेंदबाजी की बदौलत गुजरात टाइटन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एकतरफा मुकाबले में मंगलवार को मुंबई इंडियन्स को 55 रन से रौंद दिया। गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 207 रन बनाये, जो आईपीएल में उसका का सबसे बड़ा स्कोर है। इसके जवाब में मुंबई 152 रन तक ही पहुंच सकी।

गुजरात को उसके सबसे बड़े स्कोर तक पहुंचाने के लिये गिल ने 34 गेंद पर सात चौकों और एक छक्के के साथ 56 रन बनाये। गुजरात भले ही मध्य ओवरों में धीमी पड़ गयी, लेकिन डेविड मिलर (22 गेंद, 46 रन), अभिनव मनोहर (21 गेंद, 42 रन) और राहुल तेवतिया (पांच गेंद, 20 रन) ने मेजबान टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचा दिया।

इस लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई ने 59 रन पर ही पांच विकेट गंवा दिये। सूर्यकुमार यादव (12 गेंद, 23 रन) और नेहाल वढेरा (21 गेंद, 40 रन) ने अंत में संघर्ष के कुछ निशान दिखाये, लेकिन वे हार के अंतर को कम ही कर सके। गुजरात इस जीत के बाद 10 अंकों के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर आ गयी है, जबकि मुंबई छह अंकों के साथ सातवें पायदान पर बरकरार है।

मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करते हुए सलामी बल्लेबाज ऋद्धिमान साहा से जल्दी छुटकारा पा लिया, लेकिन गिल पावरप्ले से ही गेंदबाजों पर बरस पड़े। उन्होंने छठे ओवर में कैमरन ग्रीन को दो चौके और एक छक्का लगाया जबकि गुजरात ने पावरप्ले में 50 रन जोड़े।

पावरप्ले के फौरन बाद पीयूष चावला ने हार्दिक पांड्या का विकेट चटकाया। गुजरात के बल्लेबाज स्पिनरों के खिलाफ आक्रामकता बरकरार नहीं रख सके जिससे उनकी रनगति धीमी पड़ गयी। विजय शंकर ने 10वें ओवर में कुमार कार्तिकेय को एक चौका और एक छक्का लगाया, हालांकि वह अपनी 16 गेंद की पारी में 19 रन ही बना सके। शुरुआती 16 गेंद में 31 रन बनाने वाले गिल ने 33 गेंद में अपना अद्धर्शतक पूरा किया।

## आरसीबी के खिलाफ अपना अभियान पटरी पर लाने उतरेगा केकेआर

बेंगलुरू, 25 अप्रैल। लगातार चार मैचों में हार से आहत कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) बुधवार को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के खिलाफ यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में अपना अभियान वापस पटरी पर लाने का प्रयास करेगा। दो बार के चैंपियन केकेआर ने अभी तक सात मैचों में से केवल दो में जीत दर्ज की है और वह सातवें स्थान पर काबिज है। इससे उसकी आगे की राह काफी कठिन हो गई है। केकेआर को बल्लेबाजों के लचर प्रदर्शन का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। उसे नियमित कप्तान श्रेयस अय्यर और ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की कमी भी खल रही है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ रविवार को खेले गए पिछले मैच में केकेआर के बल्लेबाजों को बड़े लक्ष्य के सामने अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत थी लेकिन उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर, कप्तान नितीश राणा और एन जगदीशन ने दबाव में अपने विकेट गंवाए। केकेआर अभी तक अदद सलामी जोड़ी नहीं तलाश पाया है। उसने अभी तक सुनील नारायण, जगदीशन, लिटन दास, जेसन रॉय और रहमानुल्लाह गुरबाज को सलामी बल्लेबाज के रूप में आजमाया है। पिछले मैच में जेसन रॉय और रिंकू सिंह ने अर्धशतक जमाए लेकिन इन दोनों के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया। आंद्रे रसेल भी फिनिशर की अपनी भूमिका में खरे नहीं उतर पाए। केकेआर के लिए उनकी फिटनेस भी चिंता का विषय है क्योंकि इस सत्र में वह अभी तक एक बार भी अपने कोटे के चारों ओवर नहीं कर पाए हैं। केकेआर ने इस सत्र के शुरू में आरसीबी को 81 रन से हराया था और वह उस मैच से प्रेरणा लेकर मैदान पर उतरेगा।

## वार्नर पर लगा 12 लाख जुर्माना

हैदराबाद, 25 अप्रैल। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान डेविड वार्नर पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में धीमी ओवर गति बरकरार रखने के लिये जुर्माना लगाया गया है। बीसीसीआई ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह वॉर्नर की टीम के लिये सीजन का पहला अपराध था इसलिए उनपर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली ने सोमवार को खेले गये आईपीएल मुकाबले में सनराइजर्स पर सात रन की रोमांचक जीत दर्ज की।

## बबीता का आरोप, निगरानी समिति की सदस्य ने उनसे रिपोर्ट छीनी

नयी दिल्ली, 25 अप्रैल। पूर्व पहलवान बबीता फोगाट ने मंगलवार को दावा किया कि निगरानी समिति की उनकी साथी सदस्य राधिका श्रीमन ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों पर अंतिम रिपोर्ट उनके पूरा पढ़ने से पहले ही उनसे छीन ली थी। पूर्व खेल प्रशासक राधिका ने हालांकि इन आरोपों को सिरे से नकार दिया है। विरोध करने वाले पहलवानों के जोर देने पर आरोपों की जांच के लिए सरकार के जांच पैनल में शामिल बबीता ने आरोप लगाया कि उन्हें कुछ आपत्तियां थीं लेकिन राधिका ने उन्हें पूरी रिपोर्ट पढ़ने नहीं दी। बबीता ने बताया, "मैंने अंतिम रिपोर्ट के कुछ ही पन्ने पढ़े थे और मुझे कुछ आपत्तियां थीं लेकिन राधिका श्रीमन ने आकर रिपोर्ट छीन ली। उन्होंने कहा कि चूंकि मैं उसी परिवार (फोगाट) से संबंधित हूं जो विरोध प्रदर्शन कर रहा है इसलिए मैं रिपोर्ट नहीं पढ़ सकती।"

## लखनऊ सुपरजायंट्स के गेंदबाज नवीन उल हक ने किया कप्तान राहुल का बचाव

लखनऊ, 25 अप्रैल। लखनऊ सुपरजायंट्स टीम के तेज गेंदबाज नवीन उल हक ने इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में धीमी बल्लेबाजी के लिये आलोचना से घिरे अपने कप्तान लोकेश राहुल का बचाव करते हुए कहा है कि उनक प्रदर्शन अच्छा रहा है और उन्होंने टीम की अच्छी तरह से अगुवाई की है। गुजरात टाइटंस के खिलाफ पिछले मैच में टीम की सनसनीखेज हार के बाद लखनऊ के इकाना स्टेडियम की पिच को लेकर उठ रहे सवालों पर हक ने कहा कि पिच में कोई खराबी नहीं थी। हक ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा, "राहुल ने टीम की अच्छी तरह से अगुवाई की है। उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया है। आप उनके स्ट्राइक रेट के बारे में बात कर सकते हैं, मगर किसी को तो मैच को आगे ले जाना होता है। राहुल ने यह काम किया है। उन्होंने मैच की परिस्थितियों के हिसाब से बल्लेबाजी की है।

## गेंदबाजों ने एक इकाई के रूप में प्रदर्शन किया : कुलदीप

हैदराबाद, 25 अप्रैल। दिल्ली कैपिटल्स के वामहस्त स्पिनर कुलदीप यादव ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सनराइजर्स हैदराबाद के विरुद्ध मिली रोमांचक विजय के बाद कहा कि सभी गेंदबाजों का एक इकाई के रूप में काम करना उनकी जीत का कारण बना। दिल्ली अपने बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण सनराइजर्स के सामने 145 रन का लक्ष्य ही रख सकी, हालांकि उसके गेंदबाजों ने बेहतरीन अनुशासन के साथ सनराइजर्स को 20 ओवर में 137 रन ही बनाने दिये।

कुलदीप ने सोमवार को मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, "एक गेंदबाजी इकाई के रूप में हमने अच्छा प्रदर्शन किया। पावरप्ले में अच्छी गेंदबाजी हुई। मैंने और अक्षर (पटेल) ने (मध्य ओवरों में) मुकाबले का रोमांच बरकरार रखा और अंतिम चार ओवर में (आनरिक) नॉर्खिया और मुकेश (कुमार) ने अपनी भूमिका निभाई।" उन्होंने कहा, "उन्होंने (वॉर्नर) महसूस किया कि लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल था। एक कप्तान के रूप में वह गेंदबाजी इकाई में विश्वास दिखाते रहे और सही फील्डिंग सजाकर गेंदबाजों का समर्थन करते रहे। यह (जीत के लिये) महत्वपूर्ण था।" पिछले मुकाबले में इस सीजन की पहली जीत दर्ज करने वाली दिल्ली ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए अच्छी शुरुआत की थी, हालांकि वाशिंगटन सुंदर ने आठवें ओवर में तीन विकेट चटकाकर मुकाबले का रुख पलट दिया। दिल्ली इन झटकों नहीं उभरी और मनीष पांडे-अक्षर पटेल के बीच छठे विकेट के लिये हुई 69 रन की साझेदारी के बावजूद 144 रन ही बना सकी।

# डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिये रहाणे की टेस्ट टीम में वापसी

मुंबई, 25 अप्रैल। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सात जून से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिये मंगलवार को घोषित 15 सदस्यीय स्क्वाड में अजिंक्य रहाणे का नाम शामिल किया है।

रहाणे ने भारत के लिये आखिरी टेस्ट 11 जनवरी 2022 को दक्षिण अफ्रीका में खेला था, जहां उन्होंने क्रमशः नौ और एक रन बनाया था। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सीजन में रहाणे शानदार फॉर्म में रहे हैं। उन्होंने आईपीएल 2023 में अब तक पांच मैच खेलकर 199.04 के स्ट्राइक रेट से 209 रन बनाये हैं, जिसके कारण उन्हें डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिये चुनने पर विचार किया गया।

उल्लेखनीय है कि रहाणे के टेस्ट टीम से बाहर होने के बाद भारतीय टीम प्रबंधन ने श्रेयस अय्यर को उनकी जगह दी थी, लेकिन अय्यर कमर की सर्जरी करवाने के कारण करीब छह माह के लिये क्रिकेट से दूर हो गये हैं। भारतीय सरज़मीन पर अक्टूबर-नवंबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप 2023 से पहले अय्यर का वापसी करना मुश्किल है।

इसके अलावा भारतीय टीम की बल्लेबाजी में कोई विशेष बदलाव नहीं है। रोहित शर्मा की टीम में शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, रहाणे और केएल राहुल के रूप में छह प्रमुख बल्लेबाज हैं। ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में स्क्वाड का हिस्सा रहे ईशान किशन डब्ल्यूटीसी फाइनल टीम में जगह नहीं बना सके।

अय्यर की तरह शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी कमर की समस्या के कारण स्क्वाड से बाहर हैं। बुमराह ने हाल ही में न्यूजीलैंड में अपनी कमर की सर्जरी करवाई थी और वह फिलहाल बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैब प्रक्रिया से गुजर रहे हैं।


## कार्यालय नगर पालिका लालसोट (दौसा)

Email ID-lalsot.jaipur@yahoo.com Ph.-01431-260714

क्रमांक-न.पा.ला./कृ.भू.रू./2023/422 दिनांक-25.04.2023

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है नगर पालिका में निम्न आवेदकों द्वारा कृषि भूमि में पट्टा पत्रावली प्रस्तुत की है यदि उक्त आवेदन पर किसी आम व खास को कोई उज्र/आपत्ति हो तो पालिका में सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें बाद मियाद गुजरने पर किसी भी उज्र/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम व पता | खसरा नं. कस्बा व कॉलोनी नाम | वर्गगज | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मुकेश कुमार पुत्र रामस्वरूप शर्मा पट्टी कला | 239/5 आश्रम नगर ए नगरियावास | 100 | आवासीय |
| 2 | मुकेश कुमार पुत्र रामस्वरूप शर्मा पट्टी कला | उपरोक्त | 200 | आवासीय |
| 3 | सतीश कुमार पुत्र मोहनलाल गौड | उपरोक्त | 100 | आवासीय |
| 4 | सतीश कुमार पुत्र मोहनलाल गौड पट्टी कला | उपरोक्त | 100 | आवासीय |
| 5 | रमेश चंद्र मीणा पुत्र जगदीश प्रसाद मीणा मटलाना | 4144/210, 4145/210 4149/215 दादू दयाल नगर लालसोट | 150 | आवासीय |
| 6 | चंचल देवी पत्नी विजय कुमार शर्मा टोडा गंगा | 4044/992 नेहरू कॉलोनी लालसोट | 100 | आवासीय |
| 7 | जगन लाल मीणा पुत्र हरगोविंद मीणा खारली | 2028 देवनगर लालसोट | 171.11 | आवासीय |
| 8 | फूला देवी पत्नी कन्हैया लाल यादव | 347/36 शिवनगर चांदसेन | 138.88 | आवासीय |
| 9 | रामकिशन पुत्र कल्याण सहाय बिलौना कला | 36/2/57/1 सुरक्षित नगर चांदसेन | 100.13 | आवासीय |
| 10 | निर्मला देवी पत्नी हनुमान तिवाडी राजोली | 289/37 सुरक्षित नगर चांदसेन | 73.33 | आवासीय |
| 11 | नंदलाल पुत्र कल्याण सिंह दिल्ली | 36/2/57/1 सुरक्षित नगर चांदसेन | 74.86 | आवासीय |
| 12 | सीता देवी पत्नी राजेश कुमार मिरोठा झाहीरा | 2490,2491,2492,2493 श्रीराम वाटिका लालसोट | 138.88 | आवासीय |
| 13 | लाडा देवी पत्नी मुरारी लाल शर्मा लालसोट | 4443/3165 जमात कोथुन रोड लालसोट | 144 | आवासीय |
| 14 | रसाल मीना पत्नी लल्लू राम मीना खटवा | 2422 हनुमान वाटिका लालसोट | 156.67 | आवासीय |
| 15 | विमलेश कुमार पुत्र सूर्य प्रसाद शर्मा लालसोट | 568/2 गणेश कटला लालसोट | 160 | आवासीय |
| 16 | ग्यारसी देवी पत्नी गंगाराम माली खटवा | 2410,2411,2412 कृष्णा विहार लालसोट | 100 | आवासीय |
| 17 | सम्राट शर्मा पुत्र कैलाश प्रसाद पाखला लालसोट | 915 नेहरू कॉलोनी लालसोट | 73.33 | आवासीय |
| 18 | संगीता मीणा पत्नी रूप सिंह मीणा बगडी | 590/231 ग्रीन सिटी श्योनन्दा की झूपडिया | 166.67 | आवासीय |
| 19 | गिर्राज प्रसाद पुत्र मूलचंद सैनी रामगढ पचवारा | 2179,2195,2209,2210 2189,2187,2193,4397/2178 2191,2190,2194,2213 माधव नगर द्वितीय लालसोट | 130 | आवासीय |
| 20 | राजेंद्र प्रसाद पुत्र रामबिलास मीणा बिछौछ | उपरोक्त | 111.11 | आवासीय |
| 21 | रमेशी देवी पत्नी चैनराम मीना मिस्कीनपुरा | 3907/1462 लक्ष्मी विहार स्कीम प्रथम लालसोट | 209.55 | आवासीय |
| 22 | सुनीता देवी पत्नी कमलेश मीना मिस्कीनपुरा | उपरोक्त | 204.44 | आवासीय |

उक्त आपत्ति आज दिनांक 25.4.23 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

**(रक्षा मिश्रा)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका लालसोट**

**(सीमा चौधरी)**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका लालसोट**

## संक्षिप्त

### चार स्थानों पर प्याऊ लगाई

**चाकसू, (निसं)।** चाकसू के सेवाभावी नवयुवकों द्वारा पांच साल पहले गठित सेवार्थ फाउंडेशन के तत्वावधान में गर्मी के मौसम में अक्षय तृतीया के पावन पर्व से ही आवागमन के भीड़भाड़ वाले मुख्य स्थानों पर ठंडी प्याऊ लगाकर जनसेवा की जा रही है। चाकसू में कोटखावदा चौराहा, फागी चौराहा, शीतला बस स्टैंड एवं शिवदासपुरा बस स्टैंड पर ठंडी प्याऊ का शुभारंभ करते हुए चारों स्थानों पर चिलिंग प्लांट लगा कर जल सेवा शुरू कर दी गई है।इस व्यवस्था पर लगभग 1800 रुपए प्रतिदिन का खर्चा आता है लेकिन अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से प्रतिदिन की सहयोग राशि 500 रुपए ही रखी गई है।

### प्रभु बाडोलिया सम्मानित

**टोंक, (निसं)।** सोशल वर्किंग व समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने पर सोशल अवेयरनेस एंड पीस यूनिवर्सिटी नई दिल्ली की ओर से टोंक निवासी प्रभु बाड़ोलिया को डॉक्टरेट ऑफ फिलोसोफी की उपाधी प्रदान की गई है। मंगलवार को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में विश्वविधालय की ओर से दी गई उपाधी के बाद बाड़ोलिया को गौरव रत्न सेवा से भी सम्मानित किया गयो। ज्ञात रहे कि मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित प्रभू बाडोलिया टोंक में भाजपा के जिला महामंत्री है।

### छात्रा को एक लाख रुपए का अवार्ड दिया

**खैरथल, (निसं)।** मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने स्थानीय एन्जल एकेडमी की वाणिज्य वर्ग की छात्रा ममता बाबानी पुत्री किशोर बाबानी द्वारा सर्वोच्च अंक प्राप्त करने पर इन्दिरा प्रियदर्शनी अवार्ड के तहत राज्य सरकार द्वारा एक लाख रूपये का पुरस्कार भेंट कर सम्मानित किया।इस उपलक्ष्य में किशनगढ़ बास मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भारत भूषण शर्मा ने विद्यालय प्रागंण में आयोजित कार्यक्रम में उक्त पुरुस्कार दिया।

### नशा मुक्त कैंपेन का आयोजन

**फागी, (निसं)।** न्यायालय परिसर में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट फागी शालिनी शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट कोमल मंडल तथा बार एसोसिएशन फागी अध्यक्ष हनुमान सहाय सियाग ने नालसा व रालसा के निर्देशानुसार तथा सामाजिक एवं अधिकारिता विभाग भारत सरकार व ब्रह्माकुमारी संस्थान के संयुक्त तत्वधान में नशा मुक्त भारत कैंपेन का आयोजन किया तथा गांव गांव में नशा मुक्त भारत का प्रचार प्रसार करने हेतु नशा मुक्त भारत वाहिनी को झंडी दिखाकर रवाना किया।

### आभार जताया

**पावटा, (निसं)।** ब्राह्मण महासभा पावटा के तत्वावधान आयोजित भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर शहर में निकाली गई भव्य शोभायात्रा में शामिल सभी विप्र बंधुओं व अन्य विशिष्ट जनों के प्रति नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा व तहसील अध्यक्ष राजेश शर्मा ने कृतज्ञता प्रकट करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के चलते पावटा नगर व तहसील के विभिन्न क्षेत्रों से काफी संया में विप्र बंधुओं ने पावटा पहुंचकर शोभायात्रा में हिस्सा लिया। यह समाज के लिए बहुत बडी उपलब्धि है।

# सफाईकर्मी भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने की मांग

**टोंक, (निसं)।** वाल्मिकी महापंचायत राजस्थान, अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस एवं वाल्मीकि महापंचायत टोंक के संयुक्त तत्वावधान में सफाई कर्मचारी पद पर लगे सभी कार्मिकों से मूल कार्य ही करवाने व भर्ती में पद बढ़ाते हुये इसमे पारम्पिक रूप से जुड़े वाल्मिकी समाज को ही प्राथमिकता देने की मांग को लेकर समाज के सैकडों युवाओं ने प्रदर्शन कर एसीओ जिला परिषद को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है।

- सफाई कर्मचारी पद पर लगे सभी कार्मिकों से मूल कार्य करवाने की भी मांग



वाल्मीकि समाज के युवाओं ने रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया।

वाल्मिकी महापंचायत के प्रदेश संयोजक राजेश पारोचिया, अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस नगर शाखा टोंक के नगर अध्यक्ष नाथूलाल चांवरिया एवं अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस (रजि.) शाखा टोंक के अध्यक्ष पूर्व पार्षद एड. रामलाल सेलिवान के साथ सैंकड़ों युवा गांधी पार्क से रेली निकाल कर कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां दिये ज्ञापन में उक्त मांगों के समर्थन में नगर परिषद के सफाई कर्मचारियों ने मंगलवार दोपहर से अनिश्चतकालिन हड़ताल की घोषणा करते हुये सफाई कार्य का बहिष्कार की घोषणा की है।

ज्ञापन में गैर वाल्मीकि समाज के नियमित सफाई कर्मचारियों को अपने मूल पद के अनुरूप सफाई कार्य करवाने, नई भर्ती में वाल्मीकि समाज के ही लोगों को भर्ती करने के साथ ही 13 हजार 184 सफाई कर्मचारी के पदों को बढ़ाकर बजट घोषणानुसार 30 हजार पदो पर भर्ती करने की मांग की है। कलेक्ट्रेट से पूर्व सफाई कर्मचारियों ने नगर परिषद के सामने भी प्रदर्शन कर चेताया कि जब तक गैर वाल्मीकि समाज के सफाईकर्मी हमारे साथ सफाई का काम नहीं करेंगे, तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

पार्षद हकीकत राय सौदा एवं वाल्मीकि महापंचायत के प्रदेश संयोजक राजेश पारोचिया ने बताया कि 2018 में टोंक में करीब 325 सफाई कर्मियों की भर्ती हुई थी। इनमें कई सफाईकर्मी एवं वाल्मीकि समाज से हैं, जो नगर परिषद प्रशासन की कथित मिलीभगत से सफाई का काम नहीं कर रहे हैं। उनको अन्य विभागों में दूसरे काम पर लगा रखा है, जिसके कारण शहर की सफाई व्यवस्था बाधित हो रही है। साथ ही नई सफाई भर्ती में वाल्मीकि समाज के अलावा अन्य को आरक्षण दिये जाने का भी ज्ञापन में विरोध जताया गया है। ज्ञापन देने वालो में पार्षद आदित्य मीणा, रामअवतार जमादार, सचिन धाप, गुलाब, राजेन्द्र, नवल किशोर आदि काफी लोग शामिल रहे।

## विधायक ने विकास कार्यों का लोकार्पण किया

**मनोहरपुर, (निसं)।** ग्राम पंचायत छारसा में विकास कार्यों का लोकार्पण शाहपुरा के विधायक आलोक बेनीवाल के द्वारा किया गया। साथ में शाहपुरा पंचायत समिति प्रधान मंजू शर्मा, शाहपुरा पंचायत समिति सदस्य ओमप्रकाश हरितवाल, एसडीओ मनमोहन मीणा, तहसीलदार महेश ओला, बीडीओ रामचंद्र सैनी, सीडीपीओ योगेश पलसानिया, छारसा सरपंच राधेश्याम वसिष्ठ, ब्लॉक सीएमएचओ विनोद, डॉक्टर अमीचंद हरितवाल सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

विधायक के निजी सचिव वीरेंद्र चोधरी ने बताया कि विधायक आलोक बेनीवाल ने कहा चहुमुखी विकास की गंगा बहाने में धन की कमी नही आने दूंगा। विधायक ने राजकीय उप स्वास्थ्य भवन का लोकार्पण लागत 41 लाख, छारसा रोड से शेणो की ढाणी सीसी रोड का लोकार्पण लागत 5 लाख,छारसा रोड से एससी मोहल्ला में सीसी रोड का लोकार्पण लागत 5 लाख,आयुर्वेद चिकित्सालय परिसर में सीसी ब्लॉक लगाने का लोकार्पण 3.5 लाख,सीसी सड़क निर्माण कार्य नाई मोहल्ला वार्ड नंबर 4 का लोकार्पण लागत 4 लाख, राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय में ब्लॉक निर्माण कार्य का लोकार्पण लागत 5 लाख के विकास कार्यो का लोकार्पण किया हैं।

## मालपुरा में जिला कलेक्टर ने की जनसुनवाई

**मालपुरा, (निसं)।** जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने मंगलवार को मालपुरा नगरपालिका सभागार में कैम्प लगा जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने कलेक्टर के समक्ष प्रार्थना पत्र सौंप लम्बे समय से पट्टे नहीं मिलने की शिकायत की।

साथ ही बस स्टैण्ड के बाहर व नवीन मंडी में बरसाती नालों की सफाई व नालों पर हुए अतिक्रमण हटाने सहित बृजलालनगर आवासीय कॉलोनी में नाली निर्माण के अभाव में बीच सड़क पर जमा पानी व गंदगी से निजात दिलाने की गुहार लगाई। तो एक दर्जन से अधिक फरियादियों ने 25 से 30 साल पूर्व नगरपालिका प्रशासन द्वारा आदर्श नगर में की गई भूखण्डों की नीलामी में खुली बोली से खरीदे गये भूखण्ड के पट्टे नहीं बनने की शिकायत की। कलेक्टर को मामले को गंभीरता से ले ईओ राजपाल बुनकर से पूछताछ की तो वरिष्ठ लिपिक निहालचंद जैन ने उक्त भूखण्ड तालाबी पेटे में होने व तालाबी पेटे पर न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश जारी किये जाने का हवाला दे आदेशों की प्रति जिला कलेक्टर को सौंपी। कलेक्टर ने कहा कि तालाबी पेटे मे पालिका प्रशासन द्वारा की गई भूखण्डो की निलामी न्यायालय के आदेशो की अवहेलना व नियमो के विपरीत की गई है। ऐसे में उक्त भूखण्डों का पट्टा जारी किया जाना सम्भव नहीं है। विदित रहे कि तालाबी भूमि पर बड़ी संख्या में आवासीय मकानों का निर्माण किया जा चुका है। तो आज भी निर्माण कार्य धड़ल्ले से चल रहे हैं।

## पीएचडी की उपाधि मिली

**नरैना, (निसं)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नरैना के उपप्रधानाचार्य रामकिशन सैनी को पीएचडी की उपाधि मिली है। आपको बता दें कि सांभर लेक निवासी रामकिशन सैनी को राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के भूगोल विभाग से डॉक्टरेट ऑफ फिलॉसफी(पीएचडी) की उपाधि प्रदान की गई है।

# मंत्री व जिला कलेक्टर ने कैंपों का किया निरीक्षण

**लालसोट, (निसं)।** राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए महंगाई राहत कैंप, प्रशासन गांव के संग शिविर एवं प्रशासन शहरों के संग शिविर के द्वितीय दिन मंगलवार को जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारियों द्वारा जिले में संचालित महंगाई राहत कैंपों का निरीक्षण एवं मुख्यमंत्री गारंटी कार्ड वितरित किये गये।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा व जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने महंगाई राहत कैंप नगर पालिका मंडावरी का अवलोकन किया तथा लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी। चिकित्सा मंत्री मीणा ने कहा कि महंगाई राहत शिविर में आने वाले लोगों को सुगमता के साथ गारंटी कार्ड का वितरण कर लाभान्वित किया जाए। इसके अलावा जिला कलेक्टर कमर चौधरी द्वारा महंगाई राहत कैम्प नगर पालिका क्षेत्र लालसोट व नगर परिषद दौसा में, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा महवा में संचालित महंगाई राहत कैंप एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामकिशोर मीणा ने बांदीकुई व बसवा में संचालित महंगाई राहत कैम्पो का प्रभावी निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने महंगाई राहत कैम्पों में उपस्थति आमजन को कैम्प में रजिस्टर की जा रही है 10 योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराते हुए इनमें रजिस्ट्रेशन हेतु आवश्यक दस्तावेज आदि को जरूरी बताया। इस दौरान कैंप उपखंड अधिकारी लालसोट ब्रिजेन्द्र मीणा पीसीसी सदस्य पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र अधिशासी अधिकारी नगर पालिका लालसोट सीमा चौधरी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मंडावरी नमन कुमार शर्मा रमेश चंद शर्मा कनिष्ठ अभियंता पूजा मीणा बस राम मीणा आर आई संतोष मीणा गजानंद शर्मा रामअवतार मीणा प्रीति मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



लालसोट नगरपालिका में गारंटी कार्डो का जिला कलेक्टर कमर चौधरी एवं पालिका अध्यक्ष रक्षा मिश्र ने वितरण किया।

# सी.एम. ने महंगाई राहत कैंप का अवलोकन किया

**चौमूं/कालाडेरा, ( निसं )।** कालाडेरा के भाला स्टेडियम में आयोजित महंगाई राहत शिविर का मंगलवार को अवलोकन करने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा पहुंचे।

मुख्यमंत्री का पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी, नगरपालिका चैयरमैन विष्णु कुमार सैनी, कालाडेरा सरपंच अशोक कुमार शर्मा, सेवा दल के जिलाध्यक्ष लल्लूराम सैनी, कालाडेरा ईकाई अध्यक्ष भगवान सहाय शर्मा, श्रवण कुमार यादव के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। भाला स्टेडियम में सम्बोधन के दौरान सीएम गहलोत ने कहा आज के समय में अंग्रेजी के बिना काम नहीं चलता, बचपन में मैं भी सोचता था अंग्रेजी क्या काम आएगी। डोटासरा ने शिक्षा मंत्री रहते समय अंग्रेजी विषय सरकारी स्कूलों में पढ़ाने का प्रयोग किया था। हमारी सरकार की थीम है जनता का पैसा जनता के लिए। जहां भी स्कूल में 500 छात्राएं होगी उस स्कूल को कॉलेज बनाने की बात कहीं। मुख्यमंत्री ने सरकार की ओर से एनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। जिसमें 500 रुपये में उज्ज्वला योजना के तहत सिलेण्डर, 100 यूनिट तक बिजली फ्री सहित किसानों के लिए चलाई जा रही अनेक योजनाओं के बारे में बताया।

गौरतलब है कि जिस प्रकार से कालाडेरा कस्बे की जनता ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के स्वागत में भव्य समारोह आयोजित किया लेकिन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कालाडेरा की जनता को मायूस किया। कालाडेरा की जनता लगातार कालाडेरा को नगरपालिका बनाने व कालाडेरा में कृषि महाविद्यालय खोलने सहित कालाडेरा कस्बे से गुजरने वाले चौमूं महला स्टेड हाईवे को फोर लेने करने की लगातार मांग कर रही है लेकिन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने किसी भी कार्य की घोषणा नहीं की जिससे कालाडेरा की जनता मायूस हो गई।

- कालाडेरा कस्बे को नहीं दी कोई भी सौगात
- कार्यक्रम स्थल पर कांग्रेस की महिला नेत्री व पूर्व विधायक में हुई तीखी नोख जोख

वहीं मुख्यमंत्री के जाने के बाद कार्यक्रम स्थल पर कांग्रेस की महिला नेत्री व पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी के बीच तीखी नोख जोख देखने को मिली। सभा के दौरान रुक्क्षमणी कुमारी को मंच पर नहीं बिठाया गया था लेकिन जब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंच पर पहुंचे तो उन्होंने मंच पर नजर डाली तो रुक्क्षमणी कुमारी नजर नहीं आई। रुक्क्षमणी कुमारी आम जनता के बीच बैठी हुई थी। तभी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नजरों से इशारा करते हुए रुक्क्षमणी कुमारी को मंच पर बुलाया और पहली पंक्ति में बिठाया गया। इधर सीएम के जाने के बाद रुक्क्षमणी कुमारी का धैर्य भी जवाब दे गया और लगे हाथ पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी को आड़े हाथ ले लिया। कहा आप मुझे हर जगह पर जाने से रोकते हैं, आप मुझे कहां-कहां रोकेंगे।

आप पार्टी के थोड़े सीनियर लीडर हैं, मैं आपका सम्मान करती हूं आपने मंच पर जाने से रोक लिया लेकिन सीएम ने मुझे मंच पर बुला लिया, ऐसे में अब आपकी क्या इज्जत रह गई। यह वीडियो अब जमकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## सार-समाचार

### लवकुश वाटिका का लोकार्पण



**अलवर, (निसं)।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने राज्य सरकार की बजट घोषणा के तहत 2 करोड़ रूपये की लागत की राशि से निर्मित बाबा चूहडसिद्ध लवकुश वाटिका का लोकार्पण मंगलवार को किया। पूर्व केन्द्रीय मंत्री सिंह ने कहा कि धार्मिक, पर्यटन एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह वाटिका बहुपयोगी सिद्ध होगी साथ ही इससे स्थानीय स्तर पर आमजन को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि यह वाटिका आमजन के स्वास्थ के लिए वातावरण प्रदान करने में बेहद लाभाकारी सिद्ध होगी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जिले में पर्यटन को बढावा देने हेतु ऐतिहासिक धरोहरों एवं धार्मिक स्थलों के जीर्णोद्धार का कार्य कराया गया है जिससे स्थानीय स्तर पर ही आमजन के लिए रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। उन्होंने कहा कि बाबा चूहडसिद्ध के स्थान पर बनी यह लवकुश वाटिका जिले में पर्यटन को बढाने में महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने चार वर्ष के कार्यकाल में जिले व अलवर ग्रामीण क्षेत्र को विकास की विभिन्न सौगातें दी है। उन्होंने बाबा चूहडसिद्ध मंदिर को सौलर लाइट से विद्युतीकृत कराने की घोषणा भी की।

### 54 अपराधियों को डिटेन किया

**फुलेरा, (निसं)।** पुलिस मुख्यालय द्वारा बदमाशों की धरपकड़ हेतु चलाये गये विशेष अभियान को मध्यनजर रखते हुए जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव पचार द्वारा जिले में अधिकाधिक कार्यवाही कर सफलता हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू दिनेश शर्मा व वृताधिकारी सांभरलेक लक्ष्मी सुधार के निर्देशन में फुलेरा थानाधिकारी हनुमान सहाय एवं थानाधिकारी सांभरलेक राजेन्द्र कुमार के संयुक्त नेतृत्व में अलग टीमें गठित की गई। जानकारी के अनुसार गठित टीमों द्वारा अभियान को मध्यनजर रखते हुए सांभरलेक क्षेत्र में अलग अलग जगह पर दबिश दी जाकर थाना सांभरलेक द्वारा 7 गिरफ्तारी वारण्टी, 8 गैर सायलान, 1 वांछित अपराधी, 1 स्थायी वारण्टी, 10 जुआ एक्ट में डिटेन किये व 10 सम्पति सम्बधी चालान शुदा अपराधीयो को पूछताछ हेतु डिटेन कर लाने में सफलता हासिल की गई। साथ ही गठित टीमों द्वारा अभियान को मध्यनजर रखते हुये सर्किल सांभरलेक में अलग अलग जगह पर दबिश दी जाकर पुलिस थाना फुलेरा द्वारा 5 गिरफ्तारी वारण्ट, 3 गैर सायलान को डिटेन किये गये व 9 सम्पति सम्बंधी चालान शुदा अपराधियों को पूछताछ हेतु डिटेन कर लाने में सफलता हासिल की है।

### अपराधियों की धरपकड़, 25 जने पकड़े

**नारायणपुर, (निसं)।** पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा के निर्देशन में वांछित अपराधियों की गिरफ़्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को नारायणपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 25 लोगों को गिरफ्तार किया हैं । थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि अपराधिक गतिविधि में लिप्त लोगों की दबिश व तलाशी अभियान के लिए 10 पुलिसकर्मियों की पृथक-पृथक टीम गठित कर कार्रवाई की है। एमवी एक्ट में 28 मोटरसाइकिलों पर कार्रवाई की हैं, शराब पीकर उत्पात मचाने में 4 लोग गिरफ्तार, शराब पीकर वाहन चलाने में 3 गिरफ्तार, अवैध शराब बिक्री में 1 गिरफ्तार, तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाए जाने में 1 गिरफ्तार, मोबाइल छीनने और मारपीट करने में 1 गिरफ्तार, सट्टे में 1 गिरफ्तार, शांतिभंग में 14 लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की हैं ।

### भामाशाह के निधन से शौक की लहर

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** ग्राम पंचायत हांसपुर के पूर्व सरपंच व भामाशाह मालाराम जादूगर का सोमवार शाम 6 बजे मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर में



असामयिक की निधन हो गया, जिनका मंगलवार सुबह 11:30 बजे उनके निवास हांसपुर सतीवाला जोहड़ा श्मशान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जादूगर कई दिनों से अस्वस्थ चलने पर जयपुर के मणिपाल हॉस्पिटल में भर्ती थे जिन्होंने सोमवार को अंतिम सांस ली । बताया गया कि जादूगर कई संस्थाओं ,सीएलजी सदस्य व भामाशाह के रूप में जाने पहचाने जाते थे वहीं अपने ग्राम हांसपुर की स्कूल को भी गोद ले रखी थी जिसमें उन्होंने बढ़-चढ़कर समाज उपयोगी विकास के काम करवाए जाते थे। जादूगर अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर गए हैं। अंतिम संस्कार में पूर्व सरपंच मोहनलाल सैनी , सरदार अर्जुन सिंह, राजू बागवान, मुकेश सैनी, रामअवतार स्वामी, नरसिंह शर्मा ,रेवत सिंह, गोविंद राम, रामअवतार वर्मा ,तेजमल सहीत सैकड़ों की संख्या में कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### 42 बदमाशों को दबोचा

**बहरोड़/नीमराना, (निसं)।** अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस राजस्थान जयपुर द्वारा बदमाशों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत भिवाड़ी एसपी अनिल कुमार बेनीवाल एवं एडिशनल एसपी जगराम मीणा नीमराणा के निर्देशन में बहरोड़ पुलिस उप अधीक्षक आनंद के नेतृत्व में बहरोड़ एवं मांढण थाना अधिकारियों की 1 दर्जन से अधिक गठित टीमों के आसूचना संकलन से बदमाशों के घरों में दबिश दी जाकर बहरोड़ पुलिस पर हमला कर राजकार्य में बाधा डालने सहित बदमाशों के विरुद्ध एकाएक कार्यवाही करने से क्षेत्र के बदमाशों में दहशत एवं खलबली मचाते हुए बहरोड़ से 27 एवं मांढण से 15 सहित 42 बदमाशों को गांवों में दबिश देकर दबोचा।

# तीन महिनों से बोर्ड की बैठक नहीं होने पर पार्षद भड़के

**पावटा, (निसं)।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका बोर्ड की बैठक जनवरी के बाद से नहीं हुई है। तीन माह गुजर गए हैं, जिसे लेकर बोर्ड की बैठक जल्द कराने के लिए सभी पार्षदों ने नगरपालिका ईओ मनीषा यादव से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

पार्षदों ने ईओ मनीषा यादव से आग्रह करते हुए कहा कि नगरपालिका की साधारण सभा बैठक का तत्काल आयोजन, नगरपालिका में आज तक पार्षदों की कमेटियों का गठन नहीं हुआ है कमेटियों का जल्द से जल्द गठन करवाने, पार्षदों को बिना सूचित किये नगरपालिका में चल रहे महंगाई राहत कैंप व प्रशासन गांवों के संग अभियान का आयोजन नगरपालिका में पार्षदों की अनदेखी का प्रमाण है। पार्षदों को नजर अंदाज करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही करने, फर्जी एनओसी व भ्रष्टाचार के खिलाफ तत्काल कमेटी का गठन कर कार्यवाही करने, जनवरी में आयोजित साधारण सभा की बैठक में विधायक इंद्राज गुर्जर व उपखंड अधिकारी द्वारा दिए गए आश्वासनों की पूर्ति जो अभी तक नहीं हुई है उन्हें पूर्ण करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर वार्ड पार्षदों में काफी नाराजगी व्याप्त है। वार्ड पार्षदों का आरोप है कि पावटा प्रागपुरा नगर पालिका में मनमानी की जा रही है। वार्ड पार्षदों का कहना है कि बोर्ड की बैठक हर महिने बुलाने के लिए विधायक इंद्राज गुर्जर व पूर्व उपखंड अधिकारी राजवीर सिंह द्वारा निर्देशित किया गया था। लेकिन ईओ मनीषा यादव ने इस पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया। नगरपालिका में कानून का पालन नहीं किया जा रहा है। इस दौरान वार्ड पार्षद विजय गुप्ता, राकेश मीणा, श्याम सिंह, लोकेश शर्मा, सोहनलाल, मिंटू शर्मा, संजय सेन, सलोनी देवी, महेंद्र, विसबर, गीता देवी, प्रतिनिधि कैलाश, प्रतिनिधि मनीष निमोरिया, प्रतिनिधि विक्की सोनी, प्रतिनिधि ताराचंद, प्रतिनिधि ओमप्रकाश सूबेदार, प्रतिनिधि गुल्लाराम, प्रतिनिधि भवानी शंकर, प्रतिनिधि साविल खान, पार्षद कुंदन स्वामी सहित वार्ड पार्षद मौजूद रहे।

- बिना सूचित किये महंगाई राहत कैंप का आयोजन पार्षदों की अनदेखी का प्रमाण



पार्षदों ने नगरपालिका ईओ मनीषा यादव से मिलकर ज्ञापन सौंपा।

## सफाई कर्मचारियों ने हड़ताल की

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** वाल्मीकि समाज के सफाई कर्मियों ने नगर पालिका में सफाई कर्मी के पद पर स्थाई नौकरी दिए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन एसडीएम गंगाधर मीणा को सौंपा। ज्ञापन में वाल्मीकि समाज के सफाई कर्मियों ने लिखा है जब तक मांग पूरी नहीं हो जाती है तब तक वह हड़ताल पर रहेंगे। मुख्यमंत्री के नाम लिखे गए ज्ञापन में वाल्मीकि समाज की गीता संतोष चांदनी नीलम पूजा लक्ष्मी बसंती राम भाई राजेश हरिराम विनोद गीता संजय मोहन जीतू दीपक आदि सफाई कर्मियों ने 2015 में गठन हुए नगर पालिका के दौरान सपना संजोया की नगर पालिका में स्थाई सफाई कर्मियों को नौकरी मिलेगी। लेकिन 2023 तक हम कर्मचारियों को नौकरी नहीं मिल सकी हैं जबकि किशनगढ़ बास नगर पालिका में सो सैड डेढ़ सौ व्यक्ति ठेकेदारी के द्वारा सफाई का काम में लगे हैं। हमारी मांग है विभाग की ओर से जो 176 निकायों में भर्ती निकाली है उसे 200 निकायों में निकाला जाए तथा 13184 पदों पर जारी की गई विज्ञिप्त को 30,000 किया जाकर बाल्मीकि समाज के लोगों की भर्ती की जाए। पत्र में सफाई कर्मियों ने लिखा है कि नगरपालिका में गैर बाल्मीकि सफाई कर्मचारी की नियुक्ति की हुई है। जो सफाई का कार्य नहीं कर बाबू का काम देख रहे हैं।

# जयपुर में गुर्जर हुंकार महारैली 25 जून को

**कोटपूतली, (निसं)।** गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति, पथिक सेना सहित गुर्जर समाज के सभी सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 25 जून 2023 को राजधानी जयपुर के मानसरोवर स्थित वी.टी. ग्राउण्ड में विशाल गुर्जर हुंकार महारैली का आयोजन किया जायेगा।

- गुर्जर रेजीमेन्ट व एमबीसी आरक्षण को संविधान की 9 वीं अनुसूची में डलवाने की हुंकार भरेगा गुर्जर समाज
- गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुखिया गुर्जर ने पत्रकार वर्ता के दौरान किया ऐलान

महारैली की तैयारियों को लेकर संघर्ष समिति एवं पथिक सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुखिया गुर्जर ने मंगलवार को यहां के निजी होटल में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए तैयारियों की समीक्षा की। वहीं पत्रकारों से वार्ता करते हुए मुखिया गुर्जर ने कहा कि महारैली में पूरे राजस्थान का गुर्जर समाज केन्द्र की मोदी सरकार के 9 वर्षों एवं राज्य की गहलोत सरकार के 4.5 वर्षों के कार्यकाल की समीक्षा करेगा। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना में गुर्जर रेजीमेन्ट के गठन सहित एमबीसी आरक्षण को संविधान की 9 वीं अनुसूची में डलवाने, रीट 2018 के 372 व 2021 के 233 एमबीसी अभ्यर्थियों को समझौते के तहत नियुक्ति दिलवाने, गुर्जर आरक्षण आन्दोलन के दौरान गुर्जर पर लगे मुकदमों को विभिन्न समझौतों के तहत वापस लिए जाने सहित19 सुत्रीय मांगों को लेकर गुर्जर महारैली में जुटेंगे। मुखिया गुर्जर ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने गुर्जर समाज की उपेक्षा व अवहेलना की है, वहीं मुख्यमंत्री गहलोत के नेतृत्व वाली राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने समय-समय पर गुर्जरों को अपमानित कर अन्याय व धोखा किया है। इसका भी गहन चिन्तन महारैली में किया जायेगा। इस दौरान समिति के महामंत्री हरिश पायला, बच्छराज गुर्जर समेत कृष्ण लोमोड़, अमरसिंह कसाना, इन्द्राज कसाना व पप्पु सहित अन्य लोग मौजूद थे।



गुर्जर समाज के प्रतिनिधियों ने पत्रकारों से वार्ता की।




*पैराग्वे के एक कानून में दो संशोधनों के बाद वहां के संरक्षित क्षेत्र का हिस्सा, मैडानोस डैल चाको नैशनल पार्क ''सार्वजनिक स्थान'' के रुप में नामजद हो जाएगा, जिसके बाद सरकार को उस हाइड्रोकार्बन इण्डस्ट्री में निवेश की छूट मिल जाएगी, जिसे कई वर्ष पहले इस क्षेत्र से निकाला गया था। इसके साथ ही क्षेत्र में खनन व नैचुरल गैस के लिए ड्रिलिंग शुरू हो जाएगी, जबकि, व्यापक रूप से इस कदम का विरोध किया जा रहा है, यह तर्क देकर कि, इस तरह के विकास से यहाँ का नाज़ुक सवाना इकोसिस्टम नष्ट हो जाएगा। ईको डवलपैंट नॉन प्रॉफिट संस्था, ऑल्टा वीडा की प्रोजैक्ट को ऑर्डिनेटर मॉनिका सैन्ट्रन ने कहा, ''ड्रिलिंग होगी, भारी शोषण होगा और अन्य कम्पनियों के लिए भी दरवाजा खुल जाएगा। ऐसा हुआ तो पार्क नष्ट हो जाएगा।'' देश के उत्तर पश्चिम का यह नैशनल पार्क 605,075 हैक्टेयर क्षेत्र में फैला है। यह नैशनल पार्क एक विशाल बायोस्फियर रिज़र्व का हिस्सा है, जिसमें अन्य संरक्षित क्षेत्र, जैसे डिफैन्सर्स डैल चाको नैशनल पार्क और बोलीविया का का-ईया नैशनल पार्क भी शामिल है। यह पार्क अपने अनूठे, शुष्क जंगल व सवाना इकोसिस्टम के कारण युनैस्को वर्ल्ड हैरिटेज स्टेटस के लिए भी विचाराधीन है। इस क्षेत्र की जैव विविधता भी बहुत ज्यादा है। यहां जाएंट आर्माडिलो, पैंटनल कैट और गुआनाको (लामा गुआनिकोई) जैसे जीव पाए जाते हैं। इसके अलावा यहाँ पर जलीय चट्टान परत येरुडा और मीठे पानी की टाइमनी नदी भी है। इस पार्क में 130 स्थानीय आदिवासी ग्वारानी नैन्दवा परिवार एवं एयोरेयो कबीले रहते हैं। ये सभी लोग यहाँ के फ्रैश वॉटर रिज़र्व्स पर निर्भर हैं, जो कि भविष्य में होने वाली ड्रिलिंग से जोखिम में पड़ सकते हैं। इस क्षेत्र में खनन के लिए कई नैचुरल गैस कम्पनियों के पास परमिट है पर 2016 में इन कम्पनियों को अपना काम बंद करना पड़ा था क्योंकि पार्क की सीमा का विस्तार हो गया था और उनका खनन क्षेत्र भी संरक्षित दायरे में आ गया था।*

# भरतपुर में आरक्षण आंदोलन स्थल के करीब एक आंदोलनकारी ने फांसी लगाकर जान दी

## आंदोलनकारियों ने सरकार से मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता व सरकारी नौकरी देने की मांग की

भरतपुर, 25 अप्रेल (निस)। जयपुर-आगरा नैशनल हाइवे पर चल रहे आरक्षण आंदोलन में उस वक्त नया मोड़ आ गया जब आंदोलन स्थल से कुछ दूरी पर ही एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली।

पुलिस ने मृतक के शव को जिला आर.बी.एम. अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। वहीं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस जाप्ता भी मोर्चरी में तैनात किया गया। बताया जा रहा है कि, वैर तहसील के गंधार गांव निवासी मोहन सिंह पुत्र परवाती ने आंदोलन स्थल से कुछ दूरी पर पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें लिखा है कि, ज्योतिराव फुले अमर रहे । 12 प्रतिशत आरक्षण लेकर रहेंगे। शव की सूचना मिलते ही मौके पर सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को जिला आर.बी.एम. अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

■ **ज्ञातव्य है कि, माली, सैनी, कुशवाह समाज के लोग 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर हाईवे पर प्रदर्शन कर रहे हैं।**

माली, सैनी, कुशवाह, शाक्य, मौर्य के समाज के लोग 12 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर 21 अप्रेल से धरने पर बैठे हैं। आंदोलनकारियों ने पिछले 5 दिनों से नैशनल हाइवे जाम कर रखा। हालांकि माली, सैनी, कुशवाह, शाक्य, मौर्य का प्रतिनिधिमंडल जयपुर गया है। जहां सरकार के साथ उनकी वार्ता अंतिम चरण में बताई जा रही है। माली, सैनी, कुशवाह, शाक्य, मौर्य के प्रतिनिधिमंडल ने लोगों से जाम खोलने एवं आंदोलन स्थल हाइवे से कुछ दूरी पर बनाने की अपील भी की थी।

लेकिन आंदोलनकारियों ने नेताओं की बात अभी तक नहीं मानी है। फिलहाल मृतक का शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखा हुआ है। लेकिन पोस्टमार्टम की कार्यवाही शुरू नहीं हो सकी है। आंदोलनकारियों ने बताया कि, प्रशासन के रवैये से समाज में नाराजगी है। आरक्षण के लिए उसने आत्महत्या कर ली। समाज को 12 परसेंट आरक्षण मिलना चाहिए। साथ ही मोहन के परिजनों को मुआवजा, बेटे को सरकारी नौकरी और मोहन को शहीद का दर्जा देने की मांग कर रहे हैं। मृतक के परिजनों ने बताया कि, मोहन सिंह 21 अप्रेल से ही धरना स्थल अरोदा में थे। सोमवार रात खाना खाने के लिए वे अपने घर गंधार गांव चले गए थे। मंगलवार सुबह 4 बजे वे घर से निकल आए और धरना स्थल से 500 मीटर की दूरी पर पेड़ से रस्सी का फंदा लगाकार जान दे दी। घर में मोहन अकेले कमाने वाले थे। उनके पिता परवाती सिंह का निधन हो चुका है। मंगलवार दोपहर 12 बजे फुले आरक्षण संघर्ष समिति के संयोजक मुरारी लाल सैनी की अगुवाई में सैनी समाज का एक प्रतिनिधि मंडल जयपुर स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंचा और सीएम अशोक गहलोत से मुलाकात की। समाज ने 12 परसेंट आरक्षण की मांग दोहराई। यहां दोपहर 3 बजे तक दो दौर की वार्ता हुई। सैनी ने बताया कि, सरकार ने संघर्ष समिति को लिखित मसौदा दिया है। सरकार ओ.बी.सी. आयोग को पत्र लिखकर समाज की जनसंख्या की गणना कर आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक स्थिति से अवगत कराएगी। 1 मई को प्रशासन के अधिकारियों से बात होगी। आंदोलन खत्म करने और हाईवे खोलने के सवाल पर सैनी ने कहा कि, सरकार की ओर से लिखित मसौदा भरतपुर स्थित धरना स्थल पर आंदोलन कर रहे साथियों को पढ़ कर सुनाएंगे। वे जो फैसला करेंगे, कमेटी वही मानेगी।

# मानहानि मामले में सजा के खिलाफ गुजरात हाई कोर्ट में राहुल गांधी ने याचिका दायर की

अहमदाबाद, 25 अप्रेल। 2019 में लोकसभा सभा चुनाव के दौरान मोदी सरनेम पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी का दिया गया एक बयान उनके लिए गले की हड्डी बन चुका है। इस बयान की वजह से उनकी लोकसभा सदस्यता रद्द हो गई।

साल 2005 से जिस सरकारी आवास में रह रहे थे, वह खाली करना पड़ा। गुजरात की एक निचली अदालत उन्हें इस मामले में दो साल की सजा सुनाई, जिसे सूरत सेशन कोर्ट ने भी कायम रखा। अब इसके बाद राहुल गांधी ने गुजरात हाईकोर्ट का रुख किया है।

जानकारी के अनुसार राहुल गांधी ने मोदी सरनेम मामले में मिली सजा पर रोक के लिए गुजरात हाईकोर्ट का रुख किया है।

मंगलवार को उन्होंने हाईकोर्ट में निचली अदालत के आदेश को चुनौती

■ **इस केस के कारण ही राहुल गांधी को संसद की सदस्यता तथा 2005 से प्राप्त सरकारी आवास दोनों खोने पड़े हैं।**

दी है। वहीं इससे पहले 20 अप्रैल को सूरत सेशन कोर्ट ने उनकी सजा को बरकरार रखा था। 2019 में राहुल गांधी ने मोदी सरनेम को लेकर अपने भाषण में टिप्पणी की थी जिसे लेकर मानहानि का मुकदमा दायर किया गया था। इसी केस में निचली अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने और सजा मिलने के बाद राहुल गांधी की संसद की सदस्यता रद्द कर दी गई थी।

दरअसल, 23 मार्च को सूरत की एक अदालत ने बीजेपी विधायक पूर्णेश मोदी द्वारा दायर आपराधिक मानहानि के मामले में राहुल गांधी को दोषी करार दिया था और दो साल के कारावास की सजा सुनाई थी।

इस फैसले के एक दिन बाद उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य करार दिया गया। राहुल ने निचली अदालत के आदेश के खिलाफ तीन अप्रैल को सत्र अदालत का रुख किया था।

## रणनीतिज्ञों...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

इस मौके पर, कर्नाटक के ए.आई.सी.सी. प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला, पूर्व मंत्री एच.सी. महादेवप्पा, विधायक यतीन्द्र सिद्धारमैया आदि उपस्थित थे। प्रियंका मैसूर और चामराजनगर जिलों में भी चुनाव प्रचार करेंगी।

# कांग्रेस ने 'पी.एम. केअर्स फंड'' पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की

नई दिल्ली, 25 अप्रैल (वार्ता)। कांग्रेस ने पी.एम. केयर्स फंड को हर स्तर पर मोदी सरकार की निराधार पहल करार देते हुए कहा है कि इसमें पारदर्शिता और जवाबदेही का अभाव है इसलिए इस बारे में श्वेत पत्र जारी किया जाना चाहिए।

कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस निधि में बड़े स्तर पर पैसा आ रहा है और खर्च हो रहा है लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि देश में इतने बड़े स्तर पर इस निधि से पैसे का आय-व्यय हो रहा है लेकिन इसका न कोई कानूनी आधार है और न इस बारे में विधायिका की कोई अधिसूचना है।

उन्होंने कहा कि पी.एम. फंड या प्रादेशिक फंड सब सूचना के अधिकार के तहत होते हैं लेकिन इसको लेकर इस तरह का कोई कानून नहीं है। इसमें 5900 करोड़ रुपए की रकम सरकारी कंपनियों तथा मिनी रत्न और नवरत्न कंपनियों से आई है लेकिन सरकार

■ **कांग्रेस के प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने घोटाले की आशंका जताते हुये कहा, इस निधि में बहुत बड़े स्तर पर पैसा आ रहा है और खर्च हो रहा है, लेकिन इसका कोई हिसाब-किताब सार्वजनिक नहीं किया जा रहा है।**

■ **कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि, पी.एम. फंड या प्रादेशिक फंड सब राइट टू इन्फोर्मेशन (आर.टी.ई.) के तहत होते आते हैं, लेकिन ''पी.एम. केअर्स फंड'' के मामले में ऐसा नहीं है। इसको लेकर इस तरह का कोई कानून नहीं है।**

कहती है कि इसके लिए कोई बजटीय व्यवस्था नहीं है। पी.एम. केयर्स में 60 प्रतिशत ओ.एन.जी.सी., एन.टी. पी. सी., आई.ओ.सी. के साथ ही सरकार द्वारा संचालित फर्मों से आता है इसलिए इसको लेकर जवाबदेही तथा पारदर्शिता आवश्यक है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि सरकार इस बारे में जवाब देगी और श्वेत पत्र जारी करेगी। पी.एम. केयर्स को ज़बरदस्ती, अराजकता, भ्रम और भ्रष्टाचार करार देते हुए कांग्रेस प्रवक्ता ने कई सवाल उठाए और कहा कि सरकार हर महीने वेबसाइट पर पी.एम. केयर फंड का पूरा खर्चा, प्राप्त राशि, दानदाता का नाम शेयर क्यों नहीं करती है। कैग को रिपोर्ट क्यों नहीं दी जाती है और पारदर्शिता के लिए आर.टी.आई. में रिपोर्ट क्यों नहीं की जाती है। पार्टी ने यह भी पूछा कि किसी अधिनियम के तहत इस बारे में कोई अधिसूचना जारी क्यों नहीं की गयी है और सरकार इसे कानून का रूप क्यों नहीं देती है।



*शिरोमणी अकाली दल के नेता प्रकाश सिंह बादल का मंगलवार को निधन हो गया। उन्होंने 95 साल की उम्र में आखिरी सांस ली। तबीयत बिगड़ने के कारण उन्हें एक हफ्ते पहले हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। पंजाब की राजनीति के पितामह प्रकाश सिंह बादल पांच बार मुख्यमंत्री रहे। 27 मार्च 1970 को जब वे पहली बार मु.मंत्री बने तब उनकी उम्र 42 साल थी। सबसे ज्यादा पांच बार मुख्यमंत्री रहने का रिकॉर्ड भी उन्हीं के नाम है। उनके निधन पर दो दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है।*

## मुसलमानों का ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

था। सरकार के इस कदम को सर्वोच्च न्याायलय में चुनौती दी गई थी और अदालत ने इस केस का फैसला होने तक, इस आदेश के क्रियान्वयन पर स्टे लगा दिया था।

तथापि, इस आदेश पर मिला स्टे भाजपा को और उसके प्रतिद्वंदियों को इस प्रकरण का उल्लेख करने से तो नहीं रोकता और यह तो तय शुदा बात है ही कि, भाजपा ने इस मुद्दे पर चर्चाओं और बहस को ऐसा रूप दिया है कि यह एक चुनावी मुद्दा बन जाए।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने आज एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''अगर गलती से कांग्रेस सत्ता में आ गई तो भ्रष्टाचार अब तक के सर्वोच्च बिन्दु पर पहुंच जायेगा तथा ''तुष्टीकरण'' शुरू हो जायेगा।''

मुख्यमंत्री वासवराज बोम्मई ने सरकार की कार्यवाही का बचाव करते हुए कहा कि, इस कार्यवाही से मुस्लिमों के प्रति अन्याय नहीं हुआ क्योंकि आरक्षण के लिये उन्हें ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी में जोड़ा गया है।

कर्नाटक सरकार के निर्णय पर घोर आपत्ति जताते हुये, के.पी.सी.सी. अध्यक्ष डी.के. शिव कुमार ने भी वादा कर दिया कि, अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो मुसलमानों का यह आरक्षण फिर से बहाल कर दिया जायेगा।

शिव कुमार ने कहा, ''वे (सरकार) यह सोचते हैं कि, आरक्षण का बंटवारा सम्पत्ति की तरह किया जा सकता है। यह सम्पत्ति नहीं है। यह (अल्पसंख्यकों) का अधिकार है।''

अन्य कांग्रेस नेताओं, जैसे ए.आई.सी.सी. महासचिव तथा कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, ने भी मंगलवार को कहा कि, भाजपा ने ''कर्नाटक की जनता को धोखा दिया है।'' उन्होंने मीडिया कर्मियों से कहा कि ''भाजपा की बोम्मई सरकार के ''आरक्षण के फर्जीवाड़े'' की कलई एक बार फिर सर्वोच्च न्यायालय में खुल गई है।'' उन्होंने मांग की कि ''प्रधानमंत्री मोदी तथा मुख्यमंत्री बोम्मई जवाब दें कि, उन्होंने वोकलिग, लिंगायत तथा एस.सी./एस.टी. के लोगों के साथ छल क्यों किया क्योंकि भाजपा सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में अपने निर्णय का कोई बचाव नहीं किया।''

## कुछ हिचकिचाहट के बाद अखिलेश ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

हिस्सा मिलना ही चाहिये, लेकिन जहाँ अन्य क्षेत्रीय दल मजबूत हैं, वहाँ कांग्रेस को उन्हें रास्ता देना ही चाहिये। यही एकमात्र ऐसा रास्ता है, जिस पर विपक्षी गठबंधन काम कर सकता है तथा अन्ततः प्रभावी रहेगा।''

इस बी.आर.एस. नेता ने आगे कहा कि, पार्टी 2024 के लिये नरेन्द्र मोदी बनाम राहुल गांधी चर्चा को लेकर सहज नहीं है। विपक्ष इस विकल्प पर निश्चित रूप से हारेगा। 2019 में इसका परीक्षण हो चुका है। विपक्ष में और भी लोग हैं, जैसे- (बिहार के मुख्यमंत्री) नीतीश कुमार तथा (बंगाल की मुख्यमंत्री) ममता बनर्जी, जिन्होंने प्रशासन का ट्रैक-रिकॉर्ड बनाया है। राहुल गांधी की उपलब्धि क्या है? वे तो अपनी पार्टी के अधिकृत नेता भी नहीं हैं। और न उनमें इतना साहस है कि वे स्वयं को प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी घोषित कर सकें।''

एक अन्य नेता ने 2020 के बिहार विधानसभा चुनावों का उदाहरण देते हुये समझाया कि, विपक्षी एकता का आकार-प्रकार क्षेत्रीय समीकरणों को ध्यान में रख कर किया जाना चाहिये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि, ''कांग्रेस ने राष्ट्रीय जनता दल (आर.जे.डी.) से काफी सीटें झटक लीं और अन्त में ''उसे चोट पहुँचाई, जब वह अपने हिस्से की अधिकतर सीटें जीतने में विफल रही।''

सूत्रों ने कहा कि, बी.आर.एस. ''सार्थक'' गठबंधन पर विशेष जोर देती है तथा विपक्ष को एकजुट करने के लिये काम करेगी। सूत्रों ने कहा कि, अगले कुछ महीनों में विभिन्न दलों के बीच होने वाली चर्चाओं के दौरान बहुत सारी चीजें अंतिम रूप ले लेंगी। हाल ही की दिल्ली यात्रा के बाद, जिसमें नीतीश ने विभिन्न दलों, जिनमें कांग्रेस भी शामिल थी, के नेताओं के साथ मीटिंग की थी, बिहार के मुख्यमंत्री ने कहा था कि, वे बी.आर.एस. सहित विपक्षी गठबंधन बनाने के लिये अन्य क्षेत्रीय दलों से बात करेंगे। के.सी.आर. के इस नजदीकी नेता ने जोर देते हुए कहा कि, उनकी पार्टी की प्राथमिकता इस वर्ष के अंत में होने वाले ''विधानसभा चुनाव'' हैं। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस का सितारा चमकेगा कि नहीं, इसके लिए मध्य प्रदेश, राजस्थान तथा कर्नाटक के विधानसभा चुनावों पर नजर रखी जायेगी। ''इनके परिणाम बातचीत की पृष्ठभूमि का काम करेंगे।''

आम जनता की नजर में, कांग्रेस और बी.आर.एस. कट्टर दुश्मन बने हुये हैं। गत वर्ष अक्टूबर में, राहुल ने टी.आर. एस. का नाम बदलकर बी.आर.एस. किये जाने की हंसी उड़ाई थी तथा कहा था कि, के.सी.आर. अगर चाहें, तो अपनी पार्टी को ''अन्तर्राष्ट्रीय'' कहने के लिये भी स्वतंत्र हैं। बी.आर.एस. ने भी इस पर पलटवार किया था, जिसके अंतर्गत, के.सी.आर. के पुत्र तथा राज्य के मंत्री के तारक रामाराव या के.टी.आर. ने कहा था कि ''प्रधानमंत्री बनने की इच्छा रखने वाले'' पहले अमेठी से तो जीत लें (जो उनकी पारिवारिक सीट है तथा जहां से गत चुनाव में राहुल, स्मृति ईरानी से हार गये थे)।

बी.आर.एस. ने कहा कि, ''हमें भाजपा का झूठ उजागर करना है, हमें जनता को सच बताना है। हमें लोगों को यह बताना है कि भाजपा अपने किए गए सभी वादों पर वास्तव में विफल हुई है। हमें यह उजागर करना है कि, चीन सीमा पर किसकी राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ समझौता किया गया।''

पार्टी सूत्रों ने बताया कि, पार्टी भाजपा की संगठनात्मक शक्ति और सोशल मीडिया पर उसके होल्ड को देखते हुए, अपने सामने भाजपा की चुनौती से वाकिफ है और उसे बदलने की कोशिश कर रही है। 13 मई को कर्नाटक विधानसभा के चुनाव परिणाम घोषित होंगे, उसके बाद कॉमन मिनिमम प्रोग्राम और सीट शेयरिंग जैसे एकजुटता के कार्य शुरू किए जाएंगे, विपक्ष की एकता की वार्ताएं तभी गति पकड़ेंगी। इस राह में कई समस्याएं हैं। एक नेता ने कहा कि, ये मतभेद बड़े नहीं हैं और कुशल बातचीत के जरिए इन्हें दूर किया जा सकता है।

## क्या आनंद...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

दिया था। उस वक्त, नीतीश कुमार की पार्टी जे.डी. (यू), भाजपा की गठबंधन सहयोगी थी और प्रकट रूप से मुख्यमंत्री, राज्य के कुल 4 प्रतिशत राजपूत वोट बैंक के समर्थन को लेकर सुनिश्चित थे। लेकिन अब परिदृश्य बदल गया है, ऊंची जातियों में नीतीश कुमार का सपोर्ट बेस घटता नज़र आ रहा है। असउद्दीन ओवैसी की ए.आई.एम.आई.एम. जैसी पार्टियों के राज्य में प्रवेश करने के साथ ही मुस्लिम, ओ.बी.सी. और महादलित वोटर्स पर नीतीश कुमार की पकड़ भी कमजोर पड़ रही है। कोरी जाति के नेता उपेन्द्र कुशवाहा ने जब हाल ही में जे.डी. (यू) छोड़ने और अपनी स्वयं की पार्टी गठित करने की घोषणा की थी, तब कुमार के कुर्मी-कोरी जातिगत प्रबंधन को भी एक झटका लगा था। कुमार कुर्मी जाति से हैं और इस बात की पूरी संभावना है कि, कुशवाहा वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पूर्व भाजपा से जुड़ जाएंगे।

आनंद मोहन सिंह की रिहाई को, राजपूत व ऊंची जातियों के वोटर्स पर थोड़ी पकड़ बनाए रखने और भाजपा के प्रभाव वाले निर्वाचन क्षेत्रों में अपना जनाधार बनाने की एक रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। आनंद मोहन राजपूत हैं और बिहार में राजनीतिक महत्व रखने वाले मिथिलांचल क्षेत्र में उनका गहरा प्रभाव है।

## 'दिव्यांगों को ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

मांगे गए। याचिका में कहा गया कि, राजस्थान दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2018 के तहत दिव्यांग श्रेणी के अभ्यर्थियों को भर्ती में चार फीसदी आरक्षण का लाभ दिया जाता है। ऐसे में इस भर्ती में बीस पद दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रखे जाने चाहिए थे। इसके बावजूद कर्मचारी चयन बोर्ड ने सिर्फ पांच पद ही दिव्यांगों के लिए आरक्षित रखे। याचिका में कहा गया कि, दिव्यांगों के लिए चार फीसदी पद आरक्षित रखने का विधिक प्रावधान होने के बावजूद बोर्ड ने कानून की उपेक्षा कर तय पदों के मुकाबले केवल एक चौथाई पद ही दिव्यांगों के लिए आरक्षित रखे। जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

## मादक पदार्थ ...

**( प्रथम पृष्ठ का शेष )**

है। मादक पदार्थो की आसानी से उपलब्धता के चलते युवा वर्ग में इसके सेवन का प्रचलन बढ़ा है और उसके दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। इसके चलते युवाओं का विकास भी अवरुद्ध हो रहा है। इसके अलावा राज्य सरकार की ओर से भी नशा मुक्ति केन्द्र और एन्टी ड्रग्स चौकियां खोलकर मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में ड्रग सप्लाई करने वालों के प्रति नरमी का रुख नहीं अपनाया जा सकता। इसके अलावा अभियुक्त बजरंग को पूर्व में भी मादक पदार्थ तस्करी के मामले में सात साल की सजा सुनाई गई थी। ऐसे में उसने वापस अपराध को दोहराया है। इसलिए उसे अधिक दंड दिया जा रहा है।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक उमाशंकर खंडेलवाल ने अदालत को बताया कि, 18 दिसंबर, 2017 को करधनी थानाधिकारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि, दो लड़के प्लास्टिक के कट्टों में अवैध गांजा भरकर बेनाड रोड से सरना रीको एरिया में सप्लाई करने जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने सरना चौकी चौराहे पर दोनों अभियुक्तों को रोककर तलाशी ली। इस दौरान बजरंग के कब्जे से 9 किलो सात सौ ग्राम और अहसान खान से 9 किलो पांच सौ ग्राम गांजा मिला।

वहीं अभियुक्तों की ओर से कहा गया कि, उन्हें मामले में फंसाया गया है और अभियोजन पक्ष की साक्ष्य से उनके खिलाफ आरोप संदेह से परे साबित नहीं होता है। वहीं पुलिस ने कार्रवाई के दौरान एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों की पालना भी नहीं की है। ऐसे में उन्हें रिहा किया जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों अभियुक्तों को सजा सुनाई है।

# गलवान की झड़प के बाद पहली बार मिलेंगे चीन और भारत के रक्षा मंत्री

## चीन के रक्षा मंत्री ली शांगफू 27 अप्रैल को भारत आयेंगे

नई दिल्ली, 25 अप्रेल। चीन ने मंगलवार को कहा कि, रक्षा मंत्री जनरल ली शांगफू 27 अप्रैल से शंघाई कॉरपोरेशन ऑर्गनाइजेशन (एस.सी.ओ.) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए इस सप्ताह भारत का दौरा करेंगे। दौरे के दौरान ली की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ वार्ता होने की उम्मीद है।

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के करीबी सहयोगी माने जाने वाले जनरल ली की भारत यात्रा को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यह मई 2020 से पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन की सेनाओं के मध्य तनावपूर्ण गतिरोध के बीच हो रही है।

चीन के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, आमंत्रण पर चीनी स्टेट काउंसलर और रक्षा मंत्री जनरल ली शांगफू 27-28 अप्रैल से नई दिल्ली में शंघाई सहयोग संगठन (एस.सी.ओ.) के सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों की परिषद् की बैठक में भाग लेंगे। बयान में कहा गया, ''बैठक के दौरान, जनरल ली सम्मेलन को संबोधित करेंगे और अन्तर्राष्ट्रीय तथा क्षेत्रीय हालात के साथ-साथ रक्षा और सुरक्षा सहयोग के मुद्दों पर संवाद करने एवं विचारों का आदान-प्रदान करने के लिए संबंधित देशों के प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों से मिलेंगे।''

जनरल ली के रक्षा मंत्री सिंह के साथ द्विपक्षीय बैठक करने और गतिरोध

■ **ली शांगफू 27 अप्रैल से शंघाई कॉरपोरेशन ऑर्गनाइजेशन (एस.सी.ओ.) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए इस सप्ताह भारत का दौरा करेंगे। दौरे के दौरान शांगफू की रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ वार्ता होने की उम्मीद है।**

को हल करने के लिए सैन्य तथा कूटनीतिक वार्ता की प्रगति पर चर्चा करने की संभावना है। जनरल ली के दौरे से पहले, चीनी रक्षा मंत्रालय ने 23 अप्रैल को चुशूल-मोल्दो सीमा स्थल पर आयोजित चीन-भारत कोर कमांडर स्तरीय बैठक के 18वें दौर के बारे में सकारात्मक बात की। चीन ने कहा है कि दोनों पक्ष सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति कायम करने के अलावा पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से जारी गतिरोध से संबंधित 'प्रासंगिक मुद्दों' के समाधान को ''तेज'' करने पर सहमत हुए हैं। रक्षा मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि प्रासंगिक मुद्दों पर दोनों पक्षों के बीच मैत्रीपूर्ण और स्पष्ट विचारों का आदान-प्रदान हुआ।

बयान में कहा गया है, 'दोनों देशों के नेताओं के मार्गदर्शन में और दोनों विदेश मंत्रियों के बीच बैठक की उपलब्धियों के आधार पर, दोनों पक्ष सैन्य और राजनयिक माध्यम से निकट संपर्क और संवाद बनाए रखने, चीन-भारत सीमा के पश्चिमी खंड पर प्रासंगिक मुद्दों के निपटारे में तेजी लाने, सीमाई इलाकों में अमन-चैन बनाए रखने पर सहमत हुए।'' चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने सोमवार को बीजिंग में मीडिया को बताया कि दोनों पक्षों ने प्रासंगिक मुद्दों के समाधान में तेजी लाने पर विचारों का गहन आदान-प्रदान किया। निंग ने कहा, 'दोनों देशों के नेताओं की महत्वपूर्ण आम समझ के अनुसार, दोनों पक्षों ने प्रासंगिक मुद्दों के समाधान में तेजी लाने पर विचारों का गहन आदान-प्रदान किया।''

विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि पश्चिमी क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एल.ए.सी.) के साथ 'प्रासंगिक' मुद्दों के समाधान पर दोनों पक्षों ने 'स्पष्ट और गहन' चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'दोनों पक्ष करीबी संपर्क में रहने और सैन्य और राजनयिक चैनलों के माध्यम से बातचीत बनाए रखने और जल्द से जल्द शेष मुद्दों के पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान पर काम करने पर सहमत हुए।'

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908




Contact us at
1800-200-[6392]
1800-102-[NEXA]
www.nexaexperience.com
NOW YOU CAN ALSO BOOK ONLINE

**JAIPUR:** **NEXA QUEENS ROAD** (KP AUTOMOTIVES PH: 7230030501), **NEXA TONK ROAD** (PREM MOTORS PVT. LTD. PH: 8058499999), **NEXA AJMER ROAD** (VIPUL MOTORS PVT. LTD. PH: 9116032607), **NEXA MANSAROVAR** (AURIC MOTORS PH: 8929207442, 7075270752), **NEXA VKIA SIKAR ROAD** (SATNAM MOTOCORP PVT. LTD. PH: 9116639102), **AJMER:** **NEXA MAKHUPURA** (NAVNEET MOTORS PH: 9116116501, 9116116502), **ALWAR:** **NEXA MANHAR VILLA** (FORTUNE CARS PH: 7230029424), **BHIWADI:** **NEXA BHIWADI CENTRAL** (FORTUNE CARS PH: 9214794313), **BHILWARA:** **NEXA SUKHADIA CIRCLE** (CHAMPION CARS PH: 8081133333), **BIKANER:** **NEXA JAIPUR ROAD** (AURIC MOTORS PH: 7230081665), **JHUNJHUNU:** **NEXA JHUNJHUNU CENTRAL** (AURIC MOTORS PH: 7412087314), **JODHPUR:** **NEXA CHOPASNI ROAD** (LMJ SERVICES LTD. PH: 7230013811), **NEXA SHASTRI CIRCLE** (AURIC MOTORS PH: 8875012697), **PALI:** **NEXA PALI SUMERPUR ROAD** (LMJ SERVICES PVT. LTD. PH: 7230013801), **KOTA:** **NEXA AERODROME CIRCLE** (BHATIA & COMPANY PH: 9414079018), **JHALAWAR:** **NEXA JHALAWAR SOUTH** (BHATIA & COMPANY PH: 9116108619), **NAGAUR:** **NEXA BIKANER ROAD NAGAUR** (SHRI MANGALAM AUTO PVT. LTD. PH: 6399292929), **BHARATPUR:** **NEXA BHARATPUR CENTRAL** (TM MOTORS PVT. LTD. PH: 9785838888), **SIKAR:** **NEXA SIKAR JAIPUR ROAD** (JAMU AUTOMOBILES PVT. LTD. PH: 9694412777), **SRI GANGANAGAR:** **NEXA GANGANAGAR NORTH** (AURIC MOTORS PH: 7412092301), **UDAIPUR:** **NEXA GOVERDHAN VILAS** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250, 8306300695), **NEXA CENTRAL UDAIPUR** (NAVNEET MOTORS PH: 7665016580), **DAUSA:** **NEXA JAIPUR AGRA BYPASS DAUSA** (VIPUL MOTORS (P) LTD. PH: 9829560109), **CHITTORGARH:** **NEXA CHITTORGARH CENTRAL** (TECHNOY MOTORS PH: 9116007250).

SMART FINANCE
AN ONLINE END-TO-END CAR FINANCE SOLUTION
Scan to know more.
- Multiple financiers
- Digital Document Upload
- Live Loan status
- Complete transparency (associated fees & charges)

Creative visualization | Black glass on the vehicle is due to lighting effect | Features are variant specific | For details on functioning of safety features, including air bag, kindly refer to the Owner's Manual.